सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.0 न्यू | 28.0 अधि |
| धर्मशाला | 22.0 न्यू | 34.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,664 |
| निफ्टी | 23,898 |
| सोना | 1,51,479 |
| चांदी | 2,40,596 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 26 अप्रैल 2026 | 13 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 117, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केसीआर की बेटी के. कविता ने बनाई पार्टी

**एजेंसी, हैदराबाद।** प्रचंड गर्मी के बीच तेलंगाना की राजनीति में शनिवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला, जब पूर्व विधान पार्षद (एमएलसी) कलवकुंतला कविता ने नई राजनीतिक पार्टी तेलंगाना राष्ट्र सेना (टीआरएस) के गठन की घोषणा कर दी। इस फैसले को राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री और पूर्व में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की प्रमुख नेता रहीं के. कविता का पार्टी नेतृत्व के साथ लंबे समय से मतभेद चल रहा था। आंतरिक विवादों के चलते उन्हें जून 2025 में पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एमएलसी पद और बीआरएस की प्राथमिक सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया था। बीआरएस से अलग होने के सात महीने बाद कविता ने अपनी नई पार्टी के लिए वही नाम टीआरएस चुना है, जिसके साथ उनके पिता ने कभी तेलंगाना राज्य आंदोलन की शुरुआत की थी। (अनंत ज्ञान)

### अक्षय की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगने वाला काबू

**एजेंसी, मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बेटी से न्यूड तस्वीरें मांगने से जुड़े मामले में महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के एडीजीपी यशस्वी यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वे मुंबई के आरडी नेशनल कॉलेज में साइबर अवेयरनेस पर एक स्पेशल सेशन में बोल रहे थे। हालांकि, गिरफ्तारी कब हुई उन्होंने यह नहीं बताया। यादव ने बताया कि अक्षय की बेटी ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत अपने परिवार को इस बारे में बताया, जिसके बाद मामला साइबर पुलिस तक पहुंचा और कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में अक्षय कुमार का अक्तूबर 2025 का वीडियो भी चलाया गया, जिसमें उन्होंने इस घटना का जिक्र किया था। (अनंत ज्ञान)

### मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की कोलकाता में छापेमारी

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर सक्रियता बढ़ा दी है। उत्तर 24 परगना जिले के हाबड़ा इलाके में शनिवार सुबह से कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कई चावल कारोबारियों के घरों और परिसरों पर ईडी की टीम पहुंची। केंद्रीय बल के जवान भी अभियान में साथ रहे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई राशन घोटाला मामले से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर की जा रही है। बताया गया है कि शनिवार तड़के कोलकाता स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स से ईडी की कई टीमें रवाना हुई थीं। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को कारोबारियों के घरों के बाहर कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने के बाद लंबी प्रतीक्षा के पश्चात प्रवेश मिला और उसके बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे से पहले हिमाचल में सुरक्षा का कड़ा घेरा -पेज 2
- शादी के आधार पर बेटी को अनुकंपा नियुक्ति से वंचित करना गलत: -पेज 3
- धर्मशाला में उत्सव की तरह होगा आईपीएल का आयोजन: मनुज -पेज 5


# आईसीयू के लिए एक समान मानक लागू करें : सुप्रीम कोर्ट

## सभी राज्यों और यूटी को व्यावहारिक कार्ययोजना बनाने के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में गहन चिकित्सा इकाइयों (आईसीयू) की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बड़ा आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि आईसीयू के लिए तय न्यूनतम मानकों को लागू करने हेतु सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश व्यावहारिक और यथार्थवादी कार्ययोजना तैयार करें।



शीर्ष अदालत की पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति आर महादेवन शामिल थे, ने 20 अप्रैल के आदेश में कहा कि गहन देखभाल सेवाओं के संगठन और वितरण के लिए दिशानिर्देश तैयार कर ली गई हैं, जिन पर व्यापक सहमति है। अदालत ने कहा कि ये दिशानिर्देश व्यावहारिक, लागू करने योग्य और आईसीयू के लिए न्यूनतम आवश्यक मानक हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव या सचिव तत्काल विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं और इन दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें। अदालत ने कहा कि यह योजना जमीन पर लागू होने योग्य और वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। (अनंत ज्ञान)

### कहा- तुरंत शुरू होनी चाहिए पूरी प्रक्रिया

**शीर्ष** अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

### 18 मई को होगी अगली सुनवाई

**कोर्ट** ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भी निर्देश दिया गया है कि दिशानिर्देशों को औपचारिक रूप से एडवाइजरी के रूप में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी करे व मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करे। इस मामले की अगली सुनवाई 18 मई को तय की गई है।

# अनुबंध कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से ही मिलेंगे सभी लाभ

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अनुबंध कर्मचारियों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए सीनियोरिटी और सेवा शर्तों से संबंधित एक्ट को रद्द कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता और उन्हें नियुक्ति की तिथि से ही सभी लाभ दिए जाने चाहिए। यह फैसला उन हजारों कर्मचारियों के लिए राहत लेकर आया है, जो लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे थे।



◆ हाईकोर्ट ने सेवा शर्तों और सीनियोरिटी से जुड़ा एक्ट किया रद्द

दरअसल, सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में एक विधेयक पारित कर अनुबंध कर्मचारियों की सीनियोरिटी और सेवा शर्तों को पुनर्परिभाषित किया था। इस कानून में बैकडेट से मिलने वाले लाभों को सीमित कर दिया गया था, जिसे कर्मचारियों ने अदालत में चुनौती दी। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी तरह के प्रावधानों को लेकर न्यायालय ने आपत्ति जताई थी और मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा था, जहां से भी राज्य सरकार को राहत नहीं मिली थी। इसके बावजूद सरकार ने नया कानून लाकर स्थिति को स्पष्ट करने की कोशिश की, लेकिन एक बार फिर अदालत ने उसे खारिज कर दिया। इस फैसले के बाद कर्मचारी संगठनों में खुशी का माहौल है और इसे न्याय की जीत बताया जा रहा है। फैसले ने जहां कर्मचारियों को बड़ा संबल दिया है, वहीं राज्य सरकार के सामने अब नई कानूनी और प्रशासनिक चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। सरकार को अब सेवा नियमों को अधिक संतुलित और न्यायसंगत बनाते हुए नया रास्ता तलाशना होगा

### एक्ट को बताया असंवैधानिक

**न्यायमूर्ति** विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति रोमेश वर्मा की खंडपीठ ने इस एक्ट को असंवैधानिक मानते हुए खारिज कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अलग-अलग समय पर नियमित हुए कर्मचारियों के साथ समानता का सिद्धांत लागू होना चाहिए। चूंकि अनुबंध अवधि अलग-अलग होने के कारण कर्मचारियों में भ्रम और असमानता पैदा हो रही थी, इसलिए सरकार का यह प्रावधान न्यायसंगत नहीं माना गया। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों को उनकी नियुक्ति की मूल तिथि से सीनियोरिटी और अन्य सेवा लाभ प्रदान किए जाएं।

# तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी कदम उठा रही सरकार : मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में 76.07 करोड़ का प्रावधान किया जाना तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि यह निवेश केवल आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह प्रदेश के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट के माध्यम से विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिससे छात्रों को नवीनतम तकनीकी उपकरणों व व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ा जा सके।



इसके साथ ही पुस्तकालयों में उच्च स्तरीय पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी, ताकि विद्यार्थियों और शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री सहज रूप से मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पीएचडी स्तर पर शोध-मार्गदर्शन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि शोध कार्यों की गुणवत्ता में वृद्धि हो।

# सुक्खू सरकार ने नवीन तंवर को बनाया विशेष सचिव

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय सिविल सर्विसेज बोर्ड की सिफारिशों के आधार पर सार्वजनिक हित में लिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार आर. सेल्वम (आईएएस, 2001 बैच), जो अब तक वित्तीय आयुक्त (अपील) के पद पर तैनाती की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन्हें इस पद का कार्यभार सौंप दिया गया है। वहीं, कमलेश कुमार पंत (आईएएस, 1993 बैच) को इस जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। इसके अलावा नवीन तंवर (आईएएस, 2019 बैच), जो विशेष सचिव (वाईएसएस) के पद पर तैनाती की प्रतीक्षा में थे, उन्हें अब सरकार में विशेष सचिव (वाईएसएस) नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। अधिसूचना 24 अप्रैल 2026 को शिमला से जारी की गई, जिसे मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से अनुमोदित किया गया है।


◆ दो आईएएस के किए तबादले

# अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर संकट

## तेहरान ने होमुर्ज में यूएस नाकेबंदी पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने खाड़ी क्षेत्र, खासकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में अपनी नाकेबंदी और समुद्री कार्रवाई जारी रखी, तो उसे निर्णायक जवाब दिया जाएगा। यह बयान ईरान के शीर्ष सैन्य कमांड खातम अल-अनबिया मुख्यालय की ओर से आया है।



ईरान ने कहा कि उसकी सेना पहले से ज्यादा मजबूत और तैयार है और वह अपनी संप्रभुता और हितों की रक्षा के लिए हर कदम उठाने को तैयार है। बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी नौसेना की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी नौसेना ने अब तक कई जहाजों को रोक या वापस भेजा है। हाल ही में एक अमेरिकी युद्धपोत ने एक ईरानी जहाज को भी रोका। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के लिए बेहद अहम रास्ता है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल का परिवहन होता है। ऐसे में यहां बढ़ता तनाव वैश्विक चिंता का कारण बन गया है। (अनंत ज्ञान)

### मुनीर से मिले अराघची, यूएस संग सीधी बातचीत से इनकार

**इस्लामाबाद।** ईरान की इस्लामिक रिपब्लिक एंबेसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असीम मुनीर से शिष्टाचार भेंट की। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिरता और चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा हुई। ईरान ने साफ किया है कि विदेश मंत्री अब्बास अराघची की इस्लामाबाद यात्रा के दौरान अमेरिका के साथ बातचीत की योजना फिलहाल नहीं है। ईरान ने कहा है कि इस यात्रा के दौरान ईरान-अमेरिका के बीच कोई सीधी बैठक तय नहीं है।

# ऊना में रिकॉर्ड 42.2 डिग्री तापमान

## हिमाचल प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अप्रैल के अंतिम सप्ताह के साथ ही गर्मी ने अपने तेवर तेज कर दिए हैं। मौसम केंद्र शिमला द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है।

शनिवार शाम साढ़े पांच बजे तक के रिकॉर्ड में ऊना प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह तापमान न केवल सामान्य से अधिक है, बल्कि इस सीजन में अब तक का सबसे ऊंचा स्तर भी माना जा रहा है।



मौसम विभाग के अनुसार शिमला, धर्मशाला, सुंदरनगर और कांगड़ा जैसे प्रमुख स्थानों में भी तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शिमला में तापमान 27.4 डिग्री, धर्मशाला में 33 डिग्री और सुंदरनगर में 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन क्षेत्रों में तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री तक अधिक रहा, जो साफ संकेत देता है कि प्रदेश में गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। हालांकि कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों जैसे कल्पा में हल्की वर्षा दर्ज की गई, जिससे वहां तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिली।

### 28 से तीन दिन तक कई जगहों पर बारिश एवं आंधी का अलर्ट

**27** अप्रैल को फिर से कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, 28, 29 और 30 अप्रैल को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इन तीन दिनों में कई जगहों पर बारिश, आंधी और बिजली गिरने की आशंका है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अप्रैल के आखिरी दिनों में मौसम बदलेगा और इससे तापमान में गिरावट आएगी। बारिश और आंधी के चलते लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। हीट वेव अलर्ट के बीच लोगों को दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# चार बच्चे पैदा करो, एक आरएसएस को दो: धीरेंद्र

**एजेंसी, नागपुर।** बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- 'आप चार बच्चे पैदा करो। उनमें से एक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को दे दो, ताकि वह दूसरों को बचाने के काम आए।' उन्होंने यह बात नागपुर में विश्व के पहले 'भारतदुर्गा मंदिर' के शिलान्यास समारोह में कही। इस मौके आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत भी मौजूद थे। शास्त्री ने कहा कि जब कहीं आपदा आती है, तो लोग जान बचाकर भागते हैं, लेकिन संघ के कार्यकर्ता वहां जाकर लोगों की जान बचाते हैं। नागपुर के कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बन रहा 'भारतदुर्गा मंदिर' लोगों को याद दिलाएगा कि भारत 'शास्त्र' और 'शस्त्र' दोनों से चलता है। यह 'माला और भाला' का संगम है। हमारे देवी-देवताओं के हाथों में भी शस्त्र हैं। अगर केवल बंसी बजाने से काम चलता, तो महाभारत का युद्ध कभी नहीं होता। (अनंत ज्ञान)



◆ कहा- बंसी बजाने से काम चलता तो महाभारत नहीं होता

# अंब-अंदौरा तक दौड़ेगी गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उत्तरी रेलवे ने नंगल डैम तक संचालित होने वाली गुरुमुखी सुपरफास्ट साप्ताहिक रेलगाड़ी का विस्तार अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन तक करने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर को भेजे पत्र में दी। इस विस्तार से बिहार और पश्चिम बंगाल के लिए सीधी रेल संपर्क व्यवस्था मिलने से उद्योगों, व्यापारियों और कर्मचारियों को भी लाभ होगा।

खासकर अंब, गगरेट, टाहलीवाल और मैहतपुर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत हजारों लोगों के लिए आवागमन सरल होगा। साथ ही श्री हरमंदिर साहिब पटना और गंगा सागर जैसे पवित्र तीर्थ स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रत्येक शनिवार प्रातः 6:10 बजे अंब-अंदौरा से प्रस्थान करेगी और ऊना होते हुए अपने निर्धारित समय पर आगे बढ़ेगी। वापसी में यह रेलगाड़ी कोलकाता से प्रत्येक वीरवार को रवाना होकर शुक्रवार सायंकाल अंब-अंदौरा पहुंचेगी। लगभग 1805 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रेल अब कुछ अधिक समय में गंतव्य तक पहुंचेगी और इसके ठहराव बढ़ाकर 14 किए जाएंगे।



◆ हर शनिवार सुबह अंब अंदौरा से चलेगी ट्रेन

## नारी शक्ति

### भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 100 से ज्यादा महिलाओं को मिलेगी जगह

# नितिन नबीन की टीम में होंगी 33% महिलाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की टीम में अब 33% महिला पदाधिकारी शामिल होंगी। यह फॉर्मूला संसदीय बोर्ड से लेकर सचिव स्तर तक लागू होगा। राज्यों में भी यही व्यवस्था अपनाई जाएगी। संगठन महासचिव की निगरानी में इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संसद में नारी वंदन विधेयक पास न होने के बाद भाजपा ने अन्य दलों को महिला विरोधी बताने का रुख अपनाया है। ऐसे में संगठन के भीतर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना जरूरी माना जा रहा है। फिलहाल संसदीय बोर्ड में सिर्फ एक महिला सदस्य है। महासचिव स्तर पर कोई महिला नहीं है, जबकि उपाध्यक्ष और सचिव पदों पर भी संख्या कम है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महिलाओं की हिस्सेदारी 10% से भी कम है। तय फॉर्मूले के मुताबिक, 12 सदस्यीय संसदीय बोर्ड में 4 महिलाएं होंगी। 7 महासचिव पदों में से 2, 12 उपाध्यक्ष पदों में से 4 और 11 राष्ट्रीय सचिव पदों में से 3 महिलाओं को दिए जाएंगे। पार्टी के एक सीनियर नेता के मुताबिक, इस बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 100 से ज्यादा महिलाओं को जगह मिलेगी। फिलहाल इसमें कुल 396 सदस्य हैं।



भाजपा के इस निर्णय से न केवल पार्टी के भीतर, बल्कि पूरे देश की राजनीति में एक नई दिशा मिलेगी। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से निश्चित रूप से भारतीय राजनीति में बदलाव आएगा, और महिलाएं निर्णायक भूमिका में आ सकती हैं। भाजपा में महिलाओं की 33% हिस्सेदारी का मुद्दा केवल एक चुनावी वादा नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव की ओर संकेत है। (अनंत ज्ञान)

### सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में बनी थी समिति

**वर्ष** 2007 में भाजपा अध्यक्ष रहते हुए राजनाथ सिंह ने संगठन में 33% महिलाओं को जगह देने के लिए सुषमा स्वराज की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। तब यह सवाल उठा था कि 33% हिस्सेदारी पदों के हिसाब से दी जाए या कुल पदाधिकारियों में महिलाओं की संख्या 33% रखी जाए।



# मणिपुर में प्रदर्शनकारियों-पुलिस में झड़प

## सीएम आवास घेरने निकले हजारों लोगों पर फेंके आंसू गैस के गोले

**एजेंसी, इंफाल**

मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को प्रदेश की राजधानी इंफाल में स्थायी शांति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच कर रहे हजारों प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। यह विरोध प्रदर्शन मैतेई संगठन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी के बैनर तले आयोजित किया गया था।

मणिपुर की अखंडता के लिए काम करने वाली सीओसीओएमआई के आह्वान पर हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। ये प्रदर्शनकारी शहर के विभिन्न हिस्सों से चार अलग-अलग रैलियों के रूप में मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ रहे थे। हालांकि, पुलिस और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने पहले ही बाबूपाड़ा स्थित मुख्यमंत्री आवास के चारों ओर सुरक्षा का कड़ा पहरा लगा रखा था। केसामपत जंक्शन, कांगला गेट, कोनुंग ममांग और मोइरांगखोंग जैसे प्रमुख स्थानों पर भारी बैरिकेडिंग की गई थी।





अधिकारियों के अनुसार, जब भीड़ ने इंफाल पूर्वी जिले के खुरई लामलोंग इलाके में बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। यह इलाका मुख्यमंत्री आवास से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। (अनंत ज्ञान)

### लोगों की मांगें

**प्रदर्शन** में शामिल लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे। उनकी प्रमुख मांगों में बिष्णुपुर जिले में हाल ही में हुए बम विस्फोट में मारे गए दो मासूम बच्चों के लिए न्याय की मांग शामिल थी। इसके अलावा, आंदोलनकारी मांग कर रहे हैं कि जातीय संघर्ष के कारण विस्थापित हुए हजारों लोगों का तत्काल पुनर्वास किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि 3 मई, 2023 से शुरू हुए संकट के बावजूद अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

## न्यूज ब्रीफ

### एचपीयू में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया में महत्वपूर्ण संशोधन करते हुए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। अब एंट्रेंस टेस्ट आधारित और मेरिट आधारित दोनों श्रेणियों के कोर्सेज के लिए अभ्यर्थी निर्धारित नई तिथि तक आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस निर्णय से प्रदेश भर के हजारों छात्रों को बड़ी राहत मिली है, जो विभिन्न कारणों से पहले तय समय सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर पाए थे। डीन ऑफ स्ट्डीज कार्यालय द्वारा 25 अप्रैल को जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यह निर्णय 8 अप्रैल 2026 को जारी पूर्व प्रवेश नोटिस के क्रम में लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र उम्मीदवारों को अवसर मिल सके। बढ़ाई गई समय-सीमा एंट्रेंस टेस्ट के साथ-साथ मेरिट आधारित कोर्सेज पर भी समान रूप से लागू होगी, जिनमें एफवाईआईसीटीएम और बीएचएम जैसे प्रमुख पाठ्यक्रम शामिल हैं। हर वर्ष इन कोर्सेज में बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं, ऐसे में तिथि विस्तार से उन अभ्यर्थियों को विशेष लाभ मिलेगा जो तकनीकी या अन्य कारणों से आवेदन नहीं कर पाए थे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि में बदलाव के अलावा प्रवेश प्रक्रिया से जुड़े अन्य सभी नियम, पात्रता शर्तें और चयन मानदंड पूर्ववत ही लागू रहेंगे, जिनमें किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### मंडी की इशा ने 'काली घघरी' से जीता दर्शकों का दिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के गौथिक हॉल में शनिवार को देवभूमि हम कला मंच के तत्वावधान में हिमाचली लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने अपनी लोक कला का मनमोहक प्रदर्शन किया, जिससे सभागार लोक संगीत की सुरमयी गूंज से भर उठा। प्रतियोगिता के दौरान मंडी क्षेत्र की प्रतिभागी इशा ठाकुर ने पारंपरिक लोकगीत 'काली घघरी' की प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के चेयरमैन देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक ने अपनी प्रस्तुति से हिमाचली संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत किया। आयोजन ने न केवल युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि प्रदेश की लोक विरासत को सहेजने और आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे से पहले हिमाचल में सुरक्षा का कड़ा घेरा

## पुलिस मुख्यालय में उच्च स्तरीय ब्रीफिंग, दिए स्पष्ट निर्देश

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** गर्मियों के मौसम में जब राज्य में पर्यटकों की आवाजाही तेज हो जाती है, उसी बीच देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रस्तावित दौरा सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती और जिम्मेदारी बनकर सामने आया है। बढ़ती भीड़ और व्यस्त पर्यटन सीजन को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित हिमाचल दौरे को लेकर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है। 27 अप्रैल से 2 मई तक होने वाले इस छह दिवसीय दौरे को देखते हुए हिमाचल प्रदेश पुलिस ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। शिमला सहित सभी प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है, ताकि दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की चूक की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। शिमला स्थित पुलिस मुख्यालय में तैनात पुलिस बल के लिए विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत रूपरेखा साझा की। पुलिस अधीक्षक शिमला और उप महानिरीक्षक, दक्षिणी परिक्षेत्र ने संयुक्त रूप से अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दौरा केवल सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि प्रदेश पुलिस की पेशेवर क्षमता दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर है। हर अधिकारी को पूरी जिम्मेदारी और सजगता के साथ अपनी भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग में सबसे अधिक जोर शून्य त्रुटि दृष्टिकोण पर दिया गया। अधिकारियों ने साफ कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही हर अधिकारी को संभावित परिस्थितियों का पूर्व आकलन कर तैयार रहने और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं सटीक प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया।

दौरे को सफल बनाने के लिए विभिन्न इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय और संचार को अहम माना गया है। पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिए कि हर स्तर पर सूचना का आदान-प्रदान तेज और प्रभावी होना चाहिए, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। आधुनिक संचार तंत्र और नियंत्रण कक्षों को भी पूरी तरह सक्रिय रखा गया है, जिससे हर गतिविधि पर नजर बनी रहे।

### शिमला से लाहौल स्पीति तक सुरक्षा का सख्त पहरा

**राष्ट्रपति** के कार्यक्रम के तहत शिमला, पालमपुर, अटल टनल (रोहतांग) और लाहौल-स्पीति जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ हर गतिविधि की निगरानी बढ़ा दी गई है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने भरोसा जताया है कि यह दौरा पूरी तरह सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सफल रहेगा तथा प्रदेश पुलिस अपनी दक्षता और अनुशासन का बेहतरीन उदाहरण पेश करेगी।

# रामपुर कॉलेज में रेशम कीट पालन प्रशिक्षण



स्टूडेंट्स को रेशम कीट का प्रशिक्षण देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग में विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि जारी है। 27 मार्च को डॉ. जितेंद्र साहनी द्वारा दत्तनगर से छोटे-छोटे रेशम के कीट लाए गए थे, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को रेशम उत्पादन एवं पालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। रेशम कीटों को लाने के बाद से ही उनकी निरंतर देखभाल की जा रही है।

भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर (पी जी) विद्यार्थियों द्वारा इन कीटों के रख-रखाव का कार्य जिम्मेदारीपूर्वक किया जा रहा है। विद्यार्थी नियमित रूप से उनके भोजन, तापमान एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रख रहे हैं, जिससे कीटों का स्वस्थ विकास सुनिश्चित हो सके। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त हो रहा है, जो उनके शैक्षणिक और व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# बालना कॉलेज का एमएड परिणाम शत-प्रतिशत प्रीति चौहान प्रथम, स्मृति सिंह द्वितीय स्थान पर

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड एवं डिग्री कॉलेज, बालना (नोगली) में एमएड द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया, जिसमें संस्थान का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यह संस्थान के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। इस उत्कृष्ट परिणाम में संस्थान की छात्रा प्रीति चौहान ने 77.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि छात्रा स्मृति सिंह ने 76.6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं ने 70% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। इस सराहनीय उपलब्धि पर संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी तथा संस्थान के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को उनके समर्पण, मार्गदर्शन और अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि संस्थान में शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचा उठाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जो शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग के सामूहिक सहयोग से ही संभव हो पाया है। उन्होंने इस सफलता को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार शर्मा ने भी इस उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं तथा अध्यापक वर्ग को उनके निरंतर प्रयासों और समर्पण के लिए विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एमएड कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तथा शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण एवं विकास के अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि एमएड पाठ्यक्रम शिक्षकों को आवश्यक ज्ञान, कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं शैक्षिक प्रबंधन की दक्षता प्रदान करता है, जिससे वे अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम बनते हैं। संस्थान में वर्तमान में बीएड की 200 तथा एमएड की 50 सीटें उपलब्ध हैं। सर्वपल्ली राधाकृष्णन संस्थान हिमाचल प्रदेश के चुनिंदा संस्थानों में से एक है, जहां एमएड कोर्स संचालित किया जा रहा है। यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर है और भविष्य में भी इसी प्रकार के परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# एचआरटीसी बस में 5 किलो चरस समेत युवक दबोचा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला पुलिस ने सैंज चौक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-305 पर गश्त के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एचआरटीसी बस में सफर कर रहे एक युवक से 5 किलो 652 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस थाना कुमारसेन की टीम ने स्पेशल सेल शिमला के सहयोग से लुहरी सड़क पर नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान विश्वसनीय सूचना के आधार पर कुल्लू से बागा सराहन जा रही निगम बस को जांच के लिए रोका गया, जहां यह बरामदगी हुई।



तलाशी के दौरान संदिग्ध युवक की पहचान पंकज कुमार (30) पुत्र लेखराज, निवासी अपरदाह, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा के रूप में हुई। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके बैग से भारी मात्रा में चरस बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ जारी है।

इस संबंध में पुलिस थाना कुमारसेन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा और मामले की गहन जांच जारी है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इस तरह के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# कोटगढ़ की चेरी ने मचाया दिल्ली में तहलका

◆ सीजन के शुरुआत में ही एक किलो चेरी के भाव 2000 रुपए

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल के स्टोन फ्रूट सीजन की शुरुआत बेहद उत्साहजनक रही है, खासकर कोटगढ़ क्षेत्र की चेरी ने बाजार में तहलका मचा दिया है। शुरुआती दौर में ही चेरी के दामों ने बागवानों को बड़ी राहत दी है। आमतौर पर सीजन के शुरुआती दिनों में उत्पादन कम होता है, लेकिन इस बार कम मात्रा के बावजूद उच्च गुणवत्ता की वजह से फलों को शानदार भाव मिल रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक किलो चेरी का भाव करीब 2000 रुपए तक पहुंच गया, जो अपने आप में रिकॉर्ड स्तर माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली की फल मंडियों में कोटगढ़ की चेरी की मांग लगातार बढ़ रही है। अच्छी रंगत, स्वाद और आकार ने व्यापारियों को आकर्षित किया है, जिससे बागवानों को सीधा लाभ मिला है। शुरुआती खेप में भेजे गए बक्सों को भी बेहतरीन कीमत मिली है। बागवानों का कहना है कि मौसम की अनुकूलता और बेहतर प्रबंधन के चलते इस बार गुणवत्ता में खास सुधार देखने को मिला है, जिसका असर सीधे बाजार में दिख रहा है।

बागवानों का मानना है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा और उत्पादन धीरे-धीरे बढ़ता गया, तो इस साल चेरी सीजन बागवानों के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है। फिलहाल शुरुआती रुझानों ने ही उम्मीदों को नई उड़ान दे दी है और कोटगढ़ की चेरी एक बार फिर अपनी पहचान को मजबूती से स्थापित करती नजर आ रही है। इस शुरुआती सफलता ने बागवानों में नई उम्मीदें जगा दी हैं और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। अगर बाजार का यही रुख बना रहा तो आने वाले दिनों में चेरी उत्पादकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिल सकती है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# बेग फ्री-डे पर डुब्लु स्कूल में करवाईं विविध गतिविधियां

अनंत ज्ञान




सड़क सुरक्षा रैली निकालते स्टूडेंट्स। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** बेग फ्री-डे के अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुब्लु में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, परिश्रम तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता की अध्यक्षता में विद्यालय में चार सदनों का गठन किया गया, जिसमें स्नेहा को हेडगर्ल तथा युवराज को हेड ब्वॉय चुना गया। इसके अतिरिक्त कशिश, पायल, रोहित, स्नेहा, सुजल, काव्य, निखिल और योगिता को कैप्टन एवं वाइस कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को सदन प्रणाली के महत्व और उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसे प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर डुब्लु गांव के लिए रवाना किया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक व अन्य कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निपटान किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक संदीप ठाकुर, कपिल देव शर्मा, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, विनीता नरवाल, रमा कुमारी, अनीश चंदेल, गोपाल दत्त आदि उपस्थित रहे।

# हिमाचल में विकास की गति में आया ठहराव : प्रो. सिकंदर

## पंचायत चुनावों को लेकर संगठनात्मक बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** संगठनात्मक जिला महासू एवं मंडल जुबल-कोटखाई के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में प्रोफेसर सिकंदर कुमार ने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनावी हुंकार भरी। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया और प्रदेश की वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे प्रहार किए।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। साथ ही सामरिक और आधारभूत ढांचे के विकास में केंद्र द्वारा प्रदान की गई आर्थिक सहायता ने प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा दी है।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रो. सिकंदर कुमार। अनंत ज्ञान

प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि चुनावों से पूर्व किए गए बड़े-बड़े वादे अब 'गारंटी' के नाम पर महज छलावा बनकर रह गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं और प्रशासनिक अक्षमता के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। युवाओं के रोजगार से लेकर बागवानों के हितों तक, हर क्षेत्र में सरकार विफल साबित हुई है। बैठक में पंचायत चुनावों की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बीच स्पष्ट अंतर जनता के सामने रखेंगे।

### पंचायत स्तर पर अधूरी गारंटियों का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

**पंचायत** स्तर पर अधूरी गारंटियों की सच्चाई उजागर करने के साथ-साथ केंद्र द्वारा हिमाचल को दी गई विशेष सहायता और परियोजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अंत में मंडल और जिला स्तर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने एक स्वर में आगामी पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने का संकल्प दोहराया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# ट्हाई-नोहा एंबुलेंस सड़क निर्माण को एफआरए की मिली स्वीकृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुन्गा तहसील की पीरन पंचायत के गांव ट्हाई से बलोग पंचायत के नोहा तक एंबुलेंस सड़क निर्माण के लिए वन विभाग ने एफआरए के तहत स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह स्वीकृति मगलेड खड्ड से हरिजन बस्ती बड़ोगी होते हुए रेहटू धार तक दी गई है। कुसुम्पटी कांग्रेस मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं पीरन पंचायत के पूर्व प्रधान अत्तर सिंह ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए मंत्री द्वारा बजट का प्रावधान भी सुनिश्चित किया गया है। अत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि इस सड़क के बनने से ट्हाई और नोहा के बीच की दूरी घटकर मात्र पांच किलोमीटर रह जाएगी, जबकि वर्तमान में लोगों को वाया छलंडा-जनेडघाट होकर लगभग 45 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बलोग और पीरन पंचायत के लोगों के बीच आपसी रिश्तेदारियां होने के कारण आवागमन अधिक रहता है, जिससे यह सड़क क्षेत्र के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। यह मार्ग ट्हाई से रेहटू धार और डुब्लू होते हुए नोहा तक जुड़ेगा, जिससे दोनों पंचायतों के लोगों को सीधा और सुगम संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा।

**योजना** 55 करोड़ के बजट से वन संवर्धन को मिलेगा नया विस्तार

# आरजीवीएसवाई के तहत 4,000 हेक्टेयर भूमि पर होगा पौधरोपण

अनंत ज्ञान

◆ 15,000 महिलाओं को मिलेगा रोजगार

◆ सामुदायिक भागीदारी से हरित आवरण बढ़ाने का लक्ष्य

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण रोजगार सृजन को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को नई गति मिल रही है। राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 4,000 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिला समूहों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिससे न केवल हरित आवरण का विस्तार होगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

वन विभाग के अनुसार इस योजना में लगभग 1,100 सामुदायिक समूहों को जोड़ा जाएगा, जिनमें 60 प्रतिशत महिला समूह, 20 प्रतिशत युवा समूह और 20 प्रतिशत अन्य स्वयं सहायता समूह शामिल होंगे। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सरकार ने करीब 55 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया है। इससे पहले वर्ष में 300 महिला समूहों, 70 युवा समूहों और 75 अन्य समूहों ने 1,100 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण कर इस पहल की मजबूत नींव रखी थी।

इस योजना के माध्यम से लगभग 15,000 महिलाओं को सीधे रोजगार मिलने की संभावना है। प्रत्येक समूह को प्रति हेक्टेयर 1.20 लाख रुपए प्रदान किए जा रहे हैं और समूह 2 से 5 हेक्टेयर तक भूमि पर पौधरोपण कर सकते हैं। साथ ही पौधों की जीवित रहने की दर के आधार पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान भी किया गया है, जिसके तहत एक वर्ष बाद 50 प्रतिशत से अधिक पौधों के जीवित रहने पर प्रति दो हेक्टेयर एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### राज्य सरकार हरित आवरण को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध :सीएम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हरित आवरण को बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और इसी दिशा में हरे पेड़ों के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वनीकरण और पारिस्थितिक संतुलन को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध और स्थायी हरित प्रदेश का निर्माण संभव हो सकेगा।



# केएनएच से महिला रोग ओपीडी शिफ्ट करना महिला विरोधी निर्णय : जेएसए

◆ निर्णय वापस न हुआ तो होगा धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार द्वारा कमला नेहरू अस्पताल से प्रसूता एवं शिशु स्वास्थ्य तथा महिला रोग ओपीडी को आईजीएमसी शिफ्ट करने के निर्णय का जन स्वास्थ्य अभियान की राज्य इकाई ने कड़ा विरोध किया है। जेएसए के राज्य संयोजक सत्यवान पुंडीर ने इसे अव्यवहारिक और महिला विरोधी कदम बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो संगठन के सदस्य धरना-प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने सरकार के उस तर्क को भी हास्यास्पद बताया जिसमें आईजीएमसी में बेहतर सुविधाएं और आधुनिक उपकरण होने की बात कही गई है, जबकि केएनएच में उपकरण पुराने बताए जा रहे हैं। पुंडीर ने कहा कि यदि उपकरण पुराने हैं तो सरकार को उन्हें आधुनिक बनाना चाहिए, न कि संस्थान को ही कमजोर करना चाहिए।

पुंडीर ने कहा कि कमला नेहरू अस्पताल प्रदेश की महिलाओं के लिए एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, जहां हर महीने लगभग 10 हजार मरीज ओपीडी सेवाएं लेते हैं और दूरदराज क्षेत्रों से भी महिलाएं यहां उपचार के लिए पहुंचती हैं। ऐसे में ओपीडी को शिफ्ट करने से महिलाओं, गर्भवती माताओं और आम मरीजों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जेएसए ने सुझाव दिया कि जिन मरीजों को रोबोटिक सर्जरी जैसी विशेष सुविधाओं की आवश्यकता हो, उन्हें चिन्हित कर आईजीएमसी रेफर किया जा सकता है। साथ ही संगठन ने महिला समिति, कर्मचारियों और चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे विरोध का समर्थन करते हुए सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

# देहना व ठियोग में किसानों को वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने की दी सलाह

अनंत ज्ञान



किसानों को उर्वरक उपयोग की जानकारी देते वैज्ञानिक। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ग्राम पंचायत देहना, ठियोग में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के वैज्ञानिकों की टीम द्वारा संतुलित उर्वरक उपयोग पर एक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन के प्रति जागरूक करना तथा मिट्टी की उर्वरता और फसल उत्पादकता बढ़ाना रहा। विभिन्न कृषि विज्ञान क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और व्यावहारिक समाधान सुझाए। पंचायत प्रधान कंचन स्नैक ने टीम का स्वागत करते हुए इस पहल को किसानों के लिए उपयोगी बताया, वहीं बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

निर्देशक डॉ. ब्रजेश सिंह ने बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से न केवल मिट्टी की सेहत सुधरती है बल्कि उत्पादन में भी वृद्धि होती है। उन्होंने मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्वों के सही अनुपात बनाए रखने पर जोर दिया। डॉ. अनिल कुमार चौधरी ने रासायनिक, जैविक एवं जैव उर्वरकों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों को कम्पोस्ट और वर्मी कंपोस्ट अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आलोक कुमार ने एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को आवश्यक बताते हुए जैविक और रासायनिक स्रोतों के संतुलित उपयोग की सलाह दी, जबकि डॉ. दलामू और डॉ. अविनाश राय ने आलू की उपयुक्त किस्मों और आवश्यक पोषक तत्वों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर धर्मेंद्र गुप्ता, रीना वर्मा, सेनावती और विनोद स्नैक भी उपस्थित रहे। किसानों ने इस अभियान को ज्ञानवर्धक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की मांग की।

# हिमकेयर योजना में करोड़ों के घपले की जांच हुई तेज

अनंत ज्ञान

◆ विजिलेंस ने बनाई एसआईटी फर्जी बिलिंग और बढ़े-चढ़े दावों से सरकारी खजाने पर बड़ा बोझ

◆ प्रदेश समेत बाहरी राज्यों के 35 निजी अस्पताल जांच के घेरे में

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बहुचर्चित हिमकेयर योजना में कथित गड़बड़झाले की जांच अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। विजिलेंस ब्यूरो ने पूरे मामले की तह तक जाने के लिए आठ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। इस एसआईटी की अध्यक्षता आईजी बिमल गुप्ता कर रहे हैं, जबकि टीम में एएसपी नरवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल किए गए हैं। यह टीम योजना के तहत हुए भुगतान, अस्पतालों की भूमिका और बिलिंग प्रक्रिया की गहराई से पड़ताल करेगी, जिससे पूरे मामले की सच्चाई सामने लाई जा सके।

जानकारी के अनुसार, विजिलेंस ने सचिवालय स्थित स्वास्थ्य शाखा से हिमकेयर योजना के अंतर्गत किए गए ऑपरेशनों और मेडिकल बिलों का पूरा रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह घपला 110 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है। आरोप हैं कि कई अस्पतालों ने फर्जी या बढ़े-चढ़े बिल लगाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया। मार्च माह में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए विजिलेंस जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद अब जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

विजिलेंस के दायरे में प्रदेश के साथ-साथ बाहरी राज्यों के करीब 35 निजी अस्पताल भी शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि जहां सामान्य तौर पर 25 हजार रुपए में होने वाला हर्निया ऑपरेशन है, वहां एक लाख रुपए तक का बिल बनाया गया। कुछ मामलों में जरूरत से अधिक दवाइयां और उपकरण दर्शाकर खर्च बढ़ाया गया। हैरानी की बात यह है कि रिकॉर्ड में चार पुरुषों की बच्चेदानी के ऑपरेशन तक दिखाए गए हैं, जिससे घोटाले की गंभीरता और स्पष्ट हो जाती है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हिमाचल में रिटायर्ड कर्मचारियों को जल्द मिलेगी ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट

## सीएम सुक्खू के निर्देशों के बाद लागू हुआ फैसला, तत्काल प्रभाव से मिलेगा बकाया

अनंत ज्ञान

◆ एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 तक रिटायर कर्मचारियों को मिलेगा लाभ



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से अपने बकाया भुगतान का इंतजार कर रहे हजारों सेवानिवृत्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए अब राहत भरी खबर सामने आई है। कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट की शेष 30 प्रतिशत राशि जारी करने के आदेश देकर कर्मचारियों और उनके परिवारों को बड़ी राहत दी है। यह फैसला कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

दरअसल, प्रदेश के वे कर्मचारी जो 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए थे या सेवा के दौरान दिवंगत हो गए थे, लंबे समय से अपने बकाया भुगतान का इंतजार कर रहे थे। आर्थिक तंगी से जूझ रहे इन परिवारों के लिए यह निर्णय राहत का बड़ा आधार बनेगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सभी पात्र कर्मचारियों को यह भुगतान तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों के बाद लिया गया यह निर्णय प्रशासनिक स्तर पर भी तेजी से लागू किया जा रहा है। संबंधित पेंशन वितरक प्राधिकरणों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट से जुड़ा कोई भी बकाया लंबित न रखा जाए और सभी मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए।

बताया गया है कि इससे पहले भी अंतरिम राहत की चार किस्तों सहित महंगाई भत्ते की 12 किस्तों का भुगतान किया जा चुका है, जिन्हें पेंशन और पारिवारिक पेंशन के बकाया के साथ समायोजित किया गया है। अब शेष राशि जारी होने से कर्मचारियों को उनका पूरा वित्तीय हक मिल सकेगा।

### कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की दिशा में अहम कदम

**बहरहाल** कांग्रेस की सुक्खू सरकार के इस फैसले को कर्मचारियों के सम्मान व अधिकारों की दिशा में अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है। वर्षों से लंबित भुगतान मिलने से न केवल कर्मचारियों बल्कि उनके परिवारों में भी संतोष और भरोसे का माहौल बना है, वहीं सरकार ने यह संकेत भी दिया है कि भविष्य में कर्मचारियों से जुड़े लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।

# गोमा ने हिमाचल में खेलों के लिए केंद्रीय मंत्री मांडविया से मांगा विशेष पैकेज



केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में खेलों के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रदेश के खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात कर विशेष खेल पैकेज की मांग उठाई है। श्रीनगर में आयोजित चिंतन शिविर के दौरान हुई इस महत्वपूर्ण भेंट में राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल, नई योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और 'फिट इंडिया' जैसे अभियानों को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई।

बैठक के दौरान गोमा ने हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को खेल प्रतिभाओं के लिए अनुकूल बताते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के कारण खिलाड़ियों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि प्रदेश के लिए विशेष पैकेज प्रदान किया जाए, ताकि खेल बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जा सके और युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध हों।

इसके साथ ही उन्होंने किन्नौर, लाहौल-स्पीति और धर्मशाला में हाई-एल्टीट्यूड प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा। उनका कहना है कि ऐसे केंद्र बनने से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिल सकेगी और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभ्यास के जरिए उनकी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे न केवल हिमाचल बल्कि पूरे देश के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा और भारत वैश्विक खेल प्रतिस्पर्धाओं में और मजबूत बनकर उभरेगा।

# जन-केंद्रित प्रशासन से ही सशक्त होगा सुशासन : राज्यपाल

## ईमानदारी और समर्पण से निभाएं दायित्व, दूरदराज क्षेत्रों तक योजनाओं की प्रभावी पहुंच पर जोर

अनंत ज्ञान



लोक भवन में अधिकारियों से संवाद करते हुए राज्यपाल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने लोक भवन में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा बैच 2025 के 15 परिवीक्षाधीन अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि शासन का मूल आधार जन-केंद्रित प्रशासन होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी, समर्पण और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने स्पष्ट किया कि सिविल सेवकों की भूमिका सुशासन को मजबूत करने और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है।

उन्होंने विशेष रूप से दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता जताते हुए पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण को प्रशासन की आधारशिला बताया। राज्यपाल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 'परिपूर्ण दृष्टिकोण' अपनाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से बदलाव के संवाहक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि सक्रिय और उत्तरदायी प्रशासन ही नागरिकों के जीवन स्तर में वास्तविक सुधार ला सकता है।

राज्यपाल ने नवाचार, प्रौद्योगिकी-आधारित शासन और निरंतर क्षमता निर्माण के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इन साधनों से वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी समाधान संभव है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, जलवायु परिवर्तन और जैविक खेती जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी अपनी प्रतिबद्धता और दक्षता से प्रशासन में जनविश्वास को सुदृढ़ करते हुए राज्य के समावेशी और सतत विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# यमुना नदी से मिला नाबालिगा का शव

◆ 19 अप्रैल से लापता थी घर से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में अपने घर से 19 अप्रैल को लापता हुई एक 15 वर्षीय नाबालिगा की लाश शनिवार को पुलिस ने यमुना नदी से बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली स्वर्गधाम के नजदीक यमुना नदी के किनारे एक लड़की की लाश पड़ी है।

मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने लाश को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए पांवटा के सिविल अस्पताल भेजा। नाबालिगा की पहचाज 15 आस्था पुत्री वेदप्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 10, पांवटा साहिब के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल से घर से लापता थी । परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट पांवटा पुलिस स्टेशन में दर्ज की थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा होगा। जिले के एसपी एनएस नेगी ने पुष्टि करते हुए कहा कि यमुना नदी से 15 वर्षीय नाबालिगा की लाश रिकवर की गई है। लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई है। इस मामले हर पहलू को ध्यान में रख कर जांच होगी । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही जांच आगे बढ़ेगी।

# ब्लॉक अध्यक्ष संगठन की रीढ़, ईमानदारी और निष्ठा से करें कार्य : विनय कुमार

अनंत ज्ञान



राजीव भवन में बैठक के दौरान निर्देश देते विनय कुमार। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने ब्लॉक अध्यक्षों को संगठन की मजबूती की आधारशिला बताते हुए उन्हें अपने दायित्व पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर तीन माह में उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अध्यक्षों व पदाधिकारियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। राजीव भवन में आयोजित जिला शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर के ब्लॉक अध्यक्षों की पहली औपचारिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार और जनसंपर्क उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

विनय कुमार ने कहा कि पार्टी से किसी कारणवश दूर हो चुके कार्यकर्ताओं को पुनः जोड़ना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने और बीएलए की शीघ्र नियुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ानी होगी। उन्होंने नगर निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं को आगे लाकर उनकी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव (संगठन) विनोद जिंटा ने बैठक में अनुशासन और समय की पाबंदी को संगठन की सफलता का मूल मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों में पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और प्रत्येक पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों में पार्टी आधिकारिक प्रत्याशी घोषित नहीं करेगी, लेकिन पार्टी के साथ जुड़े समर्पित लोगों का समर्थन किया जाएगा।

# शादी के आधार पर बेटी को अनुकंपा नियुक्ति से वंचित करना गलत : हाईकोर्ट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में राज्य सरकार की उस नीति को अस्वीकार्य करार दिया है, जिसमें यह शर्त रखी गई थी कि नियुक्ति के समय यदि आवेदक बेटी की शादी हो चुकी हो तो उसे ज्वाइनिंग नहीं दी जाएगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसी शर्त न्यायसंगत नहीं है और इससे महिला अभ्यर्थियों के अधिकारों का हनन होता है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी की वैवाहिक स्थिति का आकलन आवेदन की तिथि के आधार पर किया जाना चाहिए, न कि नियुक्ति के समय की स्थिति से।

मामले में याचिकाकर्ता श्यामा कुमारी को उसके पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति दी जानी थी, लेकिन विभाग ने यह कहते हुए नियुक्ति निरस्त कर दी कि ज्वाइनिंग के समय वह विवाहित थी, जबकि आवेदन के समय उसने स्वयं को अविवाहित बताया था। अदालत ने पाया कि आवेदन और नियुक्ति के बीच समयांतराल के दौरान विवाह होना किसी अभ्यर्थी को अयोग्य ठहराने का आधार नहीं बन सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी पुत्री से यह अपेक्षा करना अनुचित है कि वह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने तक विवाह न करे।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता को 31 अगस्त 2022 के नियुक्ति पत्र के आधार पर सेवा में शामिल होने की तिथि से दैनिक वेतनभोगी चपरासी के रूप में नियुक्त माना जाए और उसे सभी परिणामी लाभ, जैसे मौद्रिक लाभ और वरिष्ठता, प्रदान किए जाएं। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि वर्तमान मामले में विभागीय निर्णय के कारण याचिकाकर्ता को अनावश्यक रूप से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, जिसे अब न्यायिक हस्तक्षेप से सुधारा जाना आवश्यक है।

# जल प्रबंधन में बदलाव जरूरी : अनुराग

## सम्मेलन में जल दक्षता, तकनीक और जनभागीदारी पर जोर

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** हमीरपुर से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में आयोजित चौथे विकासशील अर्थव्यवस्था सम्मेलन में जल प्रबंधन और सुशासन को लेकर व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि जिन सभ्यताओं ने जल का सही प्रबंधन नहीं किया, वे लंबे समय तक टिक नहीं सकीं।

अनुराग ने केंद्र सरकार की जल सुरक्षा पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के तहत 2019 में जहां केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक पाइप जल पहुंचता था, वहीं अब 15 करोड़ से अधिक परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। इसे उन्होंने जनस्वास्थ्य और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अब केवल जल संरक्षण पर्याप्त नहीं है, बल्कि जल दक्षता अपनाना भी जरूरी है, यानी पानी को कम नहीं, बल्कि समझदारी से उपयोग करना समय की मांग है।

उन्होंने रिवर्स ऑस्मोसिस सिस्टम के अनावश्यक उपयोग को जल की बर्बादी का उदाहरण बताया। उद्योग जगत से उन्होंने जल मीटरिंग, वर्षा जल संचयन, ग्रे वाटर पुनर्चक्रण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन में सफलता के लिए सरकार, उद्योग और समाज सभी की साझी भागीदारी जरूरी है।

# भाजपा महिला विरोधी, आरक्षण बिल पर कर रही राजनीति : धर्माणी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भाजपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल पहले ही पारित हो चुका था, ऐसे में उसे दोबारा लाना केवल राजनीतिक स्टंट था। उनका आरोप है कि जिन राज्यों में चुनाव हो रहे थे, वहां सहानुभूति बटोरने के उद्देश्य से भाजपा ने इस मुद्दे को फिर से उठाया।

धर्माणी ने कहा कि नए बिल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया था, जिसके चलते कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2023 में जब यह बिल आया था, तब कांग्रेस ने इसका समर्थन किया था, क्योंकि उस समय इसकी भावना समावेशी थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का इतिहास महिलाओं के प्रति संवेदनशील नहीं रहा है, जबकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायतीराज और नगर निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय कांग्रेस सरकार के समय ही लिया गया था, जिसने देश में महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी।

धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस आज भी महिलाओं को साथ लेकर आगे बढ़ने में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा केवल चुनावी लाभ के लिए इस तरह के मुद्दों का इस्तेमाल करती है।

# गणित शिक्षक भर्ती का परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने गणित के शिक्षकों के 312 पदों (पोस्ट कोड 26003) को फिक्स मानदेय के आधार पर भरने के लिए 26 मार्च को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण 493 उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 14 मई सुबह 10 बजे से आयोग के परिसर में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल अलग से अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी ई-मेल आईडी पर सूचित किया जाएगा। उन्हें अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी सेल्फ अटेस्टड फोटो प्रतियों के दो-दो सैट, आवेदन पत्र की डॉउनलोडड कॉपी और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे। सचिव ने बताया कि अगर कोई उम्मीदवार निर्धारित तिथि को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसे कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

**आकलन** हिमाचल में चौथी कक्षा के बच्चों की सीखने की असल तस्वीर आई सामने

# एनसीईआरटी ने 204 स्कूलों में किया फाउंडेशनल लर्निंग का वैज्ञानिक आकलन

अनंत ज्ञान

◆ साक्षरता और गणितीय दक्षता परखने के लिए टैबलेट आधारित पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई

◆ परिणामों के आधार पर शिक्षा नीतियों और शिक्षण पद्धतियों में होंगे बड़े सुधार




**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने के उद्देश्य से चौथी कक्षा के विद्यार्थियों के बुनियादी सीखने के स्तर का व्यापक और वैज्ञानिक आकलन किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा 24 और 25 अप्रैल को आयोजित फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी एफएलएस-2026 के तहत प्रदेश के 204 चयनित सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में सैंपल आधार पर यह अध्ययन किया गया। इस पहल से प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों की वास्तविक सीखने की स्थिति का स्पष्ट चित्र सामने आने की उम्मीद है।

इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य कक्षा तीन के अंत तक विकसित होने वाली फाउंडेशनल लिटरेसी और न्यूमेरसी क्षमताओं का मूल्यांकन करना रहा। इसके अंतर्गत उन विद्यार्थियों को शामिल किया गया, जो कक्षा तीन उत्तीर्ण कर वर्तमान में कक्षा चार में अध्ययनरत हैं। प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम 12 विद्यार्थियों को शामिल कर उनकी पढ़ने, लिखने और समझने की क्षमता के साथ-साथ गणितीय दक्षता का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। मौखिक भाषा, सुनकर समझना, शब्द पहचान, सही गति और समझ के साथ पढ़ना तथा लेखन कौशल के साथ-साथ गणित में जोड़, घटाव, गुणा, भाग, भिन्न, पैटर्न और डाटा समझने जैसे पहलुओं को परखा गया।

अध्ययन को पूरी तरह पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए इसे तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म पर संचालित किया गया। टैबलेट के माध्यम से डेटा संकलन किया गया और निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इस पूरी प्रक्रिया का समन्वय किया गया, जबकि एनसीईआरटी के प्रेक्षकों ने विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर निगरानी की। शिमला के लालपानी और टूटू क्षेत्र के स्कूलों में निरीक्षण के दौरान सभी मानकों के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण समग्र शिक्षा के विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से किया जाएगा, जिससे शिक्षा से जुड़े नीतिगत निर्णयों को अधिक सुदृढ़ और तथ्यपरक बनाया जा सके। अध्ययन के निष्कर्ष यह स्पष्ट करेंगे कि किन क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग की आवश्यकता है, जिससे लक्षित शैक्षिक हस्तक्षेप की योजना तैयार की जा सके और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम : डॉ. राजेश शर्मा

**समग्र** शिक्षा निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह अध्ययन प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसके परिणामों के आधार पर जहां भी सीखने के स्तर में कमी सामने आएगी, वहां प्रभावी और ठोस उपाय किए जाएंगे। इससे न केवल बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत होगी, बल्कि भविष्य की शिक्षा प्रणाली को भी नई मजबूती और दिशा मिलेगी।

# बिलासपुर नगर परिषद में भाजपा का बढ़ता दबदबा, 'किंगमेकर' बने निर्दलीय

## तीन कार्यकालों में बदले समीकरण, 2026 चुनाव फिर दिलचस्प

अनंत ज्ञान




◆ अध्यक्ष पद पर कई बदलाव

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर नगर परिषद की राजनीति पिछले तीन कार्यकालों में लगातार बदलते समीकरणों और सत्ता संघर्ष का केंद्र रही है। यहां भाजपा समर्थित खेमे का प्रभाव जरूर बढ़ा है, लेकिन हर बार सत्ता की असली चाबी निर्दलीय पार्षदों के हाथ में ही रही है। इसी वजह से 2026 के चुनाव को लेकर मुकाबला फिर से रोचक माना जा रहा है।

वर्तमान कार्यकाल (2021-2026) में शुरुआत कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष कमलेंद्र कश्यप के साथ हुई, लेकिन बाद में राजनीतिक अस्थिरता के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा। इसके बाद 2024 में कमल गौतम भाजपा की ओर से निर्विरोध अध्यक्ष बने। 2016-2021 के कार्यकाल में सोमा देवी के नेतृत्व में भाजपा समर्थित पार्षदों का वर्चस्व रहा और विकास कार्यों पर ध्यान दिया गया। वहीं, 2011-2016 का दौर भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीयों के संतुलन वाला रहा, जिसमें आशीष ढिल्लों अध्यक्ष रहे।

बिलासपुर में चुनाव पार्टी आधारित कम और व्यक्ति आधारित अधिक होते हैं। वार्ड स्तर पर उम्मीदवार की पकड़ और स्थानीय मुद्दे परिणाम तय करते हैं। यही कारण है कि निर्दलीय पार्षद हर बार 'किंगमेकर' बनते हैं। 2026 के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में हैं, लेकिन अंतिम नतीजा एक बार फिर निर्दलीयों और स्थानीय मुद्दों पर ही निर्भर करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पीरवड़ गांव में 51 लोगों का जांचा स्वास्थ्य




**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर टिपरी पंचायत के पीरवड़ गांव में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर का नेतृत्व एमओ डॉ. विजय जरियाल ने किया, जिसमें क्षेत्र के 51 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 26 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और विभिन्न बीमारियों जैसे हड्डी रोग, शुगर, बीपी, महिला रोग व सामान्य बीमारियों के मामले सामने आए। डॉक्टरों ने मरीजों को दवाइयां दीं और मलेरिया से बचाव, साफ-सफाई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

### पूजा के भजन 'पौणाहारीया' ने मचाई धूम

**अनंत ज्ञान, गरली।** कलाकार पूजा हिमाचली (ढलियारा) ने अपने पहले भजन 'पौणाहारीया' से भक्ति संगीत जगत में जबरदस्त कदम रखा है। रिलीज होते ही यह भजन सुपरहिट हो गया और अब जागरणों, कीर्तनों और धार्मिक आयोजनों में गूंज रहा है। पूजा की मधुर और भावपूर्ण आवाज ने श्रोताओं का दिल जीत लिया है। भजन का संगीत यश रंगोट ने दिया है, जबकि वीडियो निर्देशन विक्की नरयाल ने किया। शूटिंग ढलियारा और बैजनाथ के मंदिरों में की गई, जिससे हिमाचली संस्कृति की सुंदर झलक मिलती है। भजन में नीरज हिमाचली, पूजा और अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है।

# टैक्सी-ट्रक और ऑटो ऑपरेटरों की समस्याओं के प्रति सरकार गंभीर

## पठानिया बोले- जल्द होगा समाधान, 15 वर्ष के परमिट, जीपीएस सहित अन्य समस्याओं पर हो रहा विचार-विमर्श

अनंत ज्ञान



टैक्सी, ट्रक व ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को फॉरेस्ट रेस्ट हाउस कजलोट (धर्मशाला) में टैक्सी, टिप्पर, ट्रक एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक में जानकारी दी कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू टैक्सी, बस, ट्रक एवं ऑटो ऑपरेटर्स की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं और शीघ्र ही उनका समाधान किया जाएगा।

पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तथा यूनियन पदाधिकारियों के साथ जल्द ही विस्तृत बातचीत कर सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि एटीएस के साथ-साथ अन्य लंबित समस्याओं के समाधान के लिए भी उचित और व्यवहारिक प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष के परमिट, जीपीएस संबंधी समस्याओं तथा धर्मकोट व अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में ट्रांसपोर्टरों को आ रही दिक्कतों के दृष्टिगत विचार-विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वाहनों की फिटनेस जांच के लिए एटीएस व्यवस्था अनिवार्य किए जाने से प्रदेश में कई व्यावहारिक दिक्कतें सामने आई हैं। इन समस्याओं को देखते हुए राज्य सरकार ऑपरेटर्स के हितों की रक्षा के लिए समुचित कदम उठाएगी।

पठानिया ने कहा कि सरकार संवाद और समन्वय के माध्यम से सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगी, ताकि परिवहन क्षेत्र से जुड़े हजारों लोगों को राहत मिल सके।

### लंज में सीएचसी के निर्माणाधीन भवन का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को लंज में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन का निर्माण निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। इन उपकरणों से क्षेत्रीय लोगों को स्थानीय स्तर पर जरूरी लैब टेस्ट की सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के बाद विधायक ने लंज कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया।

# जिलास्तरीय ओपन आर्ट स्पर्धा में बाल कलाकारों का शानदार प्रदर्शन



नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जिलास्तरीय ओपन आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कांगड़ा जिले के 25 से अधिक स्कूलों के सैकड़ों बाल कलाकारों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसके साथ ही विभिन्न विद्यालयों से ऑनलाइन प्रविष्टियां भी प्राप्त की गईं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता को पांच आयु समूहों (ए से ई) में विभाजित किया गया था। नन्हे बच्चों ने फूल, गुब्बारे और प्रकृति के दृश्य बनाए, जबकि वरिष्ठ विद्यार्थियों ने ग्लोबल वार्मिंग, विश्व शांति और मां और बच्चा जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी कला प्रस्तुत की। अभिभावकों के लिए कैप्शन कॉन्टेस्ट और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और सबसे रचनात्मक प्रविष्टियों के लिए विशेष पुरस्कार भी निर्धारित किए गए। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी प्रतिभागियों और अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पठानकोट में महिला से बिजली बिल अपडेट के नाम पर 80 हजार की ठगी

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में एक महिला को बिजली बिल अपडेट करने का झांसा देकर ठगों ने 80 हजार रुपए की ठगी कर ली। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे व्हाट्सएप कॉल के जरिए सूचित किया गया कि उसका बिजली बिल अपडेट किया जाएगा और इसके लिए एक लिंक भेजा गया। जैसे ही महिला ने लिंक पर क्लिक किया, उसका फोन हैक हो गया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाती, उसके बैंक खाते से 80 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए।

महिला ने जब मोबाइल पर पैसे निकलने के मैसेज देखे, तो उसे ठगी का अहसास हुआ। शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और व्हाट्सऐप नंबर को ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। महिला ने बताया कि अज्ञात नंबर से फोन आने के बाद लिंक भेजा गया और उसके बैंक अकाउंट से पैसे निकल गए। साइबर क्राइम पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

पिछले पांच वर्षों में साइबर क्राइम थाना में ऑनलाइन और ऑफलाइन ठगी के कई मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें लोग फर्जी वेबसाइट्स और जाली ऐप्स पर क्लिक करके 'दोगुना मुनाफा' कमाने के चक्कर में लाखों रुपये गंवा चुके हैं। एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि साइबर ठगी के शिकार होने वालों में आमतौर पर सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में ठगी के नए तरीके सामने आए हैं, जैसे शादी के इनविटेशन वीडियो या गुड मॉर्निंग वीडियो के नाम पर लोगों के फोन हैक हो जाते हैं। एसएसपी ने लोगों से सावधान रहने और अनजान लिंक पर क्लिक न करने की अपील की। बैंकिंग के लिए ऑफिशियल ऐप और वेबसाइट ही इस्तेमाल करें। फोन में स्क्रीन लॉक और ऐप लॉक जरूर लगाएं।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शामली व रिद्धिमा प्रथम



अनंत ज्ञान

**डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीर सलुही में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार डोगरा ने की। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के उच्च वर्ग में शामली व रिद्धिमा ने प्रथम स्थान, ईशा और एंजेल दीक्षित ने द्वितीय, तथा अंशिका धीमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा में नव्या बंसल प्रथम, अर्जुन रनौत द्वितीय और अनमोल चरित तृतीय स्थान पर रहे।

क्विज प्रतियोगिता में हिमालय हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज मास्टर राजीव भारद्वाज ने छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। जीव विज्ञान प्रवक्ता राकेश भाटिया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

### परागपुर में खुले तहसील कल्याण कार्यालय

**अनंत ज्ञान, प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर तहसील की पंचायतों के निवासियों को कल्याण विभाग से जुड़े कार्यों के लिए रक्कड़ और देहरा कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। हालांकि विभाग ने अधिकांश पेंशन आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया है, फिर भी तकनीकी त्रुटियों या दस्तावेज सत्यापन के लिए ग्रामीणों को दफ्तर जाना पड़ता है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से परागपुर में तहसील कल्याण अधिकारी का पद सृजित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे उन्हें दो तहसीलों की दौड़ से राहत मिलेगी और पूछताछ तथा ऑफलाइन कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। राजिंदर, सुमित, संजय, दिनेश, नीरज, अमित, अजय, रीना, सरिता, सुमन, तृप्ता और पवन जैसे स्थानीय निवासियों ने इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

# इतिहास को सुधारने की कमियों को ठीक करने में लग रहा समय : डॉ. चेतराम

अनंत ज्ञान



शौर्य व संघर्ष की गाथा, कटोच वंश और कांगड़ा के इतिहास पर संगोष्ठी आयोजित।

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले 60-70 वर्षों में इतिहास के सुधारने का कार्य अपेक्षाकृत धीमा रहा है, लेकिन अब इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात ठाकुर राम सिंह शोध संस्थान नेरी के निदेशक डॉ. चेत राम गर्ग ने धर्मशाला में कही।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में इतिहास को लेकर तीन धाराएं विकसित हुई हैं- कम्यूनिस्ट, विदेशी आक्रमणकारियों के दृष्टिकोण से लिखा गया इतिहास और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण। इन तीनों के बीच ऐतिहासिक तथ्यों को फिर से परखने की आवश्यकता है। संगोष्ठी का आयोजन धर्मशाला कॉलेज के टूयर एंड ट्रेवल और हिस्ट्री विभाग, धौलाधार विपाशा शोध धारा और इतिहास शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। डॉ. चेतराम ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में छह बोलियों पर काम चल रहा है, साथ ही राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक इतिहास पर भी शोध जारी है। उन्होंने कहा कि यह कार्य भारतीय इतिहास परिषद (आईसीएचआर) को सौंपने की योजना है। इसके साथ ही, नेरी शोध संस्थान ने पिछले 7-8 वर्षों में लोक इतिहास पर भी गहन कार्य किया है, जिसके बाद अब हिमाचल प्रदेश का वृहद इतिहास लिखा जा रहा है। कटोच वंश का इतिहास 8 से 9 हजार साल पुराना है और महाभारत काल तक इसके संदर्भ मिलते हैं। डॉ. गर्ग ने इस वंश के महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश से जुड़े संदर्भों का भी उल्लेख किया और कहा कि इसकी परंपरा अति प्राचीन है, जो मुलतान तक जाती है। संगोष्ठी में उठे विचारों और तथ्यों की डाक्यूमेंटेशन की जाएगी, जिसके लिए 15 दिनों का समय निर्धारित किया गया है। डॉ. चेतराम ने बताया कि इतिहास को लेकर युवाओं में जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन कई सामाजिक और करियर की बाधाओं के कारण युवा कई ऐतिहासिक तथ्यों से अनजान रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य कांगड़ा के सांस्कृतिक और सामाजिक इतिहास को उजागर करेगा, जिससे युवा गौरवान्वित महसूस करेंगे।

# आईपीएल : 29-30 अप्रैल व 5 मई को होगी मॉक एक्सरसाइज

## मैचों की सफल मेजबानी को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की तैयारियों की समीक्षा

अनंत ज्ञान



आईपीएल मैचों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करते डीसी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 11, 14 तथा 17 मई को आईपीएल के मैच खेले जाने प्रस्तावित हैं। मैच के दौरान किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में बेहतर तरीके से निपटने के लिए पूर्व तैयारी के तौर पर स्टेडियम के समीप 29, 30 अप्रैल और 5 मई को मॉक एक्सरसाइज की जाएंगी।

आईपीएल मैचों की सफल मेजबानी के लिए शनिवार को एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मैचों के सफल आयोजन करे लेकर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने मैच के आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कानून व सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम

उन्होंने पुलिस विभाग को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को धर्मशाला के आस-पास के क्षेत्र में मरम्मत योग्य सडक़ों का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। नगर निगम धर्मशाला के अधिकारियों को मैच के आयोजन के दौरान धर्मशाला शहर और क्रिकेट मैदान के आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के बेहतर प्रबंधन के निर्देश भी दिए।

### पार्किंग के लिए लगेंगे दिशासूचक बोर्ड

**उपायुक्त** ने कहा कि मैच के आयोजन के दौरान वाहनों की पार्किंग के दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए निकासी गेटों से पार्किंग स्थलों तक दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम में अग्नि संबंधी आपातकालीन प्रबंधों का निरीक्षण करने तथा आवश्यक अग्निशमन सेवाएं सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

### किसान और श्रमिकों के बच्चों को मिली नई उड़ान

# ओएनजीसी सुपर 30 कांगड़ा ने जेईई मेन्स में रचा इतिहास



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** किसानों व श्रमिकों के बच्चों को नई उड़ान मिली है, जिसमें उन्होंने आईआईटी की ओर सशक्त कदम बढ़ाया है। ओएनजीसी सुपर 30 सेंटर कांगड़ा (सीएसआरएल की एक इकाई) ने जेईई मेन्स 2026 में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किए हैं।

यह पहल 11 माह का पूर्णत: नि:शुल्क रेजिडेंशियल कोचिंग एवं मेंटरशिप कार्यकम है, जो आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों विशेषकर किसान व श्रमिक परिवारों के बच्चों को आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। इस साल 30 में से 29 छात्रों ने सफलतापूर्वक क्वालिफाई किया है, जो एक शानदार उपलब्धि है। टॉप परफॉर्म करने वालों में तन्मय वर्मा (99.62 परसेंटाइल), जसकरन (98.37), अंशुल शर्मा (97.98), जतिन ठाकुर (97.59), समक्ष जरयाल (97.58) और कई अन्य शामिल हैं, जिन्होंने 90 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। यह सफलता छात्रों की मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन का परिणाम है, जो यह सिद्ध करती है कि अवसर मिलने पर हर प्रतिभा ऊंचाइयों तक पहुंच सकती है।

# फुटबाल मैच: तलणू टीम ने सिद्धबाड़ी को 5-0 से हराया



अंडर-19 इंटर स्कूल टूर्नामेंट के तीसरे दिन तीन मैच खेले गए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस मैदान में चल रहे अखिल भारतीय शहीद दुर्गा मल दल बहादुर गोल्ड कप फुटबाल के तहत अंडर-19 इंटर स्कूल टूर्नामेंट के तीसरे दिन तीन मुकाबले करवाए गए। इनमें तलणू और खनियारा ने जीत दर्ज की, जबकि तीसरा मुकाबला ड्रा रहा। पहला मुकाबला आइएसपीएस तलणू और एपीएस सिद्धबाड़ी के बीच खेला गया। तलणू ने सिद्धबाड़ी को 5-0 से शिकस्त दी।

वहीं, दूसरे मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनियारा ने कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर को हराया। इस मुकाबले में खनियारा ने 3-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मुकाबला डीपीएस कांगड़ा और दयानंद पब्लिक स्कूल की टीम के बीच हुआ है। ये ये मैच ड्रा रहा। शुरूआती तीन दिनों में हुए विभिन्न मुकाबलों के बाद तलणू, दयानंद पब्लिक स्कूल, खनियारा और टीसीवी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। सेमीफाइनल मुकाबले दो मई को होंगे, जबकि फाइनल मुकाबला तीन मई को होगा। दो मई को सुबह दस बजे आइएसपीएस तलणू और दयानंद पब्लिक स्कूल के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खनियारा और टीसीवी के बीच होगा। इन दोनों मैचों की विजेता टीमें फाइनल में खिताब के लिए लड़ेंगी।

**स्पर्धा** एचपीयू आरसी में अंतर-विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, फाइनल में बिंदु बने मेन ऑफ द मैच

# लैंग्वेज विभाग बना क्रिकेट चैंपियन

अनंत ज्ञान



एमकॉम विभाग की टीम को 6 विकेट से हराकर जीता फाइनल मैच। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में आयोजित अंतर-विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न हो गया। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

सेमीफाइनल मुकाबले रहे रोमांचक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। पहला सेमीफाइनल लैंग्वेज विभाग और मैथ विभाग के बीच खेला गया, जबकि दूसरा सेमीफाइनल एमकॉम विभाग और इतिहास विभाग के बीच हुआ। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को और अधिक रोचक बना दिया।

फाइनल मुकाबला लैंग्वेज विभाग और एमकॉम विभाग के बीच खेला गया। इस मैच में लैंग्वेज विभाग ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में मैथ टीम ने 75 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे लैंग्वेज विभाग की टीम ने 6 विकेट रहते जीत लिया। टूर्नामेंट का समापन विश्वविद्यालय के निदेशक कुलदीप अत्री के कर कमलों से हुआ।

उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का भी सशक्त जरिया हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया गया, ताकि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के और अधिक अवसर मिल सकें।

### धर्मशाला कॉलेज में इंटर यूनिवर्सिटी कल्चरल फेस्ट विरासत 2026 का आयोजन

# इंटर यूनिवर्सिटी इवेंट से बच्चों को मिलता है मंच : प्रो. पठानिया

- **स्टेज पर आने से बढ़ता है बच्चों का आत्मविश्वास : प्रो. वेद प्रकाश**

अनंत ज्ञान



स्टूडेंट्स ने ग्रुप डांस, सिंगिंग से किया प्रतिभा का प्रदर्शन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज में शनिवार को इंटर यूनिवर्सिटी कल्चरल फेस्ट विरासत 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें श्री साई यूनिवर्सिटी पालमपुर के डीन अकेडमिक अफेयर्स और परीक्षा नियंत्रक प्रो. वेद प्रकाश पटियाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान विभिन्न यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स ने ग्रुप डांस, सिंगिंग, डिक्लामेशन, एड मैड शो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. राकेश पठानिया ने कहा कि कॉलेज का पहला प्रयास होने के चलते ज्यादा यूनिवर्सिटीज को नहीं बुलाया जा सका है। कल्चरल फेस्ट के माध्यम से स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच उपलब्ध करवाने की पहल की गई है, इस तरह के प्रयास भविष्य में भी किए जाएंगे।

मुख्यातिथि डॉ. वेद पटियाल ने कहा कि धर्मशाला कॉलेज प्रदेश का सबसे पुराना है। कई विभूतियां इस कॉलेज से निकली हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चे अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। स्टेज पर आकर बच्चे को आत्मश्विास महसूस करते हैं, वहीं आत्मविश्वास उन्हें आगे नौकरी व अन्य प्लेटफॉर्म पर काम आता है।

### ग्रुप डांस प्रतियोगिता में अरनी यूनिवर्सिटी प्रथम

**सांस्कृतिक** कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के परिणाम काफी रोचक रहे। ग्रुप डांस प्रतियोगिता में अरनी यूनिवर्सिटी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जीडीसी धर्मशाला दूसरे स्थान पर रही और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। गायन (सिंगिंग) प्रतियोगिता में धर्मशाला कॉलेज (एचपीयू) प्रथम रही, अर्नी यूनिवर्सिटी ने दूसरा स्थान हासिल किया और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय (जीडीसी धर्मशाला) तीसरे स्थान पर रही। डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में भी जीडीसी धर्मशाला (एचपीयू) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश दूसरे स्थान पर रही और हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह, एड-मैड शो में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, अर्नी यूनिवर्सिटी दूसरे स्थान पर रही और धर्मशाला कॉलेज (एचपीयू) तीसरे स्थान पर रही।

# कैदियों ने मेहनत से कर दिया कमाल, दस वेंचर्स से 1.42 करोड़ रुपए से अधिक कमाई

## कौशल निखार दस कार्यों को दे रहे अंजाम, दो साल पहले भी एक करोड़ से ज्यादा हुई थी कमाई

◆ रिहा होने के बाद कौशल से रोजगार कमा सकेंगे कैदी

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** लाला लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधार गृह धर्मशाला के कैदियों ने अपनी मेहनत से कमाल कर दिखाया है। जिला कारागार में संचालित विभिन्न दस वेंचर्स से कैदियों ने एक करोड़ 42 लाख 55 हजार रुपए की कमाई का नया रिकॉर्ड कायम किया है।

जेल में सजा काटते हुए कैदी प्रशिक्षण से अपने कौशल को निखारकर जिला कारागार की कमाई को बढ़ा रहे हैं। हालांकि दो साल पहले भी जिला कारागार का टर्न ओवर एक करोड़ से ऊपर गया था, जबकि 2024-25 में टर्नओवर एक करोड़ की राशि से 5 लाख रुपए कम रह गया था, लेकिन पिछले वित्तीय वर्ष में कैदियों की मेहनत रंग लाई है और कमाई का नया रिकॉर्ड कायम हुआ है। अपने कौशल से रिहा होने के बाद यही कैदी रोजगार कमाकर आजीविका चला सकेंगे। रिहा होने के बाद किसी न किसी कारोबार के माध्यम से रोजगार कमा सकें, इस ओर जेल प्रशासन कार्य कर रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं। जिला कारागार से रिहा होने के बाद कई कैदी फॉस्ट फूड, हथकरघा कारोबार, कारपेंटर, कार वॉशिंग का कार्य करके अपनी आजीविका कमा रहे हैं।

### दस वेंचर्स में काम कर रहे कैदी

**जिला** कारागार में कैदियों के माध्यम से विभिन्न 10 वेंचर चलाए जा रहे हैं, जिनमें कारपेंटर, पॉलीहाउस, नर्सरी, बेकरी, टेलरिंग, लांड्री, कार वॉशिंग, बैंबू कैंटीन शामिल हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में उक्त वेंचर्स से एक करोड़ 42 लाख 55 हजार रुपए की कमाई हुई है। दो साल पहले भी यह कमाई एक करोड़ से ऊपर गई थी, जबकि 2024-25 में एक करोड़ से वार्षिक आय 5 लाख रुपए कम रही थी, जबकि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक की कमाई में करीब 47 लाख रुपए का इजाफा हुआ है।

### 22.43 लाख से अधिक रहा डेयरी का टर्नओवर

**जेल** में कैदियों की ओर से संचालित डेयरी उद्योग ने इस वर्ष 22 लाख 43 हजार 128 रुपए का टर्नओवर दिया है। गोशाला की इस सफलता से जेल प्रशासन को करीब 6 लाख 50 हजार 398 रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। खास बात यह है कि यहां की गोशाला में हर महीने 350 किलो से अधिक दूध का उत्पादन हो रहा है।

### फर्नीचर रिपेयर का बढ़ रहा काम

**कारपेंटरी** का कार्य करने वाले कैदियों को अच्छा कार्य मिल रहा है। विभिन्न विभागों की ओर से फर्नीचर, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर रिपेयर के लिए जिला कारागार में भेजे जाते हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज अस्पताल टांडा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला कॉलेज और होमगार्ड से फर्नीचर रिपेयर का कार्य आता है। बेकरी, कार वॉशिंग, कैंटीन में अच्छा कार्य हो रहा है।

### बेकरी और कैंटीन की आय भी शानदार

**जिला** कारागार में संचालित बेकरी ने पिछले वित्तीय वर्ष में 45.86 लाख और कैंटीन ने 43.79 लाख रुपए का कारोबार किया है। इन दोनों वेंचर्स से जिला कारागार को लाखों रुपए का लाभ मिला है, जिससे जेल की कुल आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। कार वॉशिंग यूनिट से 8.34 लाख और सब्जी उत्पादन से 7.19 लाख रुपए की कमाई हुई है।



"**विभिन्न** दस वेंचर्स से कैदियों ने एक करोड़ 42 लाख 55 हजार रुपए की कमाई की है। जेल में सजा काटते हुए कैदी प्रशिक्षण से अपने कौशल को निखारकर जिला कारागार की कमाई को बढ़ा रहे हैं। हालांकि, दो साल पहले भी जिला कारागार का टर्न ओवर एक करोड़ रुपए से ऊपर गया था, जबकि 2024-25 में टर्नओवर एक करोड़ की राशि से 5 लाख रुपये कम रह गया था। जेल प्रशासन का प्रयास है कि जेल से बाहर निकलने के बाद कैदियों के पास रोजगार का हुनर हो, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में लौट सकें।

-विकास भटनागर, सुपरिंटेंडेंट, जिला कारागार धर्मशाला।

# पपरोला में बास्केटबाल खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 2 को

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला में वर्ष 2026-27 के लिए बास्केटबाल खेल छात्रावास के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 2 मई को सुबह 9:00 बजे आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य शुभकरण और कोच सुरेश कुमार ने बताया कि इस ट्रायल में 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनमें 13 से 16 वर्ष के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। शारीरिक मापदंड पूरे करने वाले 12 वर्ष आयु के खिलाड़ी भी ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। चयन के दौरान असाधारण ऊंचाई वाले खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, राष्ट्रीय सब-जूनियर और स्कूली स्तर पर विजेता, उपविजेता व तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को, भले ही वे शारीरिक मापदंड पूरे न करें, उनके प्रदर्शन के आधार पर चयन में वरीयता दी जाएगी। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना जरूरी है।

# बिक्रम ने कलोहा में कार्यकर्ताओं के साथ बनाई चुनावी रणनीति

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** परागपुर वार्ड से जिला परिषद प्रत्याशी डॉ. केशव के पक्ष में चुनावी माहौल गर्माने लगा है। इसी कड़ी में शनिवार को कलोहा में भाजपा कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक हुई, जिसमें चुनावी रणनीति को लेकर गहन मंथन किया गया।

बैठक में विधायक बिक्रम ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की और आगामी चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। विधायक बिक्रम ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भविष्य की चुनावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बूथ स्तर पर तैयारियों का जायजा लिया और चुनाव के लिए ठोस रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जन-जन तक पहुंचकर डॉ. केशव के समर्थन में माहौल बनाएं और सुशासन व जनसेवा के संकल्प को जनता के बीच लेकर जाएं। बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के संकल्प को आगे बढ़ाने का अटूट विश्वास जताया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे पूरी निष्ठा के साथ इस चुनावी रण में उतरेंगे और डॉ. केशव की जीत सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर भाजपा संगठनात्मक जिला देहरा के महामंत्री उपेंद्र धीमान, जसवां परागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष विनोद शर्मा, महामंत्री सुदेश कुमारी और प्रवक्ता रुपिंदर सिंह डैनी ने भी अपने विचार साझा किए। सभी पदाधिकारियों ने विजय संकल्प लिया। बैठक में ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बलबीर धीमान और महिला मोर्चा अध्यक्ष सत्या सूद सहित भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते विधायक बिक्रम। अनंत ज्ञान

# पालमपुर में सीवरेज कार्य में अव्यवस्था और देरी पर प्रशासन सख्त

## 10 दिन के भीतर अव्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश, अन्यथा नोटिस होगा जारी

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर क्षेत्र में चल रहे सीवरेज कार्य के दौरान व्याप्त अव्यवस्था को लेकर उपमंडल दंडाधिकारी पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बुटेल चौक से मंगलानी चौक तथा न्यूगल कैफे से एसएसबी चौक तक के प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रशासन ने पाया कि सीवरेज कार्य के चलते निकले मलबे को नालियों के किनारे ही छोड़ दिया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर कार्य पूर्ण न होने के कारण उड़ती धूल और जर्जर सड़कों से स्थिति और भी विकट हो गई है। आम जनता को हो रही इन दिक्कतों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी है। एसडीएम डॉ. ओपी यादव ने अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अगले 10 दिनों के भीतर कार्य में आवश्यक सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से नालियों के किनारे जमा मलबे को तुरंत हटाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समयावधि के भीतर कार्य संतोषजनक ढंग से पूर्ण नहीं होता है, तो प्रशासन द्वारा ठेकेदार को औपचारिक नोटिस जारी किया जाएगा और मामले में नियमानुसार सख्त दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करवाना है ताकि सडक़ पर टारिंग (तारकोल) का कार्य जल्द से जल्द शुरू हो सके और जनता को राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



उपमंडल दंडाधिकारी पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने किया प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण। अनंत ज्ञान

# केंद्रीय संस्कृत विवि में 'आत्मबोध' कार्यशाला संपन्न

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर, बलाहर में साहित्य विभाग की ओर से आयोजित पंच दिवसीय 'आत्मबोध' कार्यशाला शनिवार को संपन्न हुई।

इस कार्यशाला का आयोजन और संचालन परिसर के छात्रों द्वारा किया गया, जबकि प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रबुद्ध छात्रों द्वारा दिया गया। साहित्य विभाग प्रमुख प्रो. मोहिनी अरोरा द्वारा कार्यशाला की रूपरेखा का निर्माण किया गया, और इसका संचालन शास्त्री प्रथम वर्ष की छात्रा मानसी शर्मा तथा छात्र रामकिशन ने किया। कार्यशाला में व्यक्तित्व विकास, आत्मचिंतन, लक्ष्य निर्धारण, और निर्णय क्षमता जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ध्यान, समूह चर्चा, और स्व-मूल्यांकन जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को आत्म-प्रेरणा मिली। इस कार्यशाला में कुल 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परिसर निदेशिका ने कहा कि आज के युवाओं को डिग्री के साथ-साथ दिशा और प्रेरणा की भी आवश्यकता है, और आत्मबोध ही वह दिशा प्रदान करता है।



कार्यशाला में 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अनंत ज्ञान

# नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, पिता पर लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कागड़ा जिले में एक नाबालिगा ने बच्चे को जन्म दिया है। साथ ही उसने अपने पिता पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। मामला पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत आते गांव का है। एएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल ने बताया कि टांडा मेडिकल कॉलेज से भवारना थाना को सूचना मिली थी कि एक नाबालिग को मेडिकल के लिए ले जाया गया था, जो कि गर्भवती पाई गई है। इस पर पुलिस थाना भवारना में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नाबालिग ने अपने पिता पर आरोप लगाया है, जिसकी जांच की जा रही है। नाबालिग की डिलीवरी हो चुकी है, जिसने बच्चे को जन्म दिया है। इस संदर्भ में आगामी कार्रवाई जारी है।

# धर्मशाला में उत्सव की तरह होगा आईपीएल का आयोजन: मनुज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 11, 14 और 17 मई को तीन आईपीएल मैचों का आयोजन उत्सव की तरह किया जाएगा। मैचों के दौरान जहां धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा के पर्यटन को बूस्ट मिलेगा, वहीं चहलकदमी भी बढ़ेगी।

यह बात एचपीसीए सचिव मनुज शर्मा ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मैचों को लेकर जिला प्रशासन से अहम बैठक आयोजित की गई है, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई है। आईपीएल के मुकाबलों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं और स्टेडियम का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

उन्होंने बताया कि धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैच होने से पर्यटन कारोबार को भी विशेष बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचता है। बैठक में एचपीसीए की वेन्यू टीम और किंग्स इलेवन पंजाब (टीम) के मुख्य सदस्य भी उपस्थित रहे। मनुज शर्मा ने बताया कि स्टेडियम में लगभग 20 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है और सभी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

◆ तीन मैचों से पर्यटन को मिलेगा बूस्ट, बढ़ेगी चहलकदमी

### एचपीसीए जाएगी इंद्रुनाग के दरबार

**धर्मशाला** में होने वाले आईपीएल के तीन मैचों में मौसम साफ रहने व सफल आयोजन की कामना को लेकर रविवार को एचपीसीए प्रबंधन प्राचीन इंद्रुनाग मंदिर में शीश नवाएगा। इस दौरान मंदिर में सुबह साढ़े नौ बजे विधिवत पूजा-अर्चना व हवन और दोपहर 12.30 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रबंधन की ओर से इंद्रुनाग मंदिर में जाकर सफल आयोजन की कामना की जाती है।

# जिले में मई माह में 115 स्थानों पर लगेंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

## सीएमओ बोले, ब्लड प्रेशर, शुगर (मधुमेह) की जांच और छाती के एक्स-रे की मिलेगी सुविधा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक करोल ने जानकारी दी कि जिले के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से मई माह में 115 स्थानों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में मुख्य रूप से ब्लड प्रेशर, शुगर (मधुमेह) की जांच और छाती का एक्स-रे किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 1 मई को थुरल ब्लॉक के दडेल तथा देहरू, फतेहपुर ब्लॉक के बहादुरपुर तथा इंदौरा के देह, 2 मई को शाहपुर ब्लॉक के चकबन धार, फतेहपुर ब्लॉक के बनलोह जंग, इंदौरा ब्लॉक के हगवाल, डाडासीबा ब्लॉक के घरथेरू में शिविर लगाया जाएगा।

इसके अलावा 3 मई को थुरल ब्लॉक के आलमपुर तथा जांगल तथा फतेहपुर ब्लॉक के हारा, 4 मई को शाहपुर ब्लॉक के पुहाड़ा, फतेहपुर ब्लॉक के बेह कांगड़ा, इंदौरा ब्लॉक के चनौर, डाडासीबा ब्लॉक के नंगल तथा बीहन, 5 मई को नगरोटा बंगवा ब्लॉक के वरवाला खास, फतेहपुर ब्लॉक के भतराहन खास, इंदौरा ब्लॉक के पनियाला, 6 मई को नगरोटा बगवां ब्लॉक के बेहरा बंजार तथा नौगजा, फतेहपुर ब्लॉक के जगनोली, इंदौरा ब्लॉक के टोकी, डाडासीबा ब्लॉक के उपरला भड़ू, 7 मई को शाहपुर ब्लॉक के चंद्रून, फतेहपुर ब्लॉक के बारी खास, इंदौरा ब्लॉक के खुब्बर, 8 मई को भवारना ब्लॉक के ननोह खास, फतेहपुर ब्लॉक के बड़ूखर, इंदौरा ब्लॉक के मियानी, 9 मई को नगरोटा बंगवा ब्लॉक के डभलूं तथा पटियालकड़, फतेहपुर ब्लॉक के सकोह, इंदौरा ब्लॉक के मलोट, 10 मई को महाकाल ब्लॉक के भेठ झिकली तथा भेठ उपरली, फतेहपुर ब्लॉक के कुटकणा, 11 मई को शाहपुर ब्लॉक के गोरडा, फतेहपुर ब्लॉक के खटियाड, इंदौरा ब्लॉक के थपकौर, डाडासीबा ब्लॉक के दियाल तथा सौंट, 12 मई को महाकाल ब्लॉक के बही तथा सिम्बल, फतेहपुर ब्लॉक के तलारा, इंदौरा ब्लॉक के पलाख, 13 मई को शाहपुर ब्लॉक के कियोरी में शिविर लगाया जाएगा। फतेहपुर ब्लॉक के कुट, इंदौरा ब्लॉक के मलारी, 14 मई को भवारना ब्लॉक के सेहूंतु बुहला तथा मट, फतेहपुर ब्लॉक के लरहूं खास, डाडासीबा ब्लॉक के गढ़ तथा इंदौरा के भप्पू, 15 मई को भवारना ब्लॉक के सनवर तथा द्रमण, डाडासिब्बा ब्लॉक के ढलियारा तथा सूरजपुर, इंदौरा ब्लॉक के इंदपुर, 16 मई को गोपालपुर ब्लॉक के लोहना, पालमपुर तथा निहंग, डाडासीबा ब्लॉक के जखुनी, इंदौरा ब्लॉक के तियारा, 17 मई को गोपालपुर ब्लॉक के बनूरी, मोलीचक्क तथा चंदरेहड, डाडासीबा ब्लॉक के संदा, 18 मई को नूरपुर ब्लॉक के कुट, डाडासीबा ब्लॉक के कलोहा निचला तथा करोल, 19 मई को नूरपुर ब्लॉक के उपरली खणी, डाडासीबा ब्लॉक के भरदयाल, इंदौरा ब्लॉक के सीरत, 20 मई को नूरपुर ब्लॉक के हार, डाडासीबा के बगली उपरली, इंदौरा ब्लॉक के चुरपुर, 21 मई को थुरल ब्लॉक के गढ़ जमुला, डाडासीबा ब्लॉक के भटेहड़ तथा भगीन, इंदौरा ब्लॉक के बेला-इंदौरा, 22 मई को तियारा ब्लॉक के तरसुह, फतेहपुर ब्लॉक के सिहोली में शिविर लगेंगे। इंदौरा ब्लॉक के कंदरोड़ी, 23 मई को तियारा ब्लॉक के कोहाला खास, फतेहपुर ब्लॉक के बसकवारा, इंदौरा ब्लॉक के सूरजपुर उपरला, 24 मई को फतेहपुर ब्लॉक के सुधराण, 25 मई को ज्वालामुखी ब्लॉक के ससान तथा डरोली, फतेहपुर ब्लॉक के कडाणा, इंदौरा ब्लॉक के घोरण, डाडासीबा ब्लॉक के महुन, 26 मई को ज्वालामुखी ब्लॉक के थलकन तथा घरंडवार, फतेहपुर ब्लॉक के सुजल, इंदौरा ब्लॉक के घंडराण, 27 मई को ज्वालामुखी ब्लॉक के गुरकल तथा अम्बोटू, फतेहपुर ब्लॉक के मिंता, इंदौरा ब्लॉक के मजवाह, 28 मई को नगरोटा सूरियां ब्लॉक के खरोता तथा बगलाहड, फतेहपुर ब्लॉक के झाजगुआं, इंदौरा ब्लॉक के मिलवां, 29 मई को नगरोटा सूरियां ब्लॉक के नवांशहर, त्रिलोकनाथ तथा नियागल, फतेहपुर ब्लॉक के बरोट, इंदौरा ब्लॉक के माजरा, 30 मई को ज्वालामुखी ब्लॉक के हसोल तथा कटोई, फतेहपुर ब्लॉक के खैर खास, इंदौरा ब्लॉक के सनौर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# नशा निवारण केंद्र धर्मशाला और नूरपुर में नशे से पा सकते हैं छुटकारा: ओपी शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि कांगड़ा जिले में नशे से मुक्ति के लिए प्रयास भवन धर्मशाला में नवंबर 2025 से जिला नशा निवारण केंद्र और नूरपुर में 2017 से नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य नशे से ग्रस्त व्यक्तियों को इलाज और पुनर्वास प्रदान करना है।

इन केंद्रों में विभिन्न प्रकार के नशों का उपचार किया जाता है, जिनमें शराब, मादक पदार्थ, नशीले इंजेक्शन और अन्य ड्रग्स शामिल हैं। उपचार प्रक्रिया में मनोरोग चिकित्सा, परामर्श, योग, ध्यान, शैक्षणिक सत्र, एकल काउंसलिंग सत्र, समूह काउंसलिंग सत्र और पारिवारिक काउंसलिंग सत्र शामिल हैं। यहां भर्ती होने वाले व्यक्तियों को नि:शुल्क दवाइयां और परामर्श प्रदान किया जाता है। इस प्रयास के तहत इन केंद्रों में एक समर्पित और प्रशिक्षित टीम काम करती है, जिसमें परियोजना अधिकारी, काउंसलर, मनोवैज्ञानिक, फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय, चैकीदार, हाउसकीपिंग स्टाफ और कुक सहित अन्य कर्मचारियों की टीम शामिल है। इन केंद्रों का उद्देश्य न केवल नशे से मुक्ति दिलाना है, बल्कि व्यक्ति को एक नए जीवन की शुरुआत करने का अवसर भी प्रदान करना है। नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक धर्मशाला के जिला नशा निवारण केंद्र में 40 व्यक्तियों ने सेवाओं का लाभ उठाया, जबकि नूरपुर के नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र से 306 नशा-ग्रस्त व्यक्तियों ने उपचार लिया। ओपी शर्मा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशे से छुटकारा पाना चाहता है तो वह इन केंद्रों से संपर्क कर सकता है। इन केंद्रों में इलाज और सहायता नि:शुल्क प्रदान की जाती है, जो नशे से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# शाहपुर में राज्यस्तरीय अंडर-13 फुटबाल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज से



अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-13 राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए कांगड़ा जिला फुटबाल संघ (डीएफए) और शाहपुर उपमंडल फुटबाल संघ के ट्रायल 26 और 27 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे।

यह ट्रायल शाहपुर के आईटीआई मैदान में दोपहर 3 बजे से शुरू होंगे। जानकारी के अनुसार, इन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2013 से 31 दिसंबर 2015 के बीच है। चयनित खिलाड़ियों को नादौन (हमीरपुर) में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने खिलाड़ियों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

यह युवा खिलाड़ियों के लिए अपने खेल कौशल को निखारने और राज्य स्तर पर पहचान बनाने का सुनहरा अवसर है। ट्रायल से जुड़ी अधिक जानकारी के लिए कावेश चौहान से संपर्क किया जा सकता है। वहीं, कांगड़ा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राकेश चौहान ने भी खिलाड़ियों से ट्रायल में भाग लेने की अपील की है।

# समाज में लड़के और लड़कियों को लेकर प्रचलित धारणाओं पर गहन चर्चा

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, नगरोटा सूरियां।** गैलेक्सी पब्लिक स्कूल नगरोटा सूरियां में सीबीएसई के तत्वावधान में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूलों में लिंग के संबंध में बनी रूढ़ी धारणाओं को समझना और छात्रों के बीच सम्मान, समावेशिता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित कर स्कूल प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्य द्वारा की गई।

यह कार्यशाला शैमरॉक स्कूल दीनानगर, पंजाब की प्रधानाचार्या मीना पराशर और महर्षि विद्या मंदिर दौलतपुर चौक, ऊना की पुष्पा ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षकों के साथ समाज में लड़के और लड़कियों को लेकर प्रचलित धारणाओं पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण में यह भी समझाया गया कि किसी भी व्यक्ति की पहचान सिर्फ शारीरिक बनावट से नहीं, बल्कि उसकी सोच, भावना और व्यक्तित्व से जुड़ी होती है। संसाधन व्यक्तियों ने जेंडर कंस्ट्रक्ट, जेंडर सेंसिटिविटी इन स्कूल, पेडागॉजी और शिक्षण सामग्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के 60 शिक्षकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि विद्यालय सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण जगह है। कार्यक्रम के अंत में, प्रधानाचार्य अनुराग शर्मा ने संसाधन व्यक्तियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक साबित होगा।



जेंडर सेंसिटिविटी विषय पर सीबीएसई कार्यशाला का आयोजन। अनंत ज्ञान

# महिला सशक्तिकरण अध्यादेश कानून का विरोध कर कांग्रेस व अन्य दलों ने अपना नाम काले अध्याय में लिख दिया: परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** महिला सशक्तिकरण अध्यादेश कानून का विरोध करके यूपीए तथा उसके घटक दलों अपना नाम काले अध्याय में लिख दिया है। शनिवार को प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने प्रेसवार्ता में कहा कि देश मे 140 करोड़ आबादी में आधी आबादी महिलाओं की है। संसद में महिला सशक्तिकरण अध्यादेश कानून लाकर राष्ट्र शक्ति को और ज्यादा मजबूत करके एक नया अध्याय जुड़ने वाला था, लेकिन यूपीए तथा उसके घटक दलों ने इस बिल का विरोध करते हुए पारित नहीं होने दिया।

उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री चाहते थे कि देश की महिलाओं को उनका अधिकार मिलना चाहिए। अभी तक विधानसभा लोकसभा या राज्य सभा मे महिलाओं की संख्या बहुत कम है। इस बिल के पास हो जाने से सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागीता और बढ़ जानी थी जो कांग्रेस नहीं चाहती थी।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक जयसिंहपुर रवि धीमान, पूर्व विधायक बैजनाथ मुलख राज प्रेमी, जिला अध्यक्ष रागनी रुकवाल, सीमा चौधरी, तथा शीला देवी उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता करते प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार। अनंत ज्ञान

### नगर निगम में सर्वे आधारित होगा प्रत्याशी चयन

**पालमपुर** नगर निगम चुनावों को लेकर परमार ने कहा कि जल्द ही नगर निगम के सभी वार्डों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। वार्डों में सर्वे के हिसाब से ही प्रत्याशियों का चयन किया जा रहा है। लोग कांग्रेस के कुशासन से तंग हो गए है। इस बार पालमपुर की जनता कांग्रेस के तंबू को उखाड़ कर वहां कमल का फूल खिलाना चाहती है। इस बार पालमपुर नगर निगम के सभी 15 वार्डों में जीत हासिल कर भाजपा नगर निगम में अपना परचम लहराएगी। इस बार भाजपा के प्रत्याशी नहीं पालमपुर की जनता चुनाव लड़ रही है।

# हमीरपुर से वाया लंबलू सड़क पर जाम से बढ़ी मुश्किलें

## पुलों के निर्माण कार्य के चलते की गई है अस्थायी सड़क की व्यवस्था, तैनात दो होमगार्ड को हटाने से और बढ़ी समस्या

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हमीरपुर से वाया लंबलू सड़क पर बरोहा के पास और बोहनी के पास पर पुल का निमार्ण कार्य किया जा रहा है, लेकिन पुलों को डिस्मेंटल करने के बाद वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इन पुलों के निर्माण लगभग एक वर्ष का समय लगेगा।

हमीरपुर से जाहू वाया लंबलू रूट के लिए एकमात्र सड़क है। यहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इस सड़क पर दो पुलों के निर्माण कार्य के चलते जहां से सड़क को अस्थायी तौर पर डायवर्ट किया गया है। वहां दो होमगार्ड लगाए गए थे, लेकिन अब उन्हें वहां से हटा दिया गया है। यहां हालात यह हैं कि दोनों तरफ से आ रही गाड़ियों की वजह से जाम लग रहा है जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले यातायात को नियंत्रित करने के लिए होमगार्ड इस



लंबलू सड़क पर बरोहा और बोहनी के पास लगा जाम। अनंत ज्ञान

जिम्मेवारी को निभा रहे थे, जिसके एक तरफ यातायात को रोका जा रहा था और दूसरी तरफ से यातायात को बहाल किया जा रहा था। इससे

### चालक बोले- होमगाड्र्स को हटाना सही नहीं

**वाहन** चालकों का कहना है कि पुल के निर्माण कार्य पूरा होने तक यातायात को नियंत्रित करने के लिए दोनों तरफ लगाए गए होमगार्ड को हटाना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा से अस्थयी सड़क पर होमगार्ड तैनात किए जाएं। इस बारे मे लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने बताया कि यातायात व्यवस्था को लेकर होमगार्ड लगाए गए थे। यदि उन्हें वहां से हटा दिया गया है तो इन्हें फिर से लगाया जाएगा।

अनंत ज्ञान मुद्दा

वाहन चालकों को कुछ समय के लिए रुकना पड़ रहा था, लेकिन जमा की स्थिती नियंत्रण में रह रही थी।

अब होमगार्ड के न होने से पिछले दो दिनों से यातायात जाम लग रहा है और वाहन चालकों को भी वाहन निकालना मुश्किल हो रहा है। बता दें कि विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो नए पुलों क्रमश: 19.0 मीटर सिंगल स्पैम आरसीसी टी बीम ब्रिज ओवर जमली खड्ड एट आरडी 0,960 का निर्माण और 19.0 मीटर लॉन्ग स्पैम ब्रिज ओवर गुधवीं खड्ड एट आरडी-4,785 का निर्माण पुराने पुलों के स्थान पर करने के लिए कुल 722.44 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। जहां तक इन पुलों के निर्माण कार्य की बात है तो अभी इन पुलों के लिए निर्माण के लिए नवंबर माह तक का समय लग सकता है। इसके चलते वाहन चालकों को पुलों के निर्माण कार्य पूरा होने तक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# हमीरपुर जिले में अब तक 12700 लोगों ने बनाए हिम बस कार्ड

## निगम की बसों में आधा किराया देकर कर रहे लोग सफर

अनंत ज्ञान

- अभी एक हजार कार्ड को अप्रूवल मिलना बाकी
- हमीरपुर और नादौन बस स्टैंड में कार्ड के लिए लग रही भीड़

**हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में सफर करने वाले लोगों के लिए हिम बस कार्ड बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। हिम बस कार्ड से सरकारी बस में सफर करने वाले लोगों को किराया कम देना पड़ रहा है।

यदि किसी पास हिम बस कार्ड नहीं है तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी क्रम में हमीरपुर डिपो में हिम बस कार्ड बनाने का क्रम लगातार जारी है। जिला भर में 12,700 पात्र लोगों के हिम बस कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि एक हजार कार्ड पेडिंग पड़ा हुआ है। हमीरपुर बस स्टैंड और नादौन बस स्टैंड में हिम बस कार्ड लेने के लिए लोगों की रोजाना भीड़ उमड़ रही है। बता दें कि हमीरपुर डिपो में हिम बस कार्ड मुहैया करवाने का दौर लगातार जारी है।

बस स्टैंड हमीरपुर में 11 हजार के करीब हिम बस कार्ड यात्रियों के बनाए जा चुके है, जबकि एक हजार कार्ड को अप्रूवल मिलना अभी बाकी है। इसके अलावा नादौन बस स्टैंड में 1700 के करीब हिम बस कार्ड पात्र यात्रियों के बनाए जा चुके हैं। निगम की बसों में अब बिना हिम बस कार्ड वाली महिलाओं से पूरा किराया वसूला जा रहा है। ऐसे में महिलाएं अब हिम बस कार्ड के लिए अप्लाई कर रही हैं, ताकि उनका कार्ड भी बन सके। इसके अलावा पुलिस जवानों के भी हिम बस कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। ऐसे में पुलिस के जवान भी जल्द से जल्द हिम बस कार्ड के लिए अप्लाई करना सुनिश्चित करें, ताकि उनका कार्ड जल्द से जल्द बन सके। ऐसे में हमीरपुर बस स्टैंड में हिम बस कार्ड लेने के लिए लोगों की भीड़ एक बार फिर से उमडऩा शुरू हो गई है।

इस बारे में एचआरटीसी हमीरपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल कुमार ने बताया कि हमीरपुर डिपो में साढ़े 12 हजार से अधिक हिम बस कार्ड बनाए जा चुके हैं। हमीरपुर बस स्टैंड और नादौन बस स्टैंड से यात्री अपने हिम बस कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस जवानों के भी हिम बस कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। ऐसे में पुलिस कर्मचारी भी जल्द से जल्द हिम बस कार्ड के ऑनलाइन अप्लाई करें, ताकि उन्हें अप्रूवल मिल सके।

# आदेश के बाद भी रुकवाया पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य

अनंत ज्ञान

- न्यायालय और एसडीएम के आदेश पर 22 को दोबारा शुरू करवाया था काम

**नादौन।** जिला प्रशासन व जल शक्ति विभाग ने प्रत्येक घर में पेयजल पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। बावजूद इसके कुछ लोग अपनी भूमि से पेयजल पाइप लाइन को गुजरने से रोक रहे हैं। इसी समस्या को देखते हुए एसडीएम नादौन ने निरीक्षण किया था और भूमि मालिक से पूरा विवरण लिया था।

इसके बाद न्यायालय व एसडीएम नादौन के निर्देश पर पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य दोबारा से 22 अप्रैल को शुरू किया था, लेकिन इस कार्य को शनिवार को फिर से अशोक कुमार व उसके परिजनों ने बंद करवा दिया है। यही नहीं अशोक व उसके परिवार ने जल शक्ति उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता के साथ अभद्र व्यवहार भी किया, जिसकी शिकायत पर पुलिस थाना नादौन में दर्ज करवा दी है। शिकायत के अनुसार मोहल डिव धनेटा में स्वीकृत पेयजल पाइपलाइन निर्माण कार्य को न्यायालय व एसडीएम नादौन के निर्देशानुसार 22 अप्रैल को पुन: शुरू किया गया, जिसे अशोक कुमार व उसके परिजनों द्वारा मौके पर पहुंचकर बाधित किया गया। आरोप है कि उन्होंने विभागीय कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करते हुए कार्य को जबरन रुकवाया। इस संबंध में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। एसपी हमीरपुर बलवीर सिंह ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# हिम अकादमी में 'अचीवर्स असेंबली' में नवाजे होनहार

## स्टूडेंट्स को 21 प्लेटिनम, 98 गोल्ड और 87 सिल्वर बैज प्रदान किए


शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन व नेतृत्व क्षमता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्स्कूल विकास नगर में कक्षा छठी से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 'अचीवर्स असेंबली 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से कुल 21 प्लेटिनम बैज, 98 गोल्ड बैज एवं 87 सिल्वर बैज प्रदान कर मेधावी विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। इसके अलावा नियमितता और अनुशासन को प्रोत्साहित करते हुए कक्षा 6 से 10 तक के 20 विद्यार्थियों को पिछले शैक्षणिक सत्र में 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

नेतृत्व कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कक्षा 9 एवं 10 के लिए प्रत्येक कक्षा से दो-दो कक्षा प्रतिनिधियों की नियुक्ति भी की गई, जिससे विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, टीमवर्क और आत्मविश्वास की भावना विकसित हो सके। इस अवसर पर सभी पुरस्कार विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, हेड मास्टर कंचन लखनपाल तथा विद्यालय कोऑर्डिनेटर मनीषा मारवाह द्वारा प्रदान किए गए। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हुआ, जिसने उन्हें उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने तथा अनुशासन और दृढ़ संकल्प जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# अनीता को चुना ढटवाल भाजपा मंडल की उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** अनीता ठाकुर को ढटवाल मंडल भाजपा का उपाध्यक्ष चुना गया है। वह सठवीं पंचायत से संबंध रखती हैं और भाजपा की एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पहचान रखती हैं। उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि उन्हें इस नई जिम्मेदारी का अवसर मिला है। इससे पहले अनीता ठाकुर महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। मंडल में नया दायित्व मिलने पर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल, हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर, बड़सर के विधायक इंद्रदत लखनपाल, ढटवाल मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल और भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया।



अनीता ठाकुर ने कहा कि भाजपा हाईकमान द्वारा सौंपे गए इस दायित्व को वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने की कोशिश करेंगी और पार्टी को और मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। उनका उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना है।

# भाजपा और कांग्रेस की प्रतिष्ठा भी नगर परिषद के चुनावों में लगी दांव पर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** चुनावों की घोषणा के बाद नगर परिषद सुजानपुर में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सशक्त प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रत्याशी जल्द ही घोषित किए जाएंगे, लेकिन नगर परिषद सुजानपुर के चुनाव दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुके हैं। यह चुनाव विधानसभा चुनावों से पहले सत्ता के सेमीफाइनल के समान होंगे, क्योंकि इससे यह तय होगा कि 2027 में विधानसभा चुनावों में जनता का रुझान किस दल की ओर होगा। दोनों ही दल इन चुनावों में पूरा जोर लगाएंगे, ताकि जनता में अपनी पकड़ मजबूत कर सकें। सुजानपुर नगर परिषद के चुनावों में महिला वोटरों की भूमिका निर्णायक होगी, क्योंकि नगर परिषद का अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित है और महिला वोटरों की संख्या भी अधिक है। नगर परिषद में कुल 9 वार्ड हैं और कुल वोटरों की संख्या 5804 है। इनमें से 2927 महिला वोटर और 2877 पुरुष वोटर हैं। खास बात यह है कि 9 वार्डों में से 5 वार्डों में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा है, जबकि एक वार्ड में महिला और पुरुष वोटरों की संख्या बराबर है। इसलिए, नगर परिषद सुजानपुर के चुनावों में हार-जीत का फैसला महिलाएं ही करेंगी। दोनों ही दल अपनी रणनीतियों में महिला वोटरों को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, ताकि वे अपनी जीत सुनिश्चित कर सकें।

# वार्ड-1 को अनारक्षित घोषित नहीं किया तो पंचायत चुनावों का किया जाएगा बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उखली पंचायत के वार्ड नंबर एक भगोट टिक्कर संयुक्त वार्ड को पंचायत चुनाव 2026 में अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित घोषित किया गया है, जबकि वार्ड नंबर एक पिछले 2020 के पंचायत चुनावों में भी आरक्षित किया गया था। गांव के लोगों ने जिला निर्वाचन अधिकारी से वार्ड नंबर एक भगोट टिक्कर को सामान्य कैटेगरी में बदलने की मांग है। गांव के लोगों का कहना है कि भगोट टिक्कर वार्ड में कुल वोटो की संख्या 250 के करीब है, जबकि कुल वोटों में अनुसूचित कैटेगिरी के सिर्फ 10 ही वोट हैं। इसलिए हर बार वार्ड पंच की सीट को आरक्षित घोषित करना न्यायोचित एवं संवैधानिक नहीं है, इसलिए जिला निर्वाचन अधिकारी से आग्रह किया है कि इस वार्ड नंबर 1 को अनारक्षित सामान्य घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस वार्ड को अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित ही रखा जाता है तो सभी गांव वाले पंचायत चुनावों का बहिष्कार करेंगे। गांव वालों ने जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुरोध किया है कि वार्ड नंबर एक को अविलंब अनारक्षित घोषित किया जाए।

# घरेलू गैस समस्या को लेकर एसडीम कार्यालय पहुंचे विधायक लखनपाल



एसडीएम ने दिया जल्द समस्या का हल करवाने का आश्वासन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** अमेरिका-इसराइल और ईरान युद्ध के चलते क्षेत्र में एलपीजी गैस की आपूर्ति में कमी हो रही है, जिससे विधानसभा बड़सर के लोग भी परेशान हो रहे हैं।

हालांकि, संबंधित विभाग बार-बार यह दावा करता है कि गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन गैस की आपूर्ति में हो रही देरी से यह स्पष्ट होता है कि आंकड़े सही नहीं हैं। शनिवार को इस समस्या के समाधान के लिए उपमंडल अधिकारी नागरिक स्वाति डोगरा के कार्यालय में विधायक लखनपाल पहुंचे और प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया। लखनपाल ने कहा कि भले ही प्रदेश में कांग्रेस की सरकार हो, लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार है, जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। बावजूद इसके, गैस सिलेंडर की आपूर्ति में समस्या उत्पन्न हो रही है, जो सरकार के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गई है। विधायक लखनपाल और मंडल के नेताओं ने एसडीएम बड़सर से मुलाकात कर उन्हें घरेलू गैस वितरण में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी दी। स्वाति डोगरा ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पैनिक न हों, गैस सिलेंडर की आपूर्ति में थोड़ी देरी हो सकती है, लेकिन संबंधित विभाग जल्द ही दिशा-निर्देश जारी करेगा और जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# रमां शंकर झंझयाणी वार्ड से हो सकते हैं कांग्रेस समर्थित जिला परिषद उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** रमा शंकर झंझयाणी कांग्रेस समर्थित जिला परिषद उम्मीदवार के रूप में सामने आ सकते हैं। वे विधानसभा बड़सर की ग्राम पंचायत पत्थलयार से संबंध रखते हैं और कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य माने जाते हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी को मजबूत करने के लिए प्रयास किए हैं। वे ब्लॉक कांग्रेस के ज्वॉइंट सेक्रेटरी रह चुके हैं। वर्ष 2005 से 2008 तक यूथ कांग्रेस में ब्लॉक प्रेसिडेंट रह चुके हैं। 2008 से 2010 तक यूथ कांग्रेस में जिला वाइस प्रेसिडेंट रहे हैं। वर्ष 2010 से लेकर 2012 तक यूथ स्टेट ज्वॉइंअ सेक्रेटरी रहे हैं। रमा शंकर बीबीएन महाविद्यालय से पास आउट हैं और बड़सर विधानसभा क्षेत्र में उनका मजबूत जनाधार है। झंझयाणी वार्ड में झंझयाणी, पत्थलयार, वल्याह, चम्वेह, बुम्वलू, रैली जजरी, घोड़ी धवीरी, महारल बड़ा और जंमली ग्राम पंचायतें शामिल हैं। रमा शंकर से इस बारे में बातचीत करने पर उनका कहना था कि अगर कांग्रेस हाईकमान उन्हें जिला परिषद चुनाव में उम्मीदवार बनाता है, तो वे चुनाव में उतरने के लिए तैयार हैं। अगर कांग्रेस पार्टी उन्हें उम्मीदवार बनाती है, तो यह मुकाबला रोमांचक हो सकता है।



### हमीरपुर उपभोक्ता संगठन ने उठाई स्वास्थ्य, सुरक्षा और सुविधा की आवाज

# वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता, बुधवार और शुक्रवार को मिलेगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन, जिला हमीरपुर की मासिक बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जबकि बैठक का संचालन महासचिव मनोहर लाल कानूनगो ने किया। बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा की गई और सदस्यों से नए जनहित मुद्दे प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया।

22 अप्रैल, 2026 को गठित कमेटी द्वारा राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं स्टाफ के साथ वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और अन्य मरीजों को आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। सुझावों पर गंभीर विचार-विमर्श के बाद उन्हें लागू करने के निर्देश दिए गए। निर्णय लिया कि मरीजों की पर्ची आधार कार्ड के आधार पर बनाई जाएगी और आयु


आधार कार्ड के आधार पर उपचार में वरीयता सुनिश्चित। अनंत ज्ञान

व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता दी जाएगी। 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी तथा बुधवार और शुक्रवार को विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उन्हें उपलब्ध करवाई जाएंगी। बैठक में यह मांग भी उठी कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आए अभिभावकों को दो पास दिए जाएं, ताकि मरीज की उचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। वार्ड नंबर 11 में आवारा कुत्तों के हमलों पर चिंता जताते हुए नगर निगम से त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। इसके अलावा खराब स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत, अणु टियाला और डिग्री कॉलेज चौक पर गड्ढों को भरने तथा ड्राई फ्रूट दुकानों पर मूल्य सूची अनिवार्य करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। इस अवसर पर एसके कौड़ा, शंभू राम जसवाल, रंजीत सिंह ठाकुर, ओम प्रकाश नंदा, हेमराज शर्मा, गोपाल शर्मा, वीना कपिल, संतोष बन्याल, अनिरुद्ध डोगरा, अशोक सोनी युद्धवीर पठानिया, रोशन पटियाल, बलबीर सिंह पटियाल, सुरेश कुमार, प्रेम कुमार, विजय लक्ष्मी आदि उपस्थित रहे।

# 'सेनुआ दी थाती' गांव में शहीद प्रवीण कुमार के सम्मान में बनाया गेट


शहीद सैनिक प्रवीण कुमार के सम्मान में बनाया गेट। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** खनौली पंचायत के तहत सेनुआ दी थाती गांव में शहीद सैनिक प्रवीण कुमार के सम्मान में शहीदी गेट का निर्माण कर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने अपना वादा पूरा किया।

यह गांव सुजानपुर-संधोल मार्ग की सीमा पर स्थित है और यहां से सेना में सेवा देने वाले शहीद प्रवीण कुमार ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था, जिनको सेना मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। गांववासियों ने एकजुट होकर अपने शहीद के सम्मान में एक शहीदी गेट बनाने की मांग विधायक के समक्ष रखी थी। विधायक ने उस समय आश्वासन दिया था कि शहीद का सम्मान हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। आज वो वादा पूरा हो गया है शहीदी गेट का निर्माण कर दिया गया है और जल्द उसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गेट न केवल शहीद की स्मृति को जीवित रखेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी देशभक्ति की प्रेरणा देगा।

# ओवर स्पीड व अव्यवस्थित तरीके से गाड़ियां खड़ी की तो होगी कार्रवाई : निर्मला

**अनंत ज्ञान, भोटा।** ओवर स्पीड से गाड़ी चलाने तथा बाजार में अव्यवस्थित तरीके से गाड़ियां खड़ी करने वालों के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। यह बात पुलिस सहायता कक्ष भोटा की प्रभारी एएसआई निर्मला ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि कुछ निजी बसें ओवर स्पीड से भोटा बाजार से होकर गुजर रही हैं। इस संदर्भ में इन बसों के चालकों को मौखिक तौर पर चेतावनी भी दी गई है, लेकिन इसके बावजूद भी बस चालक बाजार में बस स्पीड कम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओवर स्पीड की वजह से भोटा बाजार में हमेशा दुर्घटना घटने का अंदेशा बना हुआ है। निर्मला ने बताया कि भोटा बाजार में कुछेक व्यापारी मेरे बोलने के बावजूद भी अपनी गाड़ियां अपनी दुकानों के आगे खड़ी कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ वाहन चालक अपनी कारें सड़क के बीच ही खड़ी करके यातायात व्यवस्था बाधित कर रहे हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे व्यवस्थित तरीके से अपनी गाड़ियां बाजार में खड़ी करें, अन्यथा भारी भरकम चालान के लिए तैयार रहें।

# हमीरपुर पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार



अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर पुलिस को उद्घोषि अपराधियों की धरपकड़ में सफलता मिली है। पीओ सेल हमीरपुर ने अजय पुत्र पृथी चंद, निवासी गांव मैर को गिरफ्तार किया, जिसे माननीय एसीजेएम न्यायालय की ओर से 05-03-2026 को धारा 138 एनआई एक्ट, थाना हमीरपुर के मामले में उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। आरोपी को शनिवार को मट्टन सिद्ध बाईपास से सतत प्रयासों व निगरानी के बाद पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को कल पूर्वाह्न न्यायालय में पेश किया जाएगा। पीओ की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

# बमसन के तहसीलदार को सौंपी निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने हमीरपुर उपमंडल के अंतर्गत पंचायत समिति बमसन और इसके दो जिला परिषद वार्डों के संबंध में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेश के तहत, पंचायत समिति बमसन की मतगणना के रिटर्निंग अधिकारी अब बमसन के तहसीलदार होंगे। इससे पहले, यह जिम्मेदारी किसी अन्य अधिकारी को दी गई थी। इसके अलावा, जिला परिषद के वार्ड नंबर-3 (दरोगण पत्ती कोट) और वार्ड नंबर-4 (उहल) की मतगणना के सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी भी बमसन के तहसीलदार को सौंप दी गई है। यह संशोधन पंचायत समिति बमसन और इन वार्डों के चुनाव संचालन को और अधिक सुसंगत बनाने के उद्देश्य से किया गया है। उपायुक्त ने यह भी बताया कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो अन्य प्रशासनिक उपाय भी किए जाएंगे ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सके।

# डॉ. ओम प्रकाश ने जताया सीएम सुक्खू का आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर हिमाचल गौरव सम्मान से अलंकृत किए गए प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। नादौन उपमंडल की नौहंगी पंचायत के गांव समूह के निवासी डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान करके मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश में साहित्य एवं इतिहास के क्षेत्र में कार्य कर रहे लेखकों एवं साहित्यकारों को एक नई पहचान दी है। डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि वह कई दशकों से इन क्षेत्रों में कार्य कर रहे थे और मुख्यमंत्री ने इस कार्य को न केवल मान्यता दी है, बल्कि हिमाचल गौरव पुरस्कार से अलकृंत करके बहुत बड़ा सम्मान भी प्रदान किया है। डॉ. ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश के लेखक एवं साहित्यकार और विशेषकर, नवोदित लेखक काफी प्रोत्साहित होंगे तथा हिमाचल की समृद्ध लोक संस्कृति, इतिहास एवं साहित्य के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। डॉ. ओम प्रकाश शर्मा का साहित्य लेखन, स्वतंत्रता आंदोलन, इतिहास और समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय में निदेशक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद भी वह समाज में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इन्होंने लगभग 15 पुस्तकें लिखी हैं।



# बैरा स्यूल परियोजना में मजदूरों का धरना जारी, चक्का जाम की चेतावनी

## नौकरी बहाली की मांग पर अड़े मजदूर, सीटू के बैनर तले पांचवें दिन भी प्रदर्शन जारी

अनंत ज्ञान

**चंबा/सुरंगानी।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले मजदूरों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्री दुनी चंद की नौकरी बहाली की मांग को लेकर जारी धरना-प्रदर्शन शनिवार को पांचवें दिन भी जोरदार तरीके से जारी रहा। प्रतिदिन 130 से 150 मजदूरों की भागीदारी इस आंदोलन को और अधिक मजबूती दे रही है।

यूनियन ने प्रबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि अधिकारी 'कुंभकर्णी नींद' में सोए हुए हैं और मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी कर रहे हैं। इसी लापरवाही के चलते मजदूरों में भारी रोष है और अब आंदोलन को व्यापक रूप देने की रणनीति बनाई जा रही है। यूनियन महासचिव कुशल ठाकुर ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो आंदोलन केवल सुरंगानी साइट तक सीमित नहीं रहेगा। जल्द ही तीसा डैम और स्यूल साइट सहित अन्य स्थानों पर भी धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगला कदम चक्का जाम और हड़ताल होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। यूनियन ने एनएचपीसी प्रबंधन पर केंद्र सरकार के नियमों की अनदेखी का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जहां नियमित कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष है, वहीं ठेका मजदूरों के साथ भेदभाव करते हुए 58 वर्ष में ही सेवा से हटाया जा रहा है। इसी नीति के तहत श्री दुनी चंद को हटाना पूरी तरह अन्यायपूर्ण बताया गया है।

मजदूर नेताओं ने दो टूक कहा कि अब संघर्ष का रास्ता चुना जा चुका है और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक दुनी चंद को दोबारा नौकरी पर नहीं लिया जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन और अधिक उग्र और व्यापक रूप ले सकता है।



बैरा स्यूल परियोजना में मजदूरों का धरना जारी। अनंत ज्ञान

## ब्रेही पंचायत व मैहला पंचायत समिति की मतदाता सूची प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत ब्रेही, पंचायत समिति मैहला तथा जिला परिषद चंबा से संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची में संशोधन, विलोपन एवं सुधार की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि यह कार्य हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों तथा पुनरीक्षण-अपील प्राधिकारी के आदेशों के अनुसार किया गया है। सभी आवश्यक सुधारों के बाद मतदाता सूची को अंतिम रूप देकर प्रकाशित कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने बताया कि संशोधित मतदाता सूची आम जनता के अवलोकन हेतु उपलब्ध है, ताकि संबंधित मतदाता अपने नाम व विवरण की पुष्टि कर सकें।



# 'झुनझुना' बयान पर चंबा में सियासी घमासान

## अधिवक्ता उमेश ने भाजपा पर साधा निशाना, कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** चंबा की सियासत में 'झुनझुना' बयान अब तूल पकड़ता जा रहा है। भाजपा नेता जय सिंह द्वारा कांग्रेस सरकार और शीर्ष नेतृत्व पर की गई टिप्पणी ने राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया है। शनिवार को चंबा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता उमेश ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बयान को लेकर न सिर्फ भाजपा पर जोरदार हमला बोला, बल्कि कांग्रेस पार्टी की चुप्पी पर भी खुलकर सवाल खड़े कर दिए।

गौरतलब है कि 18 अप्रैल को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान 'झुनझुना' दिखाकर कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा था कि विकास के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। इस टिप्पणी को लेकर अब कांग्रेस खेमे में भी असहजता साफ दिखाई दे रही है।

उमेश ठाकुर ने तीखे शब्दों में प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'राजनीति में विरोध अपनी जगह है, लेकिन भाषा और मर्यादा की एक सीमा होती है। जय सिंह स्वयं एक वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, ऐसे में उनसे इस तरह की असंसदीय और अपमानजनक टिप्पणी की उम्मीद नहीं की जा सकती। विधानसभा अध्यक्ष और सदर विधायक जैसे गरिमामय पदों पर बैठे व्यक्तियों को निशाना बनाना निंदनीय है।' उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा,

'सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि कांग्रेस के जिम्मेदार पदाधिकारी इस मुद्दे पर अब तक चुप हैं। यह चुप्पी पार्टी के आत्मविश्वास पर सवाल खड़े करती है। अगर समय रहते जवाब नहीं दिया गया, तो यह नुकसानदेह साबित हो सकती है।'



'उन्होंने आगे और आक्रामक होते हुए भाजपा पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि आप 'झुनझुना' कांग्रेस नेताओं को दिखा रहे हैं और कह रहे हैं कि जनता जवाब देगी, जबकि असलियत यह है कि झुनझुना तो खुद आपके ही हाथों में साफ दिखाई दे रहा है। जनता सब समझती है और समय आने पर सही फैसला भी करती है।

उमेश ठाकुर ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी भरे लहजे में कहा कि 'राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में व्यक्तिगत टिप्पणियों और प्रतीकों के जरिए स्तर गिराने की कोशिश लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है। जय सिंह हमारे बड़े भाई हैं, लेकिन उन्हें भी अपनी जिम्मेदारी और पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए था।' इस पूरे घटनाक्रम के बाद चंबा में सियासी पारा चढ़ चुका है। 'झुनझुना' बयान अब सिर्फ एक टिप्पणी नहीं, बल्कि कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी जुबानी जंग का प्रतीक बन गया है। आने वाले दिनों में यह मुद्दा और गरमाने के पूरे आसार हैं।

# भरमौर के सुरेश शर्मा बने इंटक के जिलाध्यक्ष, क्षेत्र में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** ग्राम पंचायत दुर्गठी के पूर्व प्रधान और जिला किसान कांग्रेस चम्बा के पूर्व महासचिव रहे सुरेश कुमार शर्मा को भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ (इंटक) का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों ने इसे संगठन के लिए एक मजबूत और सकारात्मक कदम बताया है।



सुरेश शर्मा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जुड़े रहे हैं और संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। जमीनी स्तर पर उनकी पकड़, जनसमस्याओं की समझ और लोगों के बीच उनकी सादगीपूर्ण छवि उन्हें एक लोकप्रिय जननेता के रूप में स्थापित करती है। यही कारण है कि पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर सुरेश शर्मा ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिल भारतीय इंटक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथन जायसवाल, इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रभारी डॉ. राजेश गढ़िया, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर व सह-प्रभारी हिमाचल प्रदेश श्री रमेश गुलेरिया, प्रदेश इंटक अध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर, कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित जिला चंबा की समस्त कांग्रेस लीडरशिप का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उनका लक्ष्य मजदूर वर्ग के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाना और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना रहेगा। सुरेश शर्मा ने कहा कि इंटक के माध्यम से श्रमिकों की आवाज़ को बुलंद किया जाएगा।

## मलेरिया से बचाव के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने विश्व मलेरिया दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैहला में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान लोगों को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य खंडों में जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाली गंभीर लेकिन रोकी जा सकने वाली बीमारी है। इसके लक्षणों में बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द और कमजोरी शामिल हैं, जिन पर तुरंत जांच जरूरी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पूरी ने लोगों को आसपास पानी जमा न होने देने, कूलर का पानी बदलने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही मच्छरदानी और मच्छररोधी उपाय अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों की भागीदारी रही और मलेरिया नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयासों का संदेश दिया गया।

# स्कूलों में पठन संस्कृति को मिलेगा नया आयाम

## समग्र शिक्षा व रूम टू रीड के सहयोग से पुस्तकालय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

अनंत ज्ञान

**चंबा।** समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुस्तकालय प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। 24 व 25 अप्रैल को आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से लाइब्रेरी प्रभारी, डाइट फैकल्टी सदस्य तथा विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालय पुस्तकालयों को बालमित्र एवं सक्रिय शिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना तथा विद्यार्थियों में पठन संस्कृति को सशक्त बनाना रहा। इस दौरान प्रतिभागियों को 'पढ़ना क्या है', 'बच्चे कैसे सीखते हैं', पुस्तकालय संचालन, पुस्तक स्तरीकरण, पठन गतिविधियों, स्वतंत्र एवं सहपठन, अभिभावक व समुदाय की सहभागिता, लाइब्रेरी रेटिंग सिस्टम तथा डिजिटल नवाचार जैसे विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिला चंबा का प्रतिनिधित्व करते हुए मीडिया को-ऑर्डिनेटर डॉ. कविता बिजलवान, लाइब्रेरी प्रभारी प्रवीण जरयाल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालेरा के प्रधानाचार्य जगजीत आज़ाद ने कार्यशाला में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।





राज्य स्तरीय पुस्तकालय कार्यशाला के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

कार्यशाला में राज्य पुस्तकालय प्रभारी सुनील शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर डॉ. मंजुला शर्मा ने पुस्तकालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं रूम टू रीड से दीपक कनयाल और प्रशांत कुमार ने मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। डॉ. कविता बिजलवान ने बताया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों को जिला स्तर तक पहुंचाया जाएगा और जल्द ही इसी प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में पुस्तकालयों को पूरी तरह सक्रिय बनाया जाएगा, जिससे बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि समग्र शिक्षा और रूम टू रीड टीम का सहयोग भविष्य में भी मिलता रहेगा, जिससे विद्यालयों में पठन संस्कृति को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा।

# डलहौजी में वन-वे ट्रैफिक व नो-पार्किंग जोन लागू

अनंत ज्ञान

◆ **जिला दंडाधिकारी ने जारी किए आदेश**

**चंबा।** डलहौजी नगर परिषद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। ये निर्देश चंबा जिले में आम लोगों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत लागू किए गए हैं। प्रशासन के अनुसार, उपमंडल दंडाधिकारी डलहौजी द्वारा सभी संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई यातायात प्रबंधन योजना के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। नए आदेशों के तहत बस स्टैंड-सुभाष चौक-गांधी चौक मार्ग को एकतरफा (वन-वे) घोषित किया गया है, जहां दोपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों के लिए निर्धारित दिशा में ही आवागमन होगा।

भारी वाहनों, पर्यटक बसों व शैक्षणिक टूर बसों के लिए समय निर्धारित किया गया है—सुबह 10:30 से दोपहर 2 बजे तक और शाम 6 बजे से अगले दिन सुबह 7 बजे तक ही उनका प्रवेश और निकास संभव होगा। इसके अलावा, सुभाष चौक, कोर्ट रोड और पोट्रेइन रोड के बीच भी वन-वे व्यवस्था लागू रहेगी, हालांकि आपातकालीन सेवाओं को इसमें छूट दी गई है। स्कूल बसों के लिए विशेष समय निर्धारित किए गए हैं। वहीं, गरम सड़क पर दोपहर 3:30 से 5 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मॉल रोड के एक हिस्से में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई गई है और पार्किंग केवल चिन्हित स्थानों पर ही मान्य होगी। कई प्रमुख मार्गों को 'नो पार्किंग जोन' घोषित किया गया है। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। साथ ही, शहर में अधिकतम वाहन गति 30 किमी प्रति घंटा तय की गई है, हालांकि आपातकालीन सेवाओं को इसमें छूट मिलेगी। ये सभी नियम 25 अप्रैल से लागू होकर पूरे वर्ष प्रभावी रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### वेद मंत्रों से गूंजा भेगला स्कूल परिसर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भेगला में शनिवार को श्रद्धा और आस्था के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय रेगा सहित सभी सदस्यों ने भाग लिया। हवन के दौरान विद्यार्थियों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही विद्यालय के सुचारू संचालन और शिक्षा व्यवस्था में किसी भी बाधा न आने के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में समस्त अध्यापक, अध्यापिकाएं और छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। वेद मंत्रों की ध्वनि से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। स्कूल प्रबंधन ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के नैतिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए महत्त्वपूर्ण बताया।

### छात्रों व महिला मंडलों ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, भरमौर। राजकीय आईटीआई और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर के छात्र-छात्राओं तथा महिला मंडलों की महिलाओं ने स्थानीय दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम भरमौर विकास शर्मा ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने दुकानदारों को सूखा, गीला और घरेलू हानिकारक कचरे के पृथक्करण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक, बोतलें, कागज, रबर और अन्य सूखा कचरा नीले कूड़ेदान में, जबकि सब्जियों-फलों के छिलके, भोजन अवशेष और जैविक कचरा हरे कूड़ेदान में डाला जाए। इसके अलावा ई-कचरा, रसायन, पेंट, थर्मामीटर और अन्य हानिकारक सामग्री को लाल कूड़ेदान में डालने की अपील की गई। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देना था।

### डॉ. आरसी खूटिया बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंडियन नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन फॉरेस्ट एंड वुड वर्कर फेडेरेशन (आईएनबीसीडब्लुडब्ल्युएफ) की 28वीं राष्ट्रीय कन्वेंशन बैंगलुरु में आयोजित हुई, जिसमें डॉ. आरसी खूटिया को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर डॉ. जी. संजीवा रेड्डी भी मौजूद रहे। सम्मेलन में 122 सदस्यों की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें हिमाचल के बाबा हरदीप सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान तथा जगत राम शर्मा और प्रेम पाल भाटिया को उपप्रधान बनाया गया। अन्य राज्यों से भी कई नेताओं को जिम्मेदारियां दी गईं। जगत राम शर्मा ने कहा कि संगठन मजदूरों और कर्मचारियों की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए कार्य करता रहेगा।

### ऊना में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को आपदा व हवाई हमलों से निपटने की ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में होमगार्ड्स वाहिनी द्वारा नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन और हवाई हमलों के दौरान बचाव के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक करीब एक हजार स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिसमें पुरुषों के साथ महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही है। प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा, युद्धकालीन स्थिति, बाढ़, आपदा प्रबंधन, अनुशासन, स्वास्थ्य संबंधी टिप्स, वायरलेस सिस्टम और जरूरतमंदों को सीपीआर देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्ट्रेचर उपयोग, गांठें बांधने और ड्रिल परेड का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया जा रहा है। बटालियन ऑफिसर धीरज शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण होमगार्ड्स कमांडेंट हितेश लखनपाल के दिशा-निर्देशों में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य स्वयंसेवकों को हर आपात स्थिति में समाज और देश की सेवा के लिए तैयार करना है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025-26 में 743 और 2026-27 में 262 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# सलूणी में साझा काव्य संग्रह 'भगवान' के आवरण पृष्ठ का हुआ अनावरण

अनंत ज्ञान

**सलूणी।** उपमंडल सलूणी में साझा काव्य संग्रह 'भगवान' के आवरण पृष्ठ का भव्य अनावरण उपमंडलाधिकारी (नागरिक) चंद्रवीर सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार अभिराय सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य परवीन कुमार धीमान, कानूनगो सुनील कुमार तथा सह-संपादक हिंगराज 'चिराग' विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह काव्य संग्रह पंचमहाभूत—भूमि, गगन, वायु, अग्नि और नीर—पर आधारित है, जो सृष्टि के मूल तत्व माने जाते हैं।

संग्रह में पर्यावरण संरक्षण, वन्य जीवन और प्रकृति से जुड़े संवेदनशील विषयों पर रचित कविताओं को स्थान दिया गया है। इस पुस्तक का संपादन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त नवाचारी शिक्षक युद्धवीर टंडन द्वारा किया गया है, जबकि सह-संपादन प्रख्यात पर्यावरणविद हिंगराज 'चिराग' ने संभाला है। इस साझा काव्य संग्रह में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे चंबा, कांगड़ा, सिरमौर, शिमला और हमीरपुर के साथ-साथ पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और जम्मू सहित देश के विभिन्न राज्यों के कुल 44 साहित्यकारों की रचनाएं शामिल हैं।



काव्य संग्रह के आवरण पृष्ठ का अनावरण करते हुए। अनंत ज्ञान

इन रचनाकारों ने प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को काव्य के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। पुस्तक का प्रकाशन साहित्य कलश प्रकाशन, पटियाला द्वारा किया जा रहा है और इसे आईएसबीएन क्रमांक के साथ प्रकाशित किया जाएगा। यह पुस्तक अमेजॉन सहित अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध होगी। पुस्तक की भूमिका डॉ. राकेश भारती ने लिखी है, जबकि समीक्षा प्रख्यात शायर संजय सूद 'सागर' द्वारा की गई है।

इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी चंद्रवीर सिंह ने सभी साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के साहित्यिक प्रयास समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी रचनाकारों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बढ़िया कोठी स्कूल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बढ़िया कोठी में अप्रैल माह के अंतिम शनिवार को 'बैग रहित दिन' बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बिना स्कूल बैग के विभिन्न रचनात्मक और शिक्षाप्रद गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर से एक जागरूकता रैली के साथ हुई, जिसे विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने गांव का भ्रमण कर आमजन को सड़क सुरक्षा और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बच्चों के संदेशों और नारों ने ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।





जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अनंत ज्ञान

रैली के उपरांत विद्यालय परिसर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय स्वास्थ्य और स्वच्छता' रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। इसके अलावा कोलाज प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर रेस (कक्षा 6 से 8) और शतरंज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रधानाचार्य ज्योति राणा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने बताया कि 'बैग रहित दिन' बच्चों के लिए सीखने का एक अलग और आनंददायक अनुभव बनता है, जिसमें वे बिना किसी बोझ के अपनी रचनात्मकता को खुलकर अभिव्यक्त करते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों—दीपक, कुलदीप, राजेंद्र, मयंक, कुशल, सपना, अनामिका, नीलिमा, हर्ष और नरेंद्र—का सराहनीय योगदान रहा। पूरे दिन चले इस आयोजन में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विद्यालय परिसर खुशी, ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया।

# राजनौण पानीहारा में इतिहास की धरोहर को बच्चों ने दी नई सांस

अनंत ज्ञान

◆ **विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

**चंबा।** पीएम श्री उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा के विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए ऐतिहासिक राजनौण पानीहारा में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। वर्षों पुराना यह प्राचीन जल स्रोत, जो कभी स्थानीय लोगों की जीवनरेखा रहा है, अब विद्यार्थियों के प्रयासों से फिर से स्वच्छता की ओर लौटता नजर आया।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जिम्मेदारी के साथ पानीहारा परिसर, सीढ़ियों तथा आसपास फैली गंदगी, प्लास्टिक और अन्य कचरे को साफ किया। इस दौरान उन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि स्थानीय लोगों को भी जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया।

विद्यार्थियों ने इस अवसर पर ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। यह पहल यह दर्शाती है कि नई पीढ़ी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।

विद्यालय की प्रधानाचार्य रचना ठाकुर ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने इसे एक प्रेरणादायक कदम बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने की बात कही।

इस अभियान को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक मनीष चोना, सुशांत, संजीव और धीरज सिंह का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास को समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश बताया। स्वच्छता के इस संदेश के साथ विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो बदलाव की शुरुआत कहीं से भी की जा सकती है।

**पहल** इंटैक मंडी का प्रयास, 500 वर्ष पुरानी मंडी कलम को मिला नया मंच

# विक्रम संवत 2083 कैलेंडर का विमोचन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** लुप्त होती मंडी कलम को संरक्षित व सवंर्द्धित करने की दिशा में शनिवार को एक और कदम आगे बढ़ा है। भारतीय सांस्कृतिक निधि, इंटैक, के मंडी चेप्टर ने मंडी के चुनिंदा कलाकारों द्वारा तैयार की गई मंडी कलम पर आधारित कृतियों का नव संवत 2083 का कलैंडर प्रकाशित किया है। इसका शनिवार शाम राजमहल होटल मंडी में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने विधिवत विमोचन किया तथा इसे प्रयास को अभूतपूर्व व इतिहास को सरंक्षित करने की ओर एक और बढ़ता हुआ कदम बताया। इंटैक के संयोजक नरेश मल्होत्रा ने बताया कि इस कैलेंडर की विशेषता यह है कि इसमें युवा कलाकारों द्वारा मंडी कलम शैली में बनाए गए चित्र प्रकाशित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक परियोजना के तहत युवा कलाकारों को ऐतिहासिक मंडी कलम चित्रकला में 6 महीने का तक प्रशिक्षित किया गया। इन कलाकारों ने राज्य के प्रसिद्ध मंडी कलम चित्रकला के विशेषज्ञ राजेश कुमार की देख रेख में ने प्रशिक्षण हासिल किया। इन प्रशिक्षित युवाओं में विशाखा, सलोनी, अमित गुप्ता ,डिंपल, सुमन शर्मा, और शीला देवी शामिल है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ऐतिहासिक मंडी कलां चित्रकला शैली का पुन: परिवर्तन ( रिवाइवल) है ताकि 500 वर्ष पुरानी यह चित्र कला शैली लुप्त ना हो जाए।





विक्रम संवत 2083 कैलेंडर का विमोचन करते हुए डीसी। अनंत ज्ञान

इन में युवा कलाकारों की चित्र पर आधारित इस कैलेंडर का विमोचन करते हुए मंडी जिला के उपायुक्त अपूर्व देव गन ने युवा कलाकारों को चित्रकला के लिए बधाई दी उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मंडी कलां जैसे विरासत से संबंधित सभी कलाओं के विकास के लिए पूरा सहयोग देगा उपायुक्त ने सुझाव दिया की स्थानीय लोगों और विशेष रूप से युवाओं को मंडी की कला और संस्कृति के उत्थान को एक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ना चाहिए इसके लिए जिला प्रशासन युवाओं के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इससे पहले मुख्य अतिथि और कलाकारों का स्वागत करते हुए मंदिर तक के संयोजक नरेश मल्होत्रा ने कहा की इंटैक मंडी की विरासत से जुड़ी कला और संस्कृति को बचाए रखने वह बचाए रखने के लिए हर संभव कोशिश करेगी इसके लिए आम जनता के अलावा विशेष रूप से युवाओं को शामिल किया जाएगा मुख्य अतिथि का धन्यवाद करते हुए इंटैक के सह संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि मंडी के 500 वर्ष पूरा होने में के संबंध में इंटैक ने एक कार्यक्रम बनाया है।

इस अवसर भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के संयोजक नरेश मल्होत्रा, सह संयोजक अनिल शर्मा, सदस्य गण गजेंद्र बहल, राजीव कुमार, महेश पुरी, अजय सहगल, हरीश शर्मा, ललित कपूर, कमल मल्होत्रा, कैप्टन वाइसी वैद्य महिला सदस्य वनिता मल्होत्रा इंदु शर्मा, मृदु गोयल, हेमलता पुरी, निशि कपूर प्रेम वर्षा, निपुण बहल, मंडी शहर के प्रबुद्ध नागरिकों में विनोद बहल, राकेश शर्मा, रिटायर्ड सेशन जज तेजिंदर प्रोफेसर हर्ष कुमार, आर्टिस्ट राजेश कुमार आर्टिस्ट राजेश कुमार वैद्य, डॉक्टर हरबंस शर्मा रीना कपूर, द्वनरेश वैद्य, देतेंद्र, जयश्री, सुनीता पारुल कपूर उपस्थित रहे।

जिस प्रकार जल कमल के पत्ते पर नहीं ठहरता है, उसी प्रकार मुक्त आत्मा के कर्म उससे नहीं चिपकते हैं।

–छांदोग्य उपनिषद

## संपादकीय

# शिक्षा सुधार की नई दिशा

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदम महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत दे रहे हैं। लंबे समय से यह शिकायत सामने आती रही है कि कई प्राइमरी स्कूल शिक्षकविहीन हैं या केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब राज्य का छात्र-शिक्षक अनुपात देश में बेहतर माना जाता है। ऐसे में समस्या संसाधनों की कमी से अधिक प्रबंधन और तैनाती की खामियों की ओर इशारा करती है। अब शिक्षा निदेशालय ने नए निर्देश जारी कर इस दिशा में एक ठोस और व्यावहारिक प्रयास किया है।

नई व्यवस्था के तहत यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गई है कि कोई भी प्राइमरी स्कूल एक दिन के लिए भी शिक्षक के बिना न रहे। इसके लिए केवल जेबीटी शिक्षकों पर निर्भर रहने के बजाय टीजीटी, लेक्चरर, सीएंडवी और अन्य शिक्षकों को भी आवश्यकता के अनुसार रोटेशन आधार पर प्राइमरी कक्षाएं पढ़ाने के लिए तैनात किया जाएगा। यह निर्णय न केवल शिक्षकों की उपलब्धता को संतुलित करेगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में लचीलापन भी लाएगा। पहले जहां एक शिक्षक के अवकाश पर जाने से पूरा स्कूल ठप हो जाता था, अब वैसी स्थिति बनने की संभावना कम हो जाएगी।

यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिक्षा का सबसे बुनियादी स्तर प्राथमिक शिक्षा ही होता है। यदि इसी स्तर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलती, तो आगे की पूरी शैक्षिक यात्रा प्रभावित होती है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना कि हर कक्षा में शिक्षक उपलब्ध हो, एक बुनियादी लेकिन अत्यंत आवश्यक सुधार है। विशेष रूप से उन स्कूलों में जहां विद्यार्थियों की संख्या 40 से अधिक है और केवल एक शिक्षक कार्यरत है, वहां अतिरिक्त शिक्षक की तैनाती का निर्णय सराहनीय है। इससे न केवल शिक्षक पर कार्यभार कम होगा, बल्कि विद्यार्थियों को भी बेहतर ध्यान और मार्गदर्शन मिल सकेगा।

हालांकि, इस पूरी व्यवस्था की सफलता काफी हद तक प्रबंधन और जवाबदेही पर निर्भर करेगी। नए निर्देशों में परिसर के प्रिंसिपल को केंद्रीय भूमिका दी गई है, जो एक सकारात्मक पहल है। यदि प्रिंसिपल सक्रिय और जिम्मेदार होंगे, तो संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा, लेकिन यदि वही पुराने ढर्रे पर काम चलता रहा, तो यह व्यवस्था भी कागजों तक सीमित रह सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि प्रिंसिपलों को केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि स्पष्ट जवाबदेही के दायरे में भी रखा जाए। सरकार की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी इसी दिशा में एक कड़ा संदेश देती है।

यह भी एक गंभीर सवाल है कि जब राज्य में शिक्षकों की कुल संख्या पर्याप्त है, तो फिर भी कई स्कूल शिक्षकविहीन क्यों रहे? इसका सीधा उत्तर है-असंतुलित तैनाती और कमजोर प्रबंधन। कहीं एक ही स्कूल में आवश्यकता से अधिक शिक्षक हैं, तो कहीं एक भी नहीं। यह स्थिति केवल संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि नीति के क्रियान्वयन में खामियों को उजागर करती है। ऐसे में नई नीति को लागू करते समय यह ध्यान रखना होगा कि केवल अस्थायी समाधान के बजाय दीर्घकालिक योजना बनाई जाए, जिसमें शिक्षक तैनाती का वैज्ञानिक और पारदर्शी मॉडल अपनाया जाए।

इसके साथ ही, यह भी जरूरी है कि शिक्षकों को बार-बार डेपुटेशन पर भेजने से उनकी कार्यक्षमता और मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। यदि कोई शिक्षक बार-बार स्थानांतरित होता है, तो वह न तो किसी एक स्कूल में स्थायी रूप से जुड़ पाता है और न ही विद्यार्थियों के साथ मजबूत शैक्षिक संबंध बना पाता है। इसलिए रोटेशन प्रणाली को संतुलित और न्यायसंगत तरीके से लागू करना बेहद जरूरी है।

अच्छी शिक्षा गुणवत्ता, निरंतरता और समर्पण का परिणाम है। यदि शिक्षक नियमित रूप से बदलते रहेंगे, तो पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसलिए सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि जहां स्थायी नियुक्ति संभव है, वहां डेपुटेशन के बजाय नियमित तैनाती को प्राथमिकता दी जाए। ■

## अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक



नितिन बोस
जन्म : 26 अप्रैल, 1897
मृत्यु : 14 अप्रैल, 1986

**नितिन बोस** भारतीय सिनेमा के प्रारंभिक दौर के सबसे महत्वपूर्ण फिल्मकारों में से एक थे। उनका जन्म 26 अप्रैल 1897 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में हुआ और 14 अप्रैल 1986 को उनका निधन हुआ। वे न केवल एक प्रतिभाशाली निर्देशक थे, बल्कि एक उत्कृष्ट छायाकार और लेखक भी थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म निर्माण की तकनीक और शैली को नई दिशा दी।

नितिन बोस का संबंध प्रसिद्ध न्यू थिएटर्स से था, जहां उन्होंने भारतीय सिनेमा के विकास में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 1935 में उनकी बंगाली फिल्म भाग्य चक्र में पार्श्वगायन की शुरुआत हुई, जिसे बाद में हिंदी में धूप छांव नाम से बनाया गया। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम माना जाता है।

उन्होंने अपने करियर में छह मूक फिल्मों सहित 50 से अधिक फिल्मों का निर्देशन और छायांकन किया। उन्हें केएल सहगल और उत्तम कुमार जैसे कलाकारों के करियर को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है। उनकी सबसे प्रसिद्ध फिल्मों में गंगा जमुना शामिल है, जिसे हिन्दी सिनेमा की महान फिल्मों में गिना जाता है। गंगा जमुना न केवल सामाजिक संघर्ष का चित्रण करती है, बल्कि भारतीय समाज की भावनात्मक और सांस्कृतिक गहराई को भी दर्शाती है। इसका प्रसिद्ध गीत इंसाफ की डगर पे, बच्चों दिखाओ चलके आज भी प्रेरणादायक माना जाता है। नितिन बोस ने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत छायाकार के रूप में की, लेकिन निर्देशन में आने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी फिल्मों में तकनीकी उत्कृष्टता के साथ-साथ मानवीय भावनाओं की गहरी समझ दिखाई देती है। चंडीदास और डाकू मंसूर जैसी फिल्मों ने सामाजिक और भावनात्मक विषयों को नए अंदाज में प्रस्तुत किया।

उनके योगदान को देखते हुए वर्ष 1977 में उन्हें भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया। नितिन बोस का जीवन भारतीय सिनेमा के विकास की वह कड़ी है जिसने तकनीक, संगीत और कहानी कहने की कला को एक नई ऊंचाई दी। ■



कविता

### हार गया मैं...

तेंजिन टोपेन, गांव मेह, डाकघर गेमूर
लाहौल-स्पीति, हिमाचल प्रदेश

**अपनों** की दुआओं से, बहती हवाओं से,
नदियों से, और इन घने जंगलों से।
मैं हार गया...
पर मैं जीत भी कैसे सकता था? अपनों की दुआओं को रोककर,
हवाओं को मुट्ठी में बंद कर, नदियों को मैला कर,
या जंगलों को काटकर...भला मैं कैसे जीत सकता था?
हां, मैं हार गया!
पर क्या इस हार से सुकून मिला? दुआएं अपरंपार मिलीं,
हवाओं का अहसास मिला, नदियों की ठंडक मिली,
और जंगल सी छांव मिली। हारकर भी जीत मिली,
इसलिए, मैं हार गया।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रियाएं सुझाव, आलेख और कविताएं *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# जल, जंगल और जमीनः वर्तमान की जिम्मेदारी, भविष्य की सुरक्षा



सुभाष चंद कासव
गांव जौवा, डाकघर गैहरा
जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश

धरती पर जीवन का अस्तित्व तीन मूलभूत आधारों पर टिका हुआ है-जल, जंगल और जमीन। ये केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण जैवमंडल की जीवनरेखा हैं। यदि जल न हो तो जीवन की कल्पना असंभव है, यदि जंगल न हों तो पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ जाएगा, और यदि जमीन न हो तो जीव-जंतु, वनस्पति और मानव सभ्यता का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जल, जंगल और जमीन ही प्राणी मात्र की संजीवनी हैं।

जल को जीवन का आधार कहा जाता है। मानव शरीर का लगभग 70% भाग जल से बना है। जल केवल पीने के लिए ही आवश्यक नहीं है, बल्कि कृषि, उद्योग, ऊर्जा उत्पादन और दैनिक जीवन के हर कार्य में इसकी भूमिका है। हर जीव-चाहे वह मानव हो, पशु-पक्षी हो या वनस्पति जल पर निर्भर है। पौधे जल के बिना प्रकाश संश्लेषण नहीं कर सकते, जिससे भोजन और ऑक्सीजन का निर्माण रुक जाएगा। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जल का विशेष महत्व है। सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता सीधे-सीधे फसल उत्पादन को प्रभावित करती है। यदि जल की कमी होती है, तो खाद्यान्न संकट उत्पन्न हो सकता है। नदियां, झीलें और समुद्र जल चक्र को बनाए रखते हैं। वर्षा का होना, जलवायु का संतुलन और तापमान का नियंत्रण जल पर ही निर्भर करता है। आज जल संकट एक वैश्विक समस्या बन चुका है। अत्यधिक दोहन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण जल स्रोत तेजी से घट रहे हैं। यदि समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। जंगल पृथ्वी के फेफड़े हैं।

ये न केवल ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि जैव विविधता का संरक्षण भी करते हैं। पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो सभी जीवों के लिए आवश्यक है। जंगलों में असंख्य प्रजातियों का निवास होता है। ये पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखते हैं। यदि जंगल नष्ट हो जाएं, तो अनेक प्रजातियां विलुप्त हो सकती हैं।

जंगल वर्षा को आकर्षित करते हैं और तापमान को नियंत्रित करते हैं। ये ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में भी सहायक हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधकर रखती हैं, जिससे कटाव नहीं होता। यदि जंगल न हों, तो बाढ़ और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ जाएंगी। आज मानव विकास के नाम पर जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। इससे पर्यावरणीय असंतुलन पैदा हो रहा है और जलवायु परिवर्तन की समस्या बढ़ रही है।



जमीन केवल रहने का स्थान नहीं है, बल्कि यह जीवन का आधार है। सारी कृषि गतिविधियां जमीन पर निर्भर हैं। उपजाऊ मिट्टी के बिना भोजन उत्पादन असंभव है। मनुष्य, पशु और वनस्पति सभी जमीन पर निर्भर हैं। यह जीवन के लिए आवश्यक स्थान प्रदान करती है।

जमीन के भीतर अनेक खनिज और संसाधन पाए जाते हैं, जो उद्योग और विकास के लिए आवश्यक हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग और प्रदूषण के कारण भूमि की उर्वरता घट रही है। इससे खाद्य उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जल, जंगल और जमीन का परस्पर गंभीर संबंध है ये तीनों संसाधन एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। जंगल वर्षा को बढ़ाते हैं, जिससे जल स्रोत भरते हैं। जल की उपलब्धता जंगलों और वनस्पतियों को जीवित रखती है। जमीन इन दोनों को सहारा देती है और इनके अस्तित्व का आधार बनती है। यदि इनमें से किसी एक का संतुलन बिगड़ता है, तो बाकी दो भी प्रभावित होते हैं।

उदाहरण के लिए, यदि जंगल कटते हैं तो वर्षा कम होती है, जिससे जल संकट बढ़ता है और जमीन बंजर हो जाती है। बढ़ती जनसंख्या के कारण संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। जल की मांग बढ़ रही है, जंगल काटे जा रहे हैं और जमीन का अत्यधिक उपयोग हो रहा है। औद्योगिक विकास ने प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया है। इससे प्रदूषण बढ़ा है और पर्यावरण को नुकसान हुआ है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वर्षा का पैटर्न बदल रहा है, जिससे जल संकट और प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं। विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों की अनदेखी की जा रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है। वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना, जल का सीमित और उचित उपयोग करना नदियों और जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना मनुष्य का परम कर्तव्य है। वृक्षारोपण को बढ़ावा देना, अवैध कटाई पर रोक लगाना तथा लोगों को जागरूक करना,जैविक खेती को बढ़ावा देना, मिट्टी के कटाव को रोकना

रासायनिक उर्वरकों का कम उपयोग भी जल जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण उपाय है लोगों को पर्यावरण के महत्व के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है।

जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी, तब तक जल, जंगल और जमीन का संरक्षण संभव नहीं है। भारतीय संस्कृति में इन संसाधनों को पवित्र माना गया है-नदियों को माता, पेड़ों को पूजनीय और भूमि को देवी का दर्जा दिया गया है। यह दर्शाता है कि हमारे पूर्वज इनके महत्व को भली-भांति समझते थे। ये केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के आधार हैं। आज आवश्यकता है कि हम इनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएं। जल की हर बूंद बचाएं, जंगलों की रक्षा करें और जमीन का सही उपयोग करें। अन्यथा भविष्य में संसाधनों की कमी, महंगाई और पर्यावरण संकट बढ़ेंगे। इसलिए संकल्प लें-'जल बचाओ, जंगल बचाओ, जमीन बचाओ,' यही जीवन बचाने का मार्ग है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# पंचायत से संसद तक : नारी नेतृत्व, डिजिटल सुशासन और विकसित भारत का संकल्प



प्रो. एसपी सिंह बघेल
केंद्रीय पंचायती राज मंत्री

जब कोई राष्ट्र अपनी जड़ों को सींचता है, तो उसकी शाखाएं आसमान छूती हैं। भारत की वे जड़ें उसकी पंचायतें हैं, और आज उन पंचायतों की आत्मा उसकी महिलाएं बन चुकी हैं। 24 अप्रैल 1993 को 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को संवैधानिक मान्यता मिली और देश ने विकेंद्रीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं था, बल्कि आम नागरिक-विशेषकर महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का सशक्त माध्यम बना।

वर्तमान समय में पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण भारत की जीवनरेखा बन चुकी हैं। देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी इनसे जुड़ी है और 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें स्थानीय शासन को मजबूत कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंचायती राज व्यवस्था को नई ऊर्जा मिली है, जिससे सत्ता का विकेंद्रीकरण वास्तव में जमीनी स्तर तक पहुंचा है। 'विकसित भारत 2047' का सपना इन्हीं मजबूत पंचायतों की नींव पर खड़ा है।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह नारी सशक्तिकरण की वास्तविक तस्वीर को सामने लाता है। देशभर में 32 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की है। 21 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण दिया गया है, जिससे उनकी भागीदारी और प्रभाव दोनों बढ़े हैं। पिछले वर्षों में लाखों महिला प्रतिनिधियों को नेतृत्व और सुशासन का प्रशिक्षण दिया गया है, जो ग्रामीण परिवर्तन की नई धारा को जन्म दे रहा है।

सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न अभियान इस परिवर्तन को और गति दे रहे हैं। 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाता है, जबकि 'महिला-हितैषी ग्राम पंचायत' और 'निर्भय रहो' जैसी पहलें सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त कर उनके राजनीतिक सशक्तिकरण को नई दिशा दी है।



वित्तीय सशक्तिकरण भी पंचायतों की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार है। 16वां वित्त आयोग द्वारा 2026 से 2031 के लिए 4.35 लाख करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है, जो ऐतिहासिक है। इससे पंचायतों को न केवल संसाधन मिलते हैं, बल्कि विकास योजनाओं को स्वयं तय करने का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्व-स्रोत राजस्व और प्रदर्शन आधारित अनुदान से जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है।

डिजिटल युग में पंचायतों ने तकनीक को भी अपनाया है। e-GramSwaraj के माध्यम से 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक के ऑनलाइन लेनदेन किए जा चुके हैं, जो पारदर्शी और कुशल प्रशासन का उदाहरण है। 'सभासार' जैसे नवाचार 23 भाषाओं में ग्राम सभा की कार्यवाही दर्ज कर लोकतंत्र को और अधिक समावेशी बना रहे हैं। वहीं स्वामित्व योजना ने ग्रामीण संपत्तियों का डिजिटलीकरण कर आर्थिक सशक्तिकरण का नया मार्ग खोला है।

पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 यानी पेसा अधिनियम के अंतर्गत राज्यों की रैंकिंग ने प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य अग्रणी रहे हैं, जो ग्राम सभा आधारित शासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत हैं। विकसित भारत 2047 केवल आर्थिक उन्नति का लक्ष्य नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता और समावेशी विकास का व्यापक दृष्टिकोण है। पंचायतों में बढ़ती महिला भागीदारी, डिजिटल प्रगति और वित्तीय सुदृढ़ता मिलकर एक नए भारत की नींव रख रही हैं। नारी शक्ति ही भारत के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# संख्याओं के जादूगर रामानुजन की अद्भुत गणितीय यात्रा



योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत के महान् गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया।

उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। करीब एक दशक पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने चेन्नई में रामानुजन की 125वीं जयंती समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे प्रतिभावान तथा गूढ़ ज्ञान वाले पुरुषों और महिलाओं का जन्म कभी-कभार ही होता है। महान गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसंबर 1887 को जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों, लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी।

उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे, क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।




परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक अंग्रेज की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का संपर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जीएच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैंब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने लगभग पांच वर्ष कैंब्रिज विश्वविद्यालय में बिताए और इस दौरान मुख्यत: संख्या सिद्धांत में महत्वपूर्ण शोध किया।

उन्होंने जीएच हार्डी के साथ मिलकर कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उत्कृष्ट कार्य के लिए बीए की उपाधि प्राप्त की। उन्हें 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' और 'संख्याओं का जादूगर' कहा जाता है। स्व-अध्ययन से उन्होंने 3884 से अधिक प्रमेय प्रस्तुत किए, जिनमें अधिकांश सही सिद्ध हुए। अनंत श्रेणियों, गणितीय विश्लेषण और निरंतर भिन्नों में उनका योगदान अद्वितीय रहा। 'रामानुजन थीटा' और 'रामानुजन प्राइम' जैसी खोजों ने विश्वभर के शोधकर्ताओं को नई दिशा दी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# भीषण लू का प्रकोप : कारण, प्रभाव, चुनौतियां और बचाव के व्यापक उपाय



दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक

गर्मी से बेहाल यूं तो पूरा उत्तर भारत ही हो गया है, लेकिन पंजाब के हालात सबसे भयानक हैं। पंजाब इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। बठिंडा, अमृतसर और लुधियाना जैसे शहरों में तापमान सामान्य से काफी अधिक हो गया है।

यह स्थिति गर्मियों के शुरुआती दौर में ही देखने को मिल रही है, जो चिंता का विषय है। आगे न जाने क्या होगा। आसमान साफ रहने, आर्द्रता में उतार-चढ़ाव और मौसम प्रणाली में बदलाव के कारण गर्मी और तीव्र हो सकती है।

इस भीषण गर्मी का एक प्रमुख कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का अभाव है। सामान्यतः यह प्रणाली अप्रैल और मई के महीनों में उत्तर भारत में बादल, बारिश और ठंडी हवाएं लाती है, जिससे तापमान नियंत्रित रहता है लेकिन इस वर्ष इसकी गतिविधि लगभग न के बराबर रही। इसके साथ ही राजस्थान से आने वाली शुष्क और गर्म हवाएं समय से पहले ही पंजाब में प्रवेश कर गईं, जिससे तापमान तेजी से बढ़ा। लगातार साफ आसमान के कारण सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ रही हैं, जिससे सतह का तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में लू की घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। अब ये घटनाएं अधिक बार, अधिक समय तक और अधिक तीव्रता के साथ सामने आ रही हैं। पटियाला और अन्य शहरी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण 'हीट आइलैंड' प्रभाव उत्पन्न हो रहा है, जिससे शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से अधिक हो जाता है।

इस भीषण गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव कृषि पर पड़ रहा है। पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां अप्रैल में गेहूं की कटाई का समय होता है। अत्यधिक तापमान के कारण किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जून में धान की रोपाई शुरू होती है, जिसके लिए अधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है। गर्मी के कारण जल की मांग बढ़ जाती है, जिससे भूजल स्तर तेजी से गिरता है। साथ ही, बिजली की मांग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, क्योंकि लोग शीतलन उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं।



मानव स्वास्थ्य पर भी इस गर्मी का गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। दिन और रात दोनों समय तापमान अधिक रहने से शरीर को आराम नहीं मिल पाता। इससे लू लगना, निर्जलीकरण और अन्य गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। रात के तापमान में सामान्य से लगभग 3-4°C की वृद्धि देखी जा रही है, जिससे नींद और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

ऐसी परिस्थितियों में सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। लोगों को चाहिए कि वे प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस या लस्सी का सेवन करें। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें ताकि शरीर ठंडा रहे। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले लोगों का ध्यान रखना जरूरी है।

यह भीषण गर्मी केवल एक मौसमी समस्या नहीं है, बल्कि बदलते जलवायु का संकेत भी है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि हम पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और सतत विकास की दिशा में ठोस प्रयास करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य मिल सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी अंडर-23 क्रिकेट टीम के ट्रायल 3 मई को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी द्वारा मंडी जिला अंडर-23 क्रिकेट टीम के चयन ट्रायल 3 मई को ऐतिहासिक पड्डल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल सुबह 8 बजे शुरू होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राणा ने बताया कि चयन प्रक्रिया में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनकी जन्मतिथि 1 सितंबर 2003 या इसके बाद की है। सभी खिलाड़ियों को रंगीन ड्रेस में आने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों के खिलाड़ी यदि ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं, तो उन्हें अपने संबंधित जिला संघ से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके बिना उन्हें चयन में शामिल नहीं किया जाएगा। टीम चयन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जो खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर अंतिम टीम का चयन करेगी। चयनित मंडी टीम आगामी मैच कुल्लू, कांगड़ा और चंबा की टीमों के साथ खेलेगी।

### 28 को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट रद्द

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी व एसडीएम सदर रूपिंदर कौर ने सूचित किया है कि 28 अप्रैल को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह ड्राइविंग टैस्ट बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर छोटा पड्डल, मण्डी में सुनिश्चित किए गए थे, मगर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण इन्हें रद्द कर दिया गया है।

### सिया की श्रद्धांजलि सभा में नशे के खिलाफ उठी आवाज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नैन गांव की दिवंगत सिया गुलेरिया की स्मृति में चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन 'दीनबंधु सेवा मंडल' भरनाल में श्रद्धांजलि सभा हुई। इस दौरान परिजनों ने बच्चों के साथ समय बिताया और स्टाफ सहित सभी ने दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा में पिता जोगिंदर सिंह, दादा लुदर सिंह गुलेरिया व ग्रामीण भी आदि मौजूद रहे। संस्थान के इंचार्ज प्रेम सिंह ने घटना पर दुख जताते हुए महिलाओं को जागरूक रहने का आह्वान किया। पूर्व प्रधान सुनील ठाकुर, लाल सिंह आदि ने भी घटना पर रोष जताया और इसे समाज के लिए गंभीर बताया। सभा में नशे के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई और शिक्षण संस्थानों के पास इसकी बिक्री रोकने की मांग उठाई गई। प्रशासन से कड़े कदम उठाने की अपील भी की गई।

### एचआरटीसी बस में चरस समेत युवक काबू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। बीएसएल थाना पुलिस टीम ने एनएच-21 स्थित शुकदेव वाटिका के पास नाकाबंदी के दौरान एचआरटीसी बस की तलाशी ली, जिसमें एक युवक के कब्जे से चरस बरामद की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर बस में सवार व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 105 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान मोहम्मद आशिक (33) निवासी चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा।

### जमनी में विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत पशु चिकित्सालय जमनी में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से लगभग 70-80 किसानों ने भाग लेकर पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों, पशु स्वास्थ्य तथा जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक (परियोजना) डॉ. संदीप शर्मा ने की, जबकि वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस जसवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेषज्ञ वक्ताओं में डॉ. अर्पण शर्मा ने सुरक्षित खाद्य आपूर्ति में पशु चिकित्सकों की भूमिका बताई। डॉ. पल्लवी ठाकुर ने जूनोसिस रोगों से बचाव के उपाय साझा किए। वहीं, डॉ. अर्चना ठाकुर ने संतुलित पशु आहार और पोषण प्रबंधन के महत्व को समझाया। डॉ. दीपक प्रजापति ने आवारा पशुओं के प्रभावी प्रबंधन पर व्यावहारिक सुझाव दिए।

### बड़ोग स्कूल के छात्रों ने दिया नशा मुक्ति का संदेश



सामूहिक चित्र में प्रतिभागी और अध्यापक। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बडोग में नशा मुक्त भारत अभियान व एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य लेखराज ने की। इस दौरान विद्यालय परिसर में छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 10वीं की अंतरा व आदर्श ने प्रथम व मानवी व रूपेश दूसरे स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में दृष्टि ने प्रथम, एकता ने द्वितीय तथा चित्रकता में शानवी, देवयानी व यशिका ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त अभियान के तहत छात्रों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### कर्मचारी एक्ट निरस्त, महासंघ ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा सरकार के कर्मचारी एक्ट को निरस्त करने का स्वागत किया है।

महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि 'हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी (भर्ती और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 2024' के विवादित प्रावधानों को निरस्त करना कर्मचारियों के हित में एक ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से वर्ष 2003 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास किया गया था, जो कि संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 का उलंघन था।

### सर्वोदय जन कल्याण समिति ने जरूरतमंद महिला को दी आर्थिक सहायता


आर्थिक सहायता देते हुए सर्वोदय समिति के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चोलथरा समाज सेवा के अपने उद्देश्यों को लेकर लगातार सक्रिय बनी हुई है। इसी क्रम में समिति ने गांव भगलाना की निवासी रक्षा देवी (पुत्री कश्मीर सिंह), जो पिछले करीब पांच वर्षों से व्हीलचेयर पर निर्भर हैं, की सहायता के लिए 15,000 रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और असहाय लोगों तक सहायता पहुंचाना है तथा भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखे जाएंगे।

कार्यक्रम में संस्था के प्रधान परजीत ठाकुर, महामंत्री ओमकार सिंह, वेद प्रकाश, सतीश कुमार, श्रवण सिंह और राकेश बन्याल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# धनोटू सब्जी मंडी में गंदगी से हालात बदतर

## बंद पड़े हैंडपंप का ढांचा बना पीने वालों का डस्टबिन

अनंत ज्ञान


अव्यवस्था का आलम।

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** महादेव क्षेत्र की सब्जी मंडी धनोटू में साफ-सफाई की गंभीर कमी के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। मंडी परिसर के शौचालय और नालियां बदबू से भरे पड़े हैं, जिससे न केवल व्यापारियों बल्कि आम लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी के कई हिस्सों में कूड़ा-कचरा जमा होने से वातावरण दूषित हो रहा है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।

सुंदरनगर तहसील के अंतर्गत आने वाली नाचन क्षेत्र की इस प्रमुख सब्जी मंडी में लंबे समय से सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए हैं। मंडी में जहां आढ़ती अपना कारोबार करते हैं, उसके सामने लगी लोहे की एंगल टूटी हुई है, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके अलावा, एक खराब पड़े हैंडपंप के ढांचे को कूड़ा-कचरा और शराब की बोतलें डालने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे गंदगी और बढ़ रही है।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके चलते लोगों में प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि जल्द ही मंडी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन और व्यापारियों को राहत मिल सके।

### धर्मपुर की अनदेखी पर भड़के रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शनिवार को संधोल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार धर्मपुर विधानसभा के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, जिससे क्षेत्र के विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। रजत ने बताया कि आज पूरे धर्मपुर क्षेत्र की सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अनदेखी के कारण अधिकांश विकासात्मक कार्य ठप पड़े हुए हैं।



**सरकार पर लगाए सौतेले व्यवहार के आरोप**

उन्होंने संधोल, धर्मपुर, टिहरा और मंडप जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां कई महत्वपूर्ण विकास कार्य अधर में लटके हुए हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसके अलावा रजत ठाकुर ने हाल ही में विधायक द्वारा सार्वजनिक मंच से गौवंश और बैलों के लिए 'लटोड़' शब्द का इस्तेमाल किए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

### बीबीएमबी कॉलोनी के मुख्य डाकघर का भवन देख रहा है मरम्मत की राह

#### छत में से टपकता है बरसाती पानी, सिलिंग भी है प्रभावित



अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर की बीबीएमबी कॉलोनी स्थित मुख्य डाकघर का भवन जो पुराना बताया जाता है, का बाहरी हिस्से के एक दरवाजे का पल्ला गला सड़ा देखा जा सकता है।

सूचना मिली है कि पुराने छप्पर के किनारों से बरसाती पानी भी टपकता है, जिससे जहां सिलिंग को काफी हद तक उखड़ा प्रभावित देखा जा सकता है। वहीं, दीवार के कुछ भाग को भी कालिख के रूप में देखा जा सकता है, यानी यह पुराना भवन अवश्य ही कहीं न कहीं उचित ढंग की मरम्मत की राह देख रहा है, जो बदलते मौसम चक्र को देखते हुए जरूरी ही नहीं हो जाता, बल्कि समय की भी मांग है ताकि तमाम सुधार होने पर भारी नुकसान से समय रहते बचा जा सके। लोगों ने मुख्य डाकपाल मंडी से शीघ्र ही उक्त भवन की मरम्मत को लेकर जोरदार अपील की है।

### सुंदरनगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज, 28 अप्रैल को होगी पहली रिहर्सल

अनंत ज्ञान



**सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के चुनावों को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अमर नेगी की अध्यक्षता में अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में सभी नोडल अधिकारियों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी गई और स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आचार संहिता के सख्त पालन, स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना केंद्र की समयबद्ध तैयारियों तथा ईवीएम की सुरक्षा पर विशेष निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि 17 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और उसी दिन मतगणना भी की जाएगी। 28 अप्रैल को पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की पहली रिहर्सल आयोजित होगी।

निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए एसडीएम कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 01907-266001 है। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों के लिए अलग शिकायत कक्ष भी बनाया गया है, जिसका नंबर 01907-266431 है।

### ग्राम पंचायत सरी और नौण की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन कार्यक्रम संबंधी जारी अधिसूचना के अनुसार एक अप्रैल को अर्हता तिथि मानते हुए जिला मंडी के विकास खंड धर्मपुर की ग्राम पंचायत सरी तथा विकास खंड गोहर की ग्राम पंचायत नौण के निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन जनसाधारण के दावे व आक्षेप आमन्त्रित करने के लिए 4 अप्रैल को प्रकाशित कर दिया गया था। इस बारे में दावे और आक्षेपों का निपटारा किए जाने के उपरांत प्रारूप 15 पर निर्वाचन नामावली के अंतिम प्रकाशन की सूचना 24 अप्रैल को प्रकाशित कर दी गई है।

मतदाता सूचियों के संबंधित भाग की प्रति उपायुक्त कार्यालय में तथा ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषद मंडी के कार्यालय में निशुल्क निरीक्षण के लिए कार्यालय समय में उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने जिला मंडी की इन दोनों ग्राम पंचायतों के जनसाधारण को सूचित किया है कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, वह मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पंचायत अधिकारी मंडी स्थित भ्यूली के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र-2 पर दोहरी प्रति में दो रुपये का शुल्क अदा कर नामांकन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना तक आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

### शहरी निकाय व पंचायत चुनावों को लेकर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान



अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में आयोजित बैठक में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) और सहायक निर्वाचन अधिकारियों (एआरओ) को शहरी निकायों तथा पंचायत चुनावों के सफल संचालन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हैंडबुक का अध्ययन कर राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चुनावी तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया को सतर्कता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए।

बैठक में तहसीलदार निर्वाचन राजेश कुमार और नायब तहसीलदार निर्वाचन राजेश जोशी ने पीपीटी के माध्यम से नामांकन, जांच, नाम वापसी, उम्मीदवारों की सूची, चुनाव चिन्ह आवंटन, मतदान प्रक्रिया तथा ईवीएम प्रबंधन सहित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी । पंचायत चुनावों से संबंधित प्रावधानों, दस्तावेजों और प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई ।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, एसडीएम सदर रूपिंद्र कौर, जिला पंचायत अधिकारी अंचित डोगरा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिले के सभी एसडीएम और बीडीओ ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

### मंडी में मानसून-2026 की तैयारियां तेज

#### आपदा प्रबंधन कार्यशाला में सभी विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश

अनंत ज्ञान


बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के तहत आगामी दक्षिण-पश्चिम मानसून-2026 की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त एवं प्राधिकरण अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने की। बैठक में सभी विभागों की तैयारियों की समीक्षा कर आपदा से निपटने के लिए समन्वित और समयबद्ध कार्रवाई पर जोर दिया गया।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि मानसून के दौरान जानमाल की सुरक्षा के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम को और मजबूत किया जाए। बिजली, पानी और सड़कों की स्थिति की जानकारी समय पर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से जनता तक पहुंचाई जाए। रेड और ऑरेंज अलर्ट के दौरान मशीनरी और मानव संसाधन की अग्रिम तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग को प्रमुख सड़कों को 24 घंटे चालू रखने, नालियों की सफाई, डंपिंग स्थलों के प्रबंधन और सुरक्षा दीवारों के कार्य मानसून से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। संवेदनशील क्षेत्रों में मशीनरी की तैनाती और डैम क्षेत्रों में सायरन व अलर्ट सिस्टम सक्रिय रखने पर भी जोर दिया गया।

जल शक्ति विभाग को पेयजल आपूर्ति, टंकियों की सफाई और क्लोरीनेशन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। पुलिस और होमगार्ड ने भी अपनी तैयारियों की जानकारी दी और सभी संसाधन उपलब्ध होने की बात कही। बैठक में विभिन्न विभागों ने अपने-अपने मानसून एक्शन प्लान प्रस्तुत किए और आपदा प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### पंडोह डैम पर जल प्रवाह रोकने से विवाद गहराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पंडोह डैम से व्यास नदी में निर्धारित 15 प्रतिशत पानी न छोड़े जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। देव-भूमि पर्यावरण रक्षक मंच के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी ने आरोप लगाया है कि पिछले लगभग 15 दिनों से डैम से पानी छोड़ा ही नहीं गया, जबकि एनजीटी के अनुसार न्यूनतम 15 प्रतिशत जल प्रवाह अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि लीन सीजन में यह सीमा 20 प्रतिशत तक तय है, बावजूद इसके नियमों की अनदेखी की जा रही है। मामला उच्च न्यायालय शिमला तक पहुंच चुका है, जहां डैम प्रबंधन को निगरानी के लिए डिवाइस लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सैनी के अनुसार पानी न छोड़े जाने से जलीय जीव-जंतु, सिंचाई योजनाएं, पेयजल आपूर्ति, पक्षी और वन्यजीव प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही, स्थानीय मछुआरों की आजीविका पर भी गंभीर असर पड़ा है।

**◆ एनजीटी आदेशों की अनदेखी का आरोप पर्यावरण पर संकट**

उन्होंने सरकार से मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और नदी में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए तत्काल जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए।

### बगला फोरलेन पर 23 ग्राम चिट्टे समेत आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान


पुलिस के साथ आरोपी। अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश पुलिस की नशे के खिलाफ जारी विशेष मुहिम के तहत एसटीएफ टीम ने बल्ह क्षेत्र में एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 23 ग्राम चिट्टा बरामद कर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बल्ह ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश पुलिस की विशेष टीम एसटीएफ नाकाबंदी के दौरान बल्ह के बगला में फोरलेन पर मौजूद थी। पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने दिल्ली से मनाली केलांग जा रही एचआरटीसी की बस नंबर एचपी-42-3331 की चेकिंग के दौरान उसमें बैठे आरोपी के कब्जे से 23 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी की शिनाख्त रवि कुमार(40) निवासी लुधियाना पंजाब के तौर पर हुई है। मामले में आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बल्ह में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। एसटीएफ टीम ने आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना बल्ह के हवाले कर दिया है। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

श्रद्धा

### 48 लाख रुपए की स्वीकृति से बदलेगा मंदिर परिसर का स्वरूप

## नबाही देवी मंदिर में नवरात्र पर चढ़ा ₹10.58 लाख चढ़ावा

अनंत ज्ञान


मंदिर परिसर में शुरू हुए निर्माण कार्य का दृश्य। अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के आस्था केंद्र माता नबाही देवी मंदिर में संपन्न नवरात्र पर्व के उपरांत आय के आंकड़ों ने उत्साहजनक तस्वीर प्रस्तुत की है। श्रद्धालुओं के बढ़ते विश्वास ने न केवल मंदिर की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि विकास योजनाओं को भी नई गति प्रदान की है। नवरात्र अवधि के दौरान मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं के सैलाब के फलस्वरूप कुल ₹10,58,280 की आय अर्जित हुई।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार यह आंकड़ा क्षेत्र में देवी आस्था की गहराई को प्रतिबिंबित करता है और भविष्य के विकास कार्यों के लिए मजबूत आधार सिद्ध हो रहा है। इसी के साथ प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर के व्यापक विकास हेतु 48 लाख रुपए की राशि

अनंत ज्ञान खास खबर

स्वीकृत की गई है। इस वित्तीय संबल के माध्यम से मंदिर क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रस्तावित योजनाओं में मंदिर के समक्ष किचन शेड का निर्माण, व्यवस्थित दुकानों की स्थापना, एटीएम भवन, प्री-पेंटेड शीट रूफ के जरिए संरचनात्मक सुरक्षा और दो विशाल हॉलों का निर्माण शामिल है। मंदिर समिति का कहना है कि इन कार्यों का क्रियान्वयन शीघ्र आरंभ किया जाएगा तथा दिसंबर 2026 तक इन्हें पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित है।

मंदिर समिति ने इस उपलब्धि को सामूहिक समर्पण और प्रशासनिक सहयोग का प्रतिफल बताते हुए डीसी मंडी, एसडीएम, मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार सरकाघाट के प्रति आभार प्रकट किया है। समिति के प्रमुख सदस्यों में विनोद वर्मा, पंडित ब्रह्म दास, काली दास, पीसी वर्मा, श्याम लाल, दामोदर शास्त्री, अश्वनी गुलेरिया, अमर सिंह और राज कुमार ठाकुर उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं।

स्थानीय लोगों का मानना है कि इन योजनाओं के पूर्ण होने से श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

**बदलता स्वरूप, सशक्त होता मंदिर परिसर**

**स्वीकृत** विकास योजनाओं के तहत नबाही देवी मंदिर परिसर को अधिक सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त बनाया जाएगा। प्रस्तावित किचन शेड से भंडारा व्यवस्था को स्थायित्व मिलेगा, वहीं नई दुकानों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। एटीएम भवन की स्थापना श्रद्धालुओं के लिए वित्तीय सुविधा को सहज बनाएगी, जबकि प्री-पेंटेड शीट रूफ मंदिर परिसर को मौसमीय प्रभावों से संरक्षण प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, दो विशाल हॉलों का निर्माण धार्मिक अनुष्ठानों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराएगा, जिससे मंदिर गतिविधियों का विस्तार और सुदृढ़ होगा।

### गुलेला-हड़सर सड़क बदहाल, लोग परेशान

अनंत ज्ञान


बदहाल सड़क का दृश्य। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के अंतर्गत पटड़ीघाट-गुलेला-हड़सर सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। जर्जर सड़क और ढहे हुए डंगे के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब 300 मीटर आगे पिछले बरसात में डंगा गिर गया था, जिसके बाद सड़क का एक हिस्सा कमजोर हो गया है। इस स्थान से बड़ी गाड़ियां मुश्किल से गुजर पा रही हैं। इसी जगह पर कुछ महीने पहले एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना भी हो चुकी है, बावजूद इसके अभी तक मरम्मत कार्य नहीं किया गया है।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए रोष जताया है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यदि जल्द सड़क और डंगे की मरम्मत नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

सहायक अभियंता भूपेंद्र पाल ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता से बात कर सड़क की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए जाएंगे और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 90 वर्षीय हरदेई देवी का जन्मदिन पर निधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हरनोड़ा पंचायत के छांब गांव में 90 वर्षीय हरदेई देवी का आज उनके जन्मदिन (25 अप्रैल) पर ही निधन हो गया। वे पिछले दो सप्ताह से बीमार थीं और एम्स बिलासपुर में उनका इलाज चल रहा था। सुबह करीब 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। हरदेई देवी स्वर्गीय लक्ष्मण दास प्रधान (पूर्व पंचायत प्रधान) की धर्मपत्नी थीं। उनके तीन पुत्र व एक पुत्री हैं। अंतिम संस्कार सतलुज नदी के मोक्ष धाम पर किया गया।

### टाहलीवाल क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** विद्युत उपमंडल टाहलीवाल के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को 27 अप्रैल यानी सोमवार को बिजली बाधित रहने की सूचना दी गई है। 132/33/11 केवी सब स्टेशन गुरपलाह और 33/11 केवी सब स्टेशन टाहलीवाल में आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता अभिषेक चंदेल ने बताया कि बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवश्यकता अनुसार बंद रहेगी। इस दौरान नंगल कलां, टाहलीवाल, मानुवाल, बट कलां, ललड़ी, पालकवाह, कुंगड़त, कलेड़ा, हीरां, धुगे, नंगल खुर्द, चांदपुर, करमपुर, भदोड़ी, गुरपलाह, बाथू, बाथरी सहित औद्योगिक क्षेत्र बाथू और बाथड़ी प्रभावित रहेंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### विद्यार्थियों को बताए यातायात नियम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऋषिकेश, जिला बिलासपुर में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, नशे के दुष्परिणामों और साइबर अपराध से बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निर्मल सिंह चंदेल सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे। पुलिस विभाग से जिला यातायात प्रभारी कुलदीप चंद, सुमेर चंद और मनदीप ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए। उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार और रोड सेफ्टी प्रभारी प्रेम लाल (प्रवक्ता, गणित) ने भी महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। अंत में विद्यार्थियों ने जागरूक नागरिक बनने और सुरक्षित रहने की शपथ ली।

### मलेरिया के लक्षण व उपचार की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दयोथ में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा के दिशा-निर्देशों पर प्रधानाचार्य अनिता कुमारी और डॉ. कुलदीप ठाकुर (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, भजूण) की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एचपीवी वैक्सीन और 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान भाषण, पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें दीपिका, स्वाति कौण्डल और गुंजन ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंत में जागरूकता रैली निकाली गई तथा 180 विद्यार्थियों और स्टाफ को फल वितरित किए गए।

### भाजपा की आशंकाएं सही, कर्मियों को राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकारी कर्मचारी भर्ती एवं सेवा शर्तें अधिनियम-2024 को लेकर भाजपा द्वारा जताई गई आशंकाएं अब सही साबित होती नजर आई हैं। दिसंबर 2024 में पारित और फरवरी 2025 से लागू इस अधिनियम को हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है, जिससे राज्य सरकार को बड़ा झटका लगा है। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने पहले ही विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार को चेताया था। अधिनियम में अनुबंध कर्मचारियों की वरिष्ठता नियमितीकरण की तिथि से तय करने का प्रावधान था, जिससे वेतन और पदोन्नति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। कर्मचारियों के विरोध के बावजूद लागू किए गए इस कानून को अब न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद अनुबंध कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है।

### दौड़ व परीक्षा के आधार पर हुआ एनसीसी चयन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गेहरविन में एनसीसी नामांकन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर 4 एचपी बटालियन हमीरपुर से कैप्टन दिवाकर तथा सूबेदार मेजर देवराज मनहांस विशेष रूप से उपस्थित रहे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों का चयन ऊंचाई माप, दौड़ और लिखित परीक्षा के विभिन्न चरणों के माध्यम से किया गया। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वय में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर अतुल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया। कैप्टन दिवाकर ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाता है, बल्कि नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम का समापन चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए किया गया।

### जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में चमके पुरंजय

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसएसआरवीएम ऊना के छात्र पुरंजय ने 13वीं जिला स्तरीय इंस्पायर पुरस्कार-मानक प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 23 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, औहर (जिला बिलासपुर) में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में ऊना और बिलासपुर जिलों के कुल 97 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से कड़े मूल्यांकन के बाद 10 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। चयनित विद्यार्थियों में पुरंजय ने अपनी नवाचारी सोच, प्रभावशाली प्रस्तुति और उपयोगी परियोजना के दम पर स्थान बनाया। विद्यालय की ओर से वैभव और पुरंजय दोनों ने भाग लिया, जिसमें वैभव का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुमेश कुमार शर्मा और प्रधानाचार्या बृज बाला शर्मा ने पुरंजय को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उसकी मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम है।

### कहलूर स्कूल में मनाया विश्व मलेरिया दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कहलूर पब्लिक स्कूल कोठीपुरा में सदर ब्लॉक मारकंड की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बावा के दिशा-निर्देशों में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या पूनमा देवी ने की। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने वर्ष 2026 की थीम 'मलेरिया का उन्मूलन अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर से फैलता है और यह प्लाज्मोडियम परजीवी के कारण होता है। कार्यक्रम में भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही बच्चों को करियर काउंसलिंग और एचपीवी वैक्सीन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

### करमजीत ने लिया मां चिंतपूर्णी का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रसिद्ध पंजाबी हास्य कलाकार, गायक और निर्माता करमजीत अनमोल ने विश्व विख्यात शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में पहुंचकर मां के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी भूषण कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। पूजा के उपरांत हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान करमजीत अनमोल ने कहा कि माता के दरबार में हाजिरी भरकर उन्हें आत्मिक शांति और ऊर्जा का अनुभव हुआ है। उन्होंने अपने बेहतर भविष्य और कार्यों की सफलता के लिए मां का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में कलाकार की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं और प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। करमजीत अनमोल ने भी अपने चाहने वालों को निराश नहीं किया और फैंस के साथ आत्मीयता से मुलाकात करते हुए सेल्फी खिंचवाई।

### हनुमान की 31 फुट मूर्ति का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हनुमान टीला में 31 फुट ऊंची श्री हनुमान प्रतिमा निर्माण के लिए भूमि पूजन पूर्व मंत्री एवं ट्रस्ट चेयरमैन रामलाल ठाकुर ने किया। इस अवसर पर बाबा कल्याण दास जी (29 फीट) और महर्षि वेद व्यास जी (31 फीट) की दो विशाल प्रतिमाओं का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन श्रीमद्भागवत कथा के समापन और बाबा कल्याण दास जी की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। ट्रस्ट द्वारा हनुमान टीला परिसर में गौशाला का भी संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# 63 केवी ट्रांसफार्मर से सकोन गांव में कम वोल्टेज की वर्षों पुरानी समस्या दूर

## विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से नया ट्रांसफार्मर स्थापित, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

अनंत ज्ञान



ट्रांसफार्मर स्थापित होने पर ग्रामीणों ने जताया आभार। अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्ह के वार्ड नंबर दो स्थित गांव सकोन में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज की समस्या का अब स्थायी समाधान हो गया है। विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों से यहां 25 केवी के पुराने ट्रांसफार्मर की जगह अधिक क्षमता वाला 63 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण परिवारों को राहत मिली है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से कम वोल्टेज के कारण बिजली उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे थे। गर्मियों के मौसम में पंखे, कूलर और अन्य घरेलू उपकरण भी पर्याप्त बिजली न मिलने के कारण सही ढंग से नहीं चल पाते थे। इसके अलावा बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी, क्योंकि रात के समय पर्याप्त रोशनी उपलब्ध नहीं हो पाती थी।

इस गंभीर समस्या को ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठाया था। अंततः विधायक विवेक शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर इसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया। उनके निर्देश पर पुराने ट्रांसफार्मर को हटाकर 63 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा का मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे न केवल घरेलू जीवन सुचारू होता है बल्कि शिक्षा और छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के बाद गांव में बिजली आपूर्ति की स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिला है। ग्रामीणों ने इसे लंबे समय से चली आ रही बड़ी समस्या का समाधान बताते हुए राहत की सांस ली है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राम आसरा शर्मा सहित कई ग्रामीणों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि अब उन्हें बिजली से जुड़ी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा और उनके दैनिक कार्य सुचारू रूप से चल सकेंगे। विधायक ने यह भी घोषणा की कि बल्ह पंचायत में जल्द ही दो और बड़े ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या पूरी तरह समाप्त हो सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के तहत बिजली व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

# मंत्री राजेश धर्माणी की सोच को सलाम सेवानिवृत्त अनुभव बने प्रदेश की ताकत

अनंत ज्ञान



**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की सोच इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। वे सेवानिवृत्ति को जीवन का अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत मानते हैं। उनका मानना है कि सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी यदि अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं तो प्रदेश के विकास को नई गति मिल सकती है।

धर्माणी का कहना है कि वर्षों तक प्रशासनिक सेवाओं में कार्य कर चुके अधिकारी अपने साथ अनुभव, निर्णय क्षमता और कार्यकुशलता का बड़ा खजाना लेकर सेवानिवृत्त होते हैं। ऐसे लोग विभागीय कार्यप्रणाली की गहरी समझ रखते हैं और जमीनी स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर चुके होते हैं। इसलिए उनका अनुभव राज्य के लिए अमूल्य संसाधन है।

उन्होंने का मानना है कि सेवानिवृत्ति के बाद कई लोग खालीपन और मानसिक असंतुलन का अनुभव करते हैं। यदि इस समय को सकारात्मक कार्यों में लगाया जाए तो यह व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर लाभकारी हो सकता है। मंत्री धर्माणी ने सुझाव दिया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अवैतनिक सलाहकार, मार्गदर्शक व मेंटर की भूमिका निभाकर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं। वे युवा कर्मचारियों को अनुभव आधारित मार्गदर्शन दे सकते हैं और नीतिगत सुधारों में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। इसके अलावा, उनका मानना है कि सेवानिवृत्त लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अनुभव किसी भी राज्य की सबसे बड़ी पूंजी होता है, जिसे सही दिशा देने पर यह विकास की गति को तेज कर सकता है। धर्माणी की यह पहल एक दूरदर्शी सोच के रूप में देखी जा रही है, जो अनुभव और नई ऊर्जा के संगम से प्रदेश के विकास को नई दिशा दे सकती है।

# चिंतपूर्णी के आरव ने बढ़ाया प्रदेश का मान, इसरो के लिए चयनित



चिंतपूर्णी के आरव का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के बधमाणा गांव के उभरते सितारे और मेधावी छात्र आरव ने अपनी शानदार शैक्षणिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। राकेश सिंह के सुपुत्र आरव का चयन देश की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष संस्था भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए हुआ है, जो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गया है।

आरव की इस उल्लेखनीय सफलता पर क्षेत्रीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने आरव की कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे होनहार युवा ही देश के भविष्य के सच्चे कर्णधार होते हैं।

महज 10वीं कक्षा में अध्ययनरत रहते हुए इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान तक पहुंच बनाकर आरव ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

आरव की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और गणमान्य नागरिकों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जनहित कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी सहन : बबलू

## जनता के द्वार पहुंचे विधायक, भरवाईं में सुनीं समस्याएं, कई शिकायतें मौके पर निपटाईं

अनंत ज्ञान



विधायक सुदर्शन बबलू और अन्य। अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने भरवाईं रेस्ट हाउस में जन-शिकायत निवारण बैठक आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस पहल का उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक ही समाधान उपलब्ध कराना रहा।

बैठक में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिससे अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान संभव हो सका। उपस्थित अधिकारियों में एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, योजना अधिकारी परमिंदर सिंह, एक्सियन पीडब्ल्यूडी दीपक शर्मा, एक्सियन जल शक्ति विभाग होशियार सिंह, एसडीओ बिजली बोर्ड त्रिलोक शर्मा, नायब तहसीलदार संजीव कुमार और जेई टीसीपी शिव कुमार शामिल रहे।

बैठक के दौरान पेयजल, बिजली और सड़कों से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए कई अहम घोषणाएं भी कीं। वधमाणा बुलेहड़िया बस्ती में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से जल शक्ति विभाग के माध्यम से नए पेयजल टैंक का शिलान्यास किया गया, जिससे पानी की समस्या से राहत मिलेगी। इसके अलावा भरवाईं क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ रुपये की विशेष राशि आवंटित करने की घोषणा की गई। बैठक के दौरान स्थानीय युवाओं ने विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। विधायक ने साहिल सहित सभी नए सदस्यों का स्वागत किया।

विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसी उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिजली, पानी व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जा रहा है। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### बधमाणा पंचायत में 20 लाख के पेयजल प्रोजेक्ट का भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** ग्राम पंचायत बधमाणा में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पेयजल टैंक का भूमि पूजन विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने किया। इस परियोजना के तहत 30,000 लीटर क्षमता का टैंक बनाया जाएगा, साथ ही नई पाइपलाइन बिछाकर घर-घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे क्षेत्र के दर्जनों परिवारों को लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने विधायक का भव्य स्वागत किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# एनटीपीसी कोलडैम की पहल : कंडोला में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र, ततापानी-सुन्नी में खुले ओपन जिम



कंडोला में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन के दौरान गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विकास एवं प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी कोलडैम ने अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ग्राम कंडोला में 'सुंदर बाल वाटिका' (स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्र) तथा ततापानी एवं सुन्नी, शिमला में स्थापित ओपन जिम का उद्घाटन किया। ग्राम पंचायत कंडोला में आयोजित कार्यक्रम में एनटीपीसी कोलडैम के अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) विकास गुरूरानी ने ततापानी एवं सुन्नी, शिमला में स्थापित ओपन जिम का उद्घाटन किया। वहीं, ग्राम कंडोला में स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक (हाइड्रो इंजीनियरिंग) सचिन कुमार तोमर द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी (सीएसआर) अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी कोलडैम द्वारा इन आंगनवाड़ी केंद्रों का व्यापक रूप से नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया गया है। इसके अंतर्गत भवनों की मरम्मत, विद्युत सुविधाओं का उन्नयन, किचन एवं शौचालय का विकास तथा स्वच्छ पेयजल हेतु वाटर फिल्टर की स्थापना की गई है। साथ ही, बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट टीवी और वाई-फाई सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त बनाकर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाना तथा उनके सीखने के स्तर में सुधार लाना है।

इस परियोजना का क्रियान्वयन एनटीपीसी कोलडैम के सहयोग से एनाबल सोशल इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों एवं स्थानीय निवासियों ने एनटीपीसी कोलडैम का आभार जताया।

### दियोली व बाथू पंचायतों की मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने का अवसर, आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत जिला ऊना के विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत दियोली तथा विकास खंड हरोली की ग्राम पंचायत बाथू के निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त ऊना ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए इन पंचायतों की अनुपूरक मतदाता सूचियां तैयार की जाएंगी।

यह प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश की अधिसूचना के अनुसार पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) संशोधन नियम, 1994 के नियम 24 के उप-नियम (3) तथा नियम 32 के तहत जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पात्र नागरिक अपने नाम शामिल करवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन मतदाताओं का नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित प्रपत्र-2 (दो प्रतियों में) भरकर जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त, ऊना के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

आवेदन के साथ 2 रुपये का निर्धारित शुल्क भी जमा करवाना होगा। प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### नप घुमारवीं में 4,793 मतदाता करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नगर परिषद घुमारवीं के सामान्य निर्वाचन 2026 के तहत कुल 4,793 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2,442 पुरुष और 2,351 महिला मतदाता शामिल हैं। वार्डवार आंकड़ों के अनुसार वार्ड 1 (बड्डू) में 439, वार्ड 2 (इंदिरा) में 565, वार्ड 3 (अंबेदकर) में 642, वार्ड 4 (कल्याणा) में 323, वार्ड 5 (हारकुकार) में 668, वार्ड 6 (जगदंबा) में 409, वार्ड 7 (बजोहा) में 493, वार्ड 8 (टिक्करी) में 589 तथा वार्ड 9 (दकड़ी) में 665 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रशासन ने बताया कि सभी वार्डों में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### नपं तलाई में 1,752 मतदाता देंगे वोट

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** नगर पंचायत तलाई के सामान्य निर्वाचन 2026 के तहत कुल 1,752 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 884 पुरुष, 867 महिला तथा 1 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। वार्डवार आंकड़ों के अनुसार वार्ड 1 (घाटीवाली सथ) में 265, वार्ड 2 (उपरवाली सथ) में 211, वार्ड 3 (निचली सथ) में 270, वार्ड 4 (तलाई बाजार) में 283, वार्ड 5 (बरयाह) में 295, वार्ड 6 (गुरनाझड़ी) में 199 तथा वार्ड 7 (सियू) में 229 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रशासन ने बताया कि सभी वार्डों में मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कल से

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिलासपुर में पुरुष एवं महिला वर्ग की 19वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 27 अप्रैल से 2 मई तक किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर ओंकार सिंह ने जानकारी दी कि महिला वर्ग की प्रतियोगिता 27 से 29 अप्रैल तक तथा पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 30 अप्रैल से 2 मई तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में लगभग 300 महिला एवं पुरुष प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। महिला वर्ग में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, ग्रुप डांस, सोलो सॉन्ग और स्किट प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि पुरुष वर्ग में कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अरुण गौतम करेंगे।

### नगर पंचायत तलाई चुनाव के लिए मतदान केंद्र अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में नगर पंचायत तलाई के सामान्य निर्वाचन 2026 के लिए विभिन्न वार्डों के मतदान केंद्र अधिसूचित कर दिए गए हैं। यह जानकारी रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा द्वारा जारी अधिसूचना में दी गई। वार्ड संख्या 1 (घाटीवाली सथ) और वार्ड 3 (निचली सथ) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला तलाई को मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड 2 (उपरवाली सथ) के लिए रैहन बसेरा भवन तलाई, वार्ड 4 (तलाई बाजार) के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलाई, वार्ड 5 (बरयाह) के लिए आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड-5, वार्ड 6 (गुरनाझड़ी) के लिए विद्युत उप-मंडल कार्यालय तलाई तथा वार्ड 7 (सियू) के लिए भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलाई को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, इसी विद्यालय के विज्ञान कक्ष को स्ट्रांग रूम तथा लाइब्रेरी कमरा संख्या 11 व 12 को मतगणना केंद्र घोषित किया गया है।

# खराब सड़कों से बढ़ा हादसों का खतरा

## बिलासपुर औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर भड़के उद्योगपति

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला लघु उद्योग संघ बिलासपुर ने औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर प्रशासन के खिलाफ तीखा रुख अपनाते हुए कड़ी नाराजगी जताई है। संघ का कहना है कि बार-बार शिकायतों और ज्ञापनों के बावजूद प्रशासन पूरी तरह मौन बना हुआ है, जिससे उद्योगपतियों और आम लोगों की जान जोखिम में पड़ गई है। इस संबंध में संघ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष प्रेम डोगरा तथा महासचिव इंद्र ठाकुर के नेतृत्व में उपायुक्त से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में औद्योगिक क्षेत्र के लगभग सभी उद्योगपति उपस्थित थे। संघ के पदाधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि क्षेत्र की सड़कों की हालत अब 'सड़क में गड्ढे' नहीं बल्कि 'गड्ढों में सड़क' जैसी हो चुकी है। रोजाना हो रही दुर्घटनाएं प्रशासन की निष्क्रियता की पोल खोल रही हैं। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए इन सड़कों पर चलना किसी खतरे से कम नहीं है। उद्योगपतियों ने आरोप लगाया कि पिछले एक वर्ष से समस्या को कई बार उद्योग विभाग और जिला प्रशासन के समक्ष उठाया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले। हकीकत में धरातल पर कोई सुधार नहीं दिखा।

### 15 तक नहीं सुधरीं सड़क तो खुद करेंगे मरम्मत

**संघ** ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 15 मई तक सड़कों की हालत नहीं सुधरी, तो उद्योगपति स्वयं मरम्मत कार्य शुरू करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन व संबंधित विभागों की होगी। संघ ने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र से प्रतिदिन प्रदेश और विभिन्न परियोजनाओं से जुड़े भारी वाहनों की आवाजाही होती है, लेकिन इसके बावजूद सड़कों की दुर्दशा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा, जो बेहद चिंताजनक है।

### उपायुक्त राहुल कुमार ने दिया आश्वासन

**उपायुक्त** राहुल कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह इस मामले को व्यक्तिगत रूप से देखेंगे और स्वयं सड़कों का निरीक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में सड़कों को दुरुस्त करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### अपमानजनक टिप्पणियों पर हो जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हरियाणा के करनाल जिले में सूरज हत्याकांड के विरोध प्रदर्शन के दौरान दलित समाज की महिलाओं के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियों को लेकर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। पे बैक टू सोसायटी के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र पाल भाटिया ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान की गई जातिगत टिप्पणियां गंभीर चिंता का विषय हैं और यह मामला केवल हत्या तक सीमित न रहकर सामाजिक और जातीय संवेदनशीलता से जुड़ गया है। प्रतिनिधियों ने मांग की कि मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं। इस अवसर पर कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 60 किसानों को पशुपालन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर उपमंडल बंगाणा के मुख्य पशुपालन अस्पताल में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने की। इसमें लगभग 60 किसानों ने भाग लिया। डॉ. अभिनव सोनी और डॉ. दीपशिखा ने किसानों को पशुओं की देखभाल, संतुलित आहार, स्वच्छता, टीकाकरण और रोगों की समय पर पहचान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण और कृमिनाशक दवाओं से पशुओं की बीमारियों से बचाव संभव है। डॉ. जंगा ने पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशु अपनाने, संतुलित आहार देने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग का स्टाफ भी उपस्थित रहा और किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। किसानों ने इस आयोजन को उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की मांग की।

# 'जन विश्वास यात्रा' में गरजी सियासत

## पूर्व मंत्री मार्कंडेय का सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार, जनता ने याद किए विकास के दिन

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल-स्पीति की शांत वादियों में इन दिनों सियासी पारा चढ़ गया है। पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय द्वारा निकाली जा रही हर गांव हर द्वार जन विश्वास यात्रा ने घाटी में हलचल पैदा कर दी है। इस यात्रा के दौरान डॉ. मार्कंडेय ने मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर सीधा हमला बोला और आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल 'झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई है। डॉ. मार्कंडेय के समय में पावर टिलर और अन्य कृषि यंत्रों पर मिलने वाली भारी सब्सिडी अब लगभग खत्म हो चुकी है, जिससे खेती की लागत बढ़ गई है। आरोप है कि लाहुल-स्पीति के विकास बजट में भारी कटौती की गई है, जिससे नई परियोजनाओं का काम ठप पड़ गया है। सड़कों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दयनीय होती जा रही है, जिससे दूरदराज के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।



पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

### विकास का ढांचा चरमराया: कृषि व सब्सिडी पर संकट

**यात्रा** के दौरान डॉ. मार्कंडेय ने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की बदहाली का मुद्दा भी उठाया। स्थानीय किसानों और बागवानों ने भी उनके कार्यकाल और वर्तमान स्थिति के बीच तुलना करते हुए अपनी व्यथा साझा की।

### बेकाब हो चुकी है कांग्रेस की नीतियां

**डॉ.** मार्कंडेय ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के वक्त लाहौल-स्पीति की भोली-भाली जनता को बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन सत्ता में आते ही उन वादों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं को मिलने वाले 1500 रुपये के वादे का जिक्र करते हुए कहा कि आज क्षेत्र की महिलाएं खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। 1500 रुपये की योजना महज एक चुनावी जुमला साबित हुई है। अब जब कांग्रेस के प्रतिनिधि जनता के बीच जाते हैं, तो उनके पास महिलाओं के सवालों का कोई जवाब नहीं होता।

### पर्यटन व संस्कृति को लगा ग्रहण

**मार्कंडेय** ने सुक्खू सरकार को घेरते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में लाहौल-स्पीति को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के लिए विंटर स्पोर्ट्स और विंटर फेस्टिवल जैसे बड़े आयोजन शुरू किए गए थे। लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता के चलते ये गतिविधियां अब दम तोड़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन आयोजनों के बंद होने से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े युवाओं की आजीविका पर बुरा असर पड़ा है।

### बदलाव की सुगबुगाहट

**जन** विश्वास यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से उत्साहित डॉ. मार्कंडेय ने दावा किया कि जनता अब कांग्रेस के कुशासन से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि लाहुल-स्पीति की जनता आने वाले समय में इस निराशा का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी और क्षेत्र में फिर से विकास का युग लौटेगा।

# मनाली के सेल्फी प्वाइंट की जर्जर हालत पर कांग्रेस नेता गौतम मुखर

## कुल्लवी परिधान वाली प्रतिमाओं की दुर्दशा पर आक्रोश

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने मनाली के अटल चौक के समीप बीएसएनएल द्वारा लाखों की लागत से निर्मित सेल्फी प्वाइंट की वर्तमान जर्जर स्थिति पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कुल्लूवी परिधान में स्थानीय महिलाओं की प्रतिमाओं को जिस प्रकार प्रस्तुत किया गया है, वह अत्यंत शर्मनाक एवं निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक दृष्टि से कुल्लू क्षेत्र में इतनी गरीबी तो स्वतंत्रता काल में भी नहीं थी, जैसी तस्वीर आज से लगभग 80 वर्ष बाद इस सेल्फी पॉइंट के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही है। माल रोड स्थित इस सेल्फी पॉइंट को बने दस वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, परंतु इसके अंदर रखी गई नकली प्रतिमाएं कुल्लूवी परिधान में इस प्रकार दिखाई देती हैं मानो उन्हें कबाड़ बाजार से लाकर जबरन पहनाया गया हो। इससे यहां आने वाले लाखों पर्यटकों के सामने कुल्लूवी परिधान एवं समृद्ध स्थानीय संस्कृति की गलत छवि प्रस्तुत हो रही है। कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर ने उपायुक्त कुल्लू तथा पर्यटन विकास अधिकारी से आग्रह किया है कि टूरिज्म डेवलपमेंट काउंसिल के माध्यम से आवश्यक धन उपलब्ध करवाकर इस जर्जर हो चुके पर्यटक केंद्र का शीघ्र जीर्णोद्धार करवाया जाए, ताकि स्थानीय संस्कृति का सम्मानजनक और आकर्षक प्रदर्शन किया जा सके। उन्होंने प्रशासन से यह भी अनुरोध किया कि माल रोड स्थित चौक का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर तथा माल रोड स्थित पार्क का नाम मनु महाराज के नाम पर रखा जाए, जिससे पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को स्थानों की पहचान और जानकारी देने में सुविधा हो सके।

इसके अतिरिक्त गौतम ठाकुर ने कुल्लू प्रशासन से आग्रह किया कि रांगड़ी स्थित निर्माणाधीन पुल का नाम पूर्व मंत्री स्व. रामकृष्ण गौड़ के नाम पर रखने हेतु हिमाचल प्रदेश सरकार को संस्तुति भेजी जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशासन एवं संबंधित विभाग इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएंगे, जिससे पर्यटन नगरी मनाली की गरिमा और सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ किया जा सके।



लाखों रुपए की लागत से निर्मित सेल्फी प्वाइंट। अनंत ज्ञान

# राष्ट्रपति दौरा: पलचान पुल-अटल टनल मार्ग 29 अप्रैल को रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रपति का प्रदेश प्रवास 27 अप्रैल से 2 मई तक निर्धारित है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 29 अप्रैल को राष्ट्रपति अटल टनल रोहतांग के दौरे पर रहेंगे। दौरे के दृष्टिगत जिला प्रशासन कुल्लू ने यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी कुल्लू, अनुराग चन्द्र शर्मा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार 29 अप्रैल को वीवीआईपी आगमन/दौरे के दौरान पलचान पुल से अटल टनल रोहतांग (दक्षिण पोर्टल) की ओर किसी भी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी। यह प्रतिबंध दोपहर 12 बजे तक अथवा दौरा समाप्त होने तक, जो भी बाद में हो, प्रभावी रहेगा इसके अतिरिक्त, पलचान पुल की ओर आने वाले सभी वाहनों को निर्धारित अवधि के दौरान गुलाबा की ओर मोड़ा जाएगा। वहीं, वशिष्ठ चौक से रोहतांग की ओर जाने वाले यातायात पर भी रोक रहेगी तथा वाहनों को वशिष्ठ क्षेत्र की ओर डायवर्ट किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### बाहु मेला 3 से, देव मिलन से होगा शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, आनी।** क्षेत्र का प्रसिद्ध बाहु मेला इस वर्ष 3 और 4 मई को दो दिवसीय उत्सव के रूप में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेले का शुभारंभ 3 मई को पारंपरिक देव परंपरा के तहत शमशरी महादेव और चजाई नाग देवता के आगमन व पावन मिलन से होगा। उद्घाटन अवसर पर फकीर चंद वर्मा मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। पहले दिन रात्रि में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें स्टार कलाकार रमेश ठाकुर और सुनीता भारद्वाज सहित स्थानीय कलाकार रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। 4 मई को महिलाओं के मंडलों द्वारा पारंपरिक नाटियां प्रस्तुत की जाएंगी। चोला-कलगी नाटी और रस्साकशी प्रतियोगिता भी मुख्य आकर्षण रहेंगी। मेले का समापन समाजसेवी सनी ठाकुर करेंगे। आयोजकों ने लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय उच्च पाठशाला तुमन में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत विभिन्न शैक्षिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समझ और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विषय आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त लंगड़ी रेस, चेयर रेस व दौड़ स्पर्धाएं भी आयोजित की गईं, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्याध्यापक मनोहर लाल भोगल ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति व परंपराओं को समझना है। उन्होंने बताया कि हिमाचल को केरल के साथ जोड़ा गया है। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### लाहौल में 35 जवानों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के लाहौल उपमंडल के अंतर्गत आने वाले बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन स्टिंगरी कैंप में आज एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के 35 जवानों ने रक्तदान किया यह रक्तदान शिविर बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन एवं रक्त एकत्र संग्रहालय कल्लू के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के जवानों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों के साथ साथ बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के आला अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। एक सफल रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के अधिकारियों एवं जवानों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

### वॉलीबॉल टूर्नामेंट में 13 टीमें ले रही भाग



**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली उपमंडल के सजला गांव में वॉलीबॉल मेले का शुभारंभ किया। वालीबाल मेले के आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलकूद से जोड़ना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना है। इस वॉलीबॉल मेले में कुल्लू जिला की 13 टीमें भाग ले रही है। मेले का शुभारंभ हिम आंचल टैक्सी यूनियन मनाली के अध्यक्ष राजकमल राजा ने किया। वालीबाल मेला कमेटी ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक स्वागत किया। मुख्य अतिथि राजकमल राजा ने युवाओं को वॉलीबॉल मेला आयोजित करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। खेल अनुशासन, सहनशीलता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। ये न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि तनाव कम करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और नशामुक्ति में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने घाटी के युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलों में तरफ ध्यान दें और नशे से दूरी बनाए रखें।

# 26 साल बाद जिया संगम पर आज होगा माता भुवनेश्वरी के नए रथ का शाही स्नान



माता भुवनेश्वरी काली लाव लश्कर के साथ जाते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** उझी घाटी के बड़ाग्रां डांडीधार क्षेत्र में इन दिनों आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। माता भुवनेश्वरी काली के नए रथ के निर्माण के साथ-साथ नई भंडार की प्रतिष्ठा को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल चरम पर है। खास बात यह है कि यह ऐतिहासिक आयोजन पूरे 26 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है।

इस पावन अवसर पर त्रिलोक चंद कारदार, बुध राम पुजारी और गुरु परस राम की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान विधिवत रूप से संपन्न किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार को सुबह जिया संगम पर माता के नए रथ का शाही स्नान होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यह भव्य दृश्य आस्था, परंपरा और संस्कृति का अनूठा प्रतीक बनेगा। शाही स्नान के उपरांत माता के धाम आगमन पर नई भंडार की प्रतिष्ठा सहित विधिवत प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही भक्तों द्वारा भव्य देवधाम का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन न केवल हमारी पुरातन परंपराओं को जीवित रखते हैं। 26 साल बाद हो रहे इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है व हर कोई इस पुण्य अवसर का साक्षी बनने के लिए उत्सुक है।

# बोलेरो कैंपर हादसे में 4 घायलों का इलाज जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के तहसील निरमंड के अंतर्गत समेज मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क हादसा हुआ। कनराड़ मोड़ के पास एक बोलेरो कैंपर (एचपी 26 बी 2744) अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा दोपहर करीब 4:30 बजे हुआ, जिसमें चालक सहित वाहन में सवार कुल 22 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। उपमंडल अधिकारी निरमंड जगदीप सिंह कंवर ने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया है। प्रशासन की ओर से गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को 5-5 हजार रुपये की राहत राशि भी प्रदान की गई है। अन्य घायलों में से 18 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकी का स्वास्थ्य परीक्षण जारी है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# सैंज में लक्ष्मी नारायण मेले की तैयारियां तेज

## कमेटी एक्शन मोड में, 4 को संस्कृति और खेलकूद का सजेगा महाकुंभ

अनंत ज्ञान

**सैंज।** जिला स्तरीय लक्ष्मी नारायण मेला सैंज की तैयारियां अब अपने परवान पर हैं। आगामी 4 मई से शुरू होने वाले इस मेले को सफल बनाने के लिए मेला कमेटी पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। लोक संस्कृति, खेलकूद और मनोरंजन के इस संगम को भव्य रूप देने के लिए उप-समितियों ने दिन-रात एक कर दिया है। देव परंपरा का निर्वहनमेले का मुख्य केंद्र बिंदु देव परंपरा रहेगी। अधिष्ठाता देवता लक्ष्मी नारायण के आगमन के साथ घाटी के अन्य देवी-देवता भी इस उत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। लक्ष्मी नारायण कला मंच पर लगातार पांच दिनों तक सांस्कृतिक संध्याएं सजेंगी, जिनमें स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने के साथ-साथ प्रदेश के नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मेला कमेटी जल्द ही एक फाइनल मीटिंग करेगी, जिसमें मेले की पूरी रूपरेखा और कार्यक्रमों की समय-सारणी की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी।

मेला कमेटी के अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इस बार दर्शकों को 'वॉइस ऑफ सैंज' और 'महिलाओं की महानाटी' देखने को नहीं मिलेगी, इन्हें कार्यक्रम से बाहर रखा गया है। हालांकि, मेले के आकर्षण को बरकरार रखने के लिए कई नई और पारंपरिक विधाओं को जोड़ा गया है।

महिला एवं युवक मंडलों के लोक नृत्य, भव्य मुगल नृत्य। महिलाओं के लिए 'ओल्ड फैशन शो' प्रतियोगिता। पारंपरिक लोकगीत 'लामन' और जोश से भरपूर 'तलवार नृत्य'।

### खेल प्रेमियों के लिए खास आयोजन

**मेले** के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताओं के जरिए रोमांच का तड़का भी लगेगा। खेल प्रेमियों के लिए निम्नलिखित स्पर्धाएं आयोजित होंगी। महिला वर्ग, कबड्डी और रस्साकशी। पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता।

### व्यापारियों की आमद शुरू, सुविधाओं पर जोर

**मेला** मैदान में व्यापारियों का पहुंचना अभी से शुरू हो गया है। महासचिव मोहर सिंह ठाकुर और देवता लक्ष्मी नारायण के कारदार जगरनाथ ने बताया कि व्यापारियों को प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। मैदान में बिजली, पानी और सफाई की विशेष व्यवस्था की जा रही है। व्यापारियों को उचित दाम पर स्थान उपलब्ध करवाया जाएगा।

**हमारा** उद्देश्य समृद्ध देव संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन है। मेले को सफल बनाने के लिए सरकारी व गैर-सरकारी सदस्यों के साथ-साथ घाटी के जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों से सहयोग की अपील की गई है।

**– राजेश शर्मा, अध्यक्ष, मेला कमेटी**

# सेऊबाग सस्पेंशन ब्रिज के लिए 12 करोड़ मंजूर, लेफ्ट बैंक क्षेत्र में जश्न का माहौल

- गाहर पंचायत के निवर्तमान प्रधान सहित लोगों ने सीएम व विधायक भुवनेश्वर गौड़ का जताया आभार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू घाटी के लेफ्ट बैंक और सेऊबाग क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही एक बड़ी मांग अब हकीकत में बदलने जा रही है। सेऊबाग में व्यास नदी पर बनने वाले सस्पेंशन ब्रिज (झूला पुल) के निर्माण के लिए सरकार ने 12 करोड़ रुपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस घोषणा के बाद से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और स्थानीय लोगों ने इसे विकास के नए युग की शुरुआत बताया है।

इस महत्वपूर्ण बजट प्रावधान के लिए गाहर पंचायत के निवर्तमान प्रधान रोहित वत्स धामी सहित सेऊबाग, लेफ्ट बैंक और आसपास की पंचायतों के निवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। स्थानीय जनता का कहना है कि विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस मामले को प्रमुखता से सरकार के समक्ष उठाया था, जिसके परिणामस्वरूप आज इतनी बड़ी राशि स्वीकृत हुई है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुराने पुल की जर्जर हालत और बढ़ते ट्रैफिक के कारण यहां यातायात की भारी समस्या रहती थी। 12 करोड़ की लागत से बनने वाला यह आधुनिक सस्पेंशन ब्रिज न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, लेफ्ट बैंक क्षेत्र में पर्यटकों की आवाजाही आसान होगी। स्थानीय बागवानों और व्यापारियों को अपने उत्पाद मंडी तक पहुंचाने में सुविधा होगी। कुल्लू और मनाली के बीच वैकल्पिक मार्ग के रूप में यह पुल मील का पत्थर साबित होगा।

### ऐतिहासिक निर्णय से उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद

**क्षेत्रवासियों** ने इस निर्णय को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए कहा कि यह पुल क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगा। लोगों ने सरकार से आग्रह किया है कि बजट मिलने के बाद अब जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पुल का निर्माण कार्य शुरू किया जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर जनता को इसका लाभ मिल सके।

# 70 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य, नि:शुल्क दवाइयां भी की वितरित

**अनंत ज्ञान, मनाली।** वन्य प्राणी सुरक्षा समिति ने मनु हास्पिटल एंड के सहयोग से मनाली में चिकित्सा कैंप आयोजित किया। इस कैंप में 70 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप में मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार छविंद्र ठाकुर ने स्वास्थ्य कैंप की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने चिकित्सा कैंप लगाने के लिए किशन लाल के प्रयासों की सरहना की।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित एवं वन्य प्राणी सुरक्षा समिति के अध्यक्ष किशन लाल ने कहा कि उन्होंने मनु हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह 66वां स्वास्थ्य शिविर है। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह उनका 66वां मेडिकल कैंप है। उन्होंने कहा कि जब समाज के बच्चे, युवा और बुजुर्ग स्वस्थ होंगे, तभी एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। शिविर में भारी संख्या में लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। उपस्थित लोगों ने किशन लाल ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे न केवल पर्यावरण को बचाने के लिए समर्पित हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# कुल्लू में भक्ति और आध्यात्मिक लहर 30 अप्रैल से 3 मई तक होगा समागम

- 28 को पधारेंगी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि कुल्लू की वादियों में इन दिनों भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा उत्साह देखने को मिल रहा है। मानवता और प्रेम का संदेश लेकर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी आगामी 28 अप्रैल को कुल्लू प्रवास पर आ रहे हैं। इस दिव्य आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन और संत निरंकारी मिशन के अनुयायियों ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। युवाओं को मिलेगा मार्गदर्शन सिम्पोजियम के समापन अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज स्वयं उपस्थित रहकर युवाओं को अपना पावन आशीर्वाद देंगी। इस दौरान वह वर्तमान समय में युवाओं को संतुलित, सकारात्मक और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करेंगी। संत निरंकारी मिशन के स्थानीय पदाधिकारियों के अनुसार, यह आयोजन केवल एक धार्मिक समागम नहीं है, बल्कि यह भक्ति, युवा शक्ति और सामाजिक चेतना का एक अद्भुत संगम होगा। 28 अप्रैल को होने वाले भव्य स्वागत को लेकर न केवल कुल्लू बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। सतगुरु माता जी के आगमन के साथ ही कुल्लू में 30 अप्रैल से तीन दिवसीय निरंकारी युवा सिम्पोजियम का आगाज होगा।



### ढालपुर मैदान स्वागत को पूरी तरह तैयार

**कुल्लू** का ऐतिहासिक ढालपुर मैदान इस भव्य स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। मैदान को भव्य स्वागत द्वारों और आकर्षक सजावट से 'दुल्हन' की तरह सजाया गया है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सेवा दल के स्वयंसेवक दिन-रात व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

# सड़क नहीं तो वोट भी नहीं

## पिन वैली की दो पंचायतों ने फूंका चुनावी बहिष्कार का बिगुल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** लोकतंत्र के उत्सव पर विकास की अनदेखी भारी पड़ती दिख रही है। लाहौल-स्पीति की सगनम और कुंगरी पंचायतों ने दशकों से लंबित अपनी पिन-भावा सड़क की मांग को लेकर आगामी पंचायत चुनावों के पूर्ण बहिष्कार का ऐतिहासिक ऐलान कर दिया है। यह फैसला केवल कागजी नहीं है, बल्कि घाटी के कोठी नंबरदार, समस्त ग्राम नंबरदारों और स्थानीय जनता ने एकजुट होकर एक स्वर में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। एक साथ दो बड़ी पंचायतों द्वारा चुनाव बहिष्कार के ऐलान ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है। यह बहिष्कार न केवल एक लोकतांत्रिक विरोध है, बल्कि उन दुर्गम क्षेत्रों की पीड़ा का आईना भी है जो आज भी आधुनिक संपर्क मार्ग के लिए तरस रहे हैं।

### घाटी के लोग पिछले 20 वर्षों से कर रहे हैं सड़क के लिए संघर्ष

**पिन-भावा** सड़क की मांग कोई नई नहीं है; घाटी के लोग पिछले 20 वर्षों से इस सड़क के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हर चुनाव में उन्हें केवल आश्वासन मिले, लेकिन धरातल पर पत्थर तक नहीं लगा।

### शिमला तक का सफर 90 से 100 किलोमीटर हो जाएगा कम

**इस** सड़क का महत्व सामरिक और आर्थिक दोनों लिहाज से अत्यधिक है। इस मार्ग के निर्माण से स्पीति घाटी सीधे किन्नौर से जुड़ जाएगी, जिससे शिमला तक का सफर 90 से 100 किलोमीटर कम हो जाएगा। छोटा रास्ता होने से कृषि उत्पादों को मंडियों तक पहुंचाना आसान होगा और पर्यटन क्षेत्र में क्रांति आएगी। सर्दियों और आपातकाल के समय यह सड़क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 'संजीवनी' का काम करेगी।

### ठोस आश्वासन नहीं मिला, तो कोई भी मतदाता नहीं देगा वोट

**स्थानीय** नंबरदारों और ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में कहा है हम वर्षों से अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यदि प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग इस सड़क के निर्माण के लिए कोई समयबद्ध कार्ययोजना पेश नहीं करते, तो घाटी का एक भी मतदाता पोलिंग बूथ तक नहीं जाएगा।

# महिला आरक्षण बिल का विरोध कांग्रेस के 'महिला विरोधी' चरित्र का प्रमाण: प्रियंता शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश भाजपा की जिला सह-प्रभारी प्रियंता शर्मा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए उन्हें 'महिला विरोधी' करार दिया है। कुल्लू के अटल सदन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का विरोध कर कांग्रेस ने अपनी संकीर्ण मानसिकता का परिचय दिया है। प्रियंता शर्मा ने सीधे तौर पर प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि आखिर महिलाओं को उनका हक न देना लोकतंत्र की जीत' कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा देशवासियों ने लोकसभा में कांग्रेस और विपक्षी दलों का दोहरा चरित्र देखा है। एक तरफ ये दल महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं और दूसरी तरफ ऐतिहासिक सुधारों की राह में रोड़ा अटकाते हैं।

इस पत्रकार वार्ता के दौरान जिला प्रभारी बिहारी लाल शर्मा, जिला अध्यक्ष अमित सूद, रचना ठाकुर, विंदिया सूद, अनुपमा और विनोद भी उपस्थित रहे। सभी भाजपा नेताओं ने एक सुर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष की कोई भी बाधा नारी शक्ति के सम्मान में लिए गए फैसलों को नहीं रोक पाएगी। भाजपा नेत्री ने विपक्ष की प्रमुख महिला नेताओं- ममता बनर्जी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और डिंपल यादव का नाम लेते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला होने के बावजूद इन नेताओं ने महिला आरक्षण बिल का विरोध किया।

**मौसम की मार** उझी घाटी में बागवानों की मुश्किलें बढ़ी, सेब उत्पादन पर संकट

# ओलावृष्टि से सेब की फसल को भारी नुकसान

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की उझी घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को मौसम के अचानक परिवर्तन ने बागवानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले कुछ दिनों से मौसम स्थिर बना हुआ था, जिससे बागवानों को इस बार बेहतर उत्पादन की उम्मीद थी। विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब के फूल खिलने की प्रक्रिया सही दिशा में चल रही थी, लेकिन शनिवार को हुई ओलावृष्टि ने इस पूरी स्थिति को प्रभावित कर दिया है।

शनिवार दोपहर बाद नग्गर, नथान और फोजल सहित आसपास की ऊंची चोटियों पर तेज ओलावृष्टि दर्ज की गई। इस दौरान गिरे ओलों के कारण सेब के बगीचों को काफी नुकसान पहुंचा है। बागवानों ने बताया कि सेब के पेड़ों पर खिले फूल ओलों की मार नहीं झेल पाए और भारी मात्रा में नीचे गिर गए। इसके अतिरिक्त, जिन क्षेत्रों में फल लगने की शुरुआती अवस्था थी, वहां भी ओलों की चोट से फलों की बाहरी सतह को नुकसान पहुंचा है।

बागवानी विशेषज्ञों का मानना है कि फ्लावरिंग स्टेज (फूल आने की अवस्था) के दौरान ओलावृष्टि होना फसल के लिए सबसे अधिक हानिकारक होता है। फूलों के झड़ने से सीधे तौर पर उत्पादन की मात्रा कम हो जाती है। वहीं, जिन फलों पर ओलों के निशान पड़ जाते हैं, उनकी गुणवत्ता बाजार में कम आंकी जाती है, जिससे बागवानों को आर्थिक रूप से घाटा उठाना पड़ता है। साल भर की मेहनत के बाद ऐन मौके पर मौसम की इस बेरुखी ने किसानों के बजट को बिगाड़ कर रख दिया है।

### उचित आकलन और राहत की दरकार



**क्षेत्र** के प्रभावित बागवानों ने अब प्रदेश सरकार और प्रशासन से इस नुकसान के उचित आकलन की मांग की है। बागवानों का कहना है कि वे पहले ही खाद, दवाइयों और मजदूरी पर काफी खर्च कर चुके हैं। ऐसे में फसल को पहुँची इस क्षति के बाद उनकी उम्मीदें अब सरकारी राहत पर टिकी हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि राजस्व और बागवानी विभाग के अधिकारियों के माध्यम से मौके की रिपोर्ट तैयार की जाए ताकि प्रभावितों को कुछ आर्थिक सहायता मिल सके।

### जोखिम भरी होती जा रही है बागवानी

**हाल** के वर्षों में मौसम के बदलते पैटर्न ने बागवानी को एक चुनौतीपूर्ण कार्य बना दिया है। कभी असमय बर्फबारी तो कभी अचानक ओलावृष्टि से सेब उत्पादकों को हर साल नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार की इस घटना ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और प्रयासों के बावजूद, पहाड़ी क्षेत्रों में बागवानी काफी हद तक प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर है, जहां मौसम का एक छोटा सा बदलाव भी साल भर की कमाई को प्रभावित कर सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा की पूर्व पार्षद शबाना चौहान का निधन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद में भाजपा की तीन बार पार्षद रही शबाना चौहान का शनिवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। श्रीमती चौहान के निधन से शहर में शोक की लहर है। शबाना चौहान लंबे अरसे सियासत में सक्रिय रहीं। विकास कार्य कराने में तेज-तर्रार अंदाज व अपनी मिलनसार छवि के चलते उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बनाई। कई सामाजिक संस्थाओं व भाजपा नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

### विधायक संजय अवस्थी कल अर्की प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी 27 अप्रैल को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी 27 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे ग्राम पंचायत लग में लगदाघाट से सून तक संपर्क मार्ग की आधारशिला रखेंगे। विधायक तदोपरांत 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनेंगे। संजय अवस्थी दोपहर 12.30 बजे ग्राम पंचायत मलौण के बनाली ब्राहमणा में शहीद राम रत्तन बनाली ब्राहमणा संपर्क मार्ग की आधारशिला रखेंगे। दोपहर 1.30 बजे ग्राम पंचायत भियूंखरी के राजकीय उच्च विद्यालय भियूंखरी के परीक्षा हॉल व अतिरिक्त कमरों की आधारशिला रखेंगे। विधायक सांय 03.00 बजे ग्राम पंचायत भियूंखरी में राजकीय प्राथमिक पाठशाला चिनयारी के भवन का लोकार्पण करेंगे।

### आपदा प्रबंधन को मजबूत करने को मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** आपदा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गत रात्रि ऐतिहासिक ठोडो मैदान में गृह रक्षा 11वीं वाहिनी सोलन द्वारा एयर रेड एवं बमबारी परिदृश्य पर आधारित मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस ड्रिल ने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का सफल परीक्षण किया। मॉक ड्रिल में पुलिस, होमगार्ड, सिटी वालंटियर, एनएसएस तथा आपदा मित्र के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। परिदृश्य के अनुसार, एयर रेड अलार्म बजते ही सभी प्रतिभागी निर्धारित स्थानों पर पहुंचे। बमबारी सिमुलेशन में घायलों को बचाने, बचाव कार्य और निकासी अभियान का अभ्यास किया गया।

### विश्व मलेरिया दिवस पर किया जागरुक

**अनंत ज्ञान, कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की क्षेत्र में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर अर्की सिविल अस्पताल में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना तथा इसके बचाव और समय पर उपचार के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार शांडिल, काउंसलर सिविल हॉस्पिटल अर्की ने उपस्थित लोगों को मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है।

### बैग फ्री डे पर विविध गतिविधियों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डब्लू में बैग फ्री डे के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां विद्यालय में की गई। सबसे पहले सड़क सुरक्षा के नियमों पर एक रैली का आयोजन विद्यालय परिसर से डब्लू गांव तक किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा हेल्थ और हाइजीन विषय पर एक व्याख्यान बच्चों को प्रदान किया गया। विद्यालय में हाउस फॉरमेशन किया गया। इसके तहत बच्चों को चार सदनों में विभक्त किया गया। स्नेहा और युवराज को हेड बॉय हेड गर्ल चुना गया। कशिश, पायल रोहित स्नेहा सुजल काव्य निखिल योगिता को कैप्टन वाइस कप्तान चुना गया। विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित कर सड़क सुरक्षा और सदन व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला।

### कैदियों को दिए आध्यात्मिक प्रवचन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा अपने कारागार सुधार एवं पुनर्वास कार्यक्रम 'अंतरक्रांति' के अंतर्गत जिला कारागार सोलन में तीन दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस स्वामी विज्ञानानंद ने कैदी बंधुओं को संबोधित करते हुए भारतीय अध्यात्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अध्यात्म भारत की सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जो वैदिक काल से लेकर आज तक ज्ञान, योग, भक्ति और दर्शन की परंपराओं में समाहित है। 'प्रत्येक आत्मा संभावित रूप से दिव्य है' इस मूल विचार को अपनाकर व्यक्ति आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति प्राप्त कर सकता है। उन्होंने योग, ध्यान और भक्ति को संतुलित एवं सार्थक जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम में 'वसुधैव कुटुम्बकम' के वैश्विक संदेश को भी रेखांकित किया गया, जो समस्त मानवता को एक परिवार मानने की प्रेरणा देता है।

### छात्रों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डगशाई में वर्ष 2026-27 के लिए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन स्कूल प्रिंसिपल रचना अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। इस समिति का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विद्यालय की राजनीतिक शास्त्र प्रवक्ता अंजना ठाकुर को क्लब का इंचार्ज बनाया गया है, जबकि राधेश्याम (लेक्चरर) को स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा विद्यालय के 30 विद्यार्थियों को क्लब के सदस्य के रूप में चुना गया है। क्लब की इंचार्ज अंजना ठाकुर ने बताया कि इस मासिक बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया से अवगत कराना है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ईवीएम की जानकारी दी गई। साथ ही स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण और मतदान पेटी तैयार करने जैसी गतिविधियां भी करवाई गईं। भूपेंद्र शर्मा ने छात्रों को मतदान के महत्व और वोटर आईडी कार्ड की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

### महिला आरक्षण बिल पर भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** संगडाह नोहराधार भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि लालू प्रसाद यादव की बेटी राहुल गांधी की बहन अखिलेश यादव एवं सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी ही क्यों जाए संसद एवं विधानसभा बाकी महिलाएं क्यों नहीं। रावत ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इंडिया गठबंधन के नेता नहीं चाहते कि देश व प्रदेश की महिलाओं को भी लोकसभा एवं विधानसभा सीटों पर 33% का आरक्षण मिले। रावत ने बताया कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को पता है कि अगर लोकसभा एवं विधानसभा सीटों पर देश व प्रदेश की महिलाओं को 33% का आरक्षण मिलता है तो फिर उनके परिवार की महिलाओं को चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलेगा। क्योंकि फिर दूसरी महिलाओं को भी लोकसभा एवं विधानसभा के टिकट देने पड़ेंगे।

# 124 साल पुरानी कंडाघाट-चायल सड़क अब भी सिंगल लेन, जर्जर हाल में पुल-पुलियां व बढ़ते ट्रैफिक से खतरा

अनंत ज्ञान

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** कंडाघाट-चायल सड़क, जो करीब 124 वर्ष पहले पटियालाशाही काल में बनाई गई थी, आज भी अपनी मूल सिंगल लेन चौड़ाई में ही चल रही है। यह सड़क पर्यटन नगरी चायल को सोलन, शिमला और सिरमौर जिलों के बड़े हिस्सों से जोड़ती है, लेकिन बढ़ते यातायात के बावजूद इसे अब तक टू-वे नहीं बनाया गया। नतीजतन स्थानीय लोगों और पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खासकर पर्यटन और फसलों के सीजन में जब जाम आम बात हो जाती है।



जर्जर हालत में पुलिया। अनंत ज्ञान

### 1904 में बने पुल-पुलियां आज भी उपयोग में

**इस** सड़क का निर्माण 1902 तक पूरा हो गया था और 1904 में अश्वनी खड्ड पर सबसे बड़ा पुल बनाया गया था। उस समय के अनुसार बनाए गए पुल और पुलियां आज भी उपयोग में हैं, जबकि अब वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ चुकी है। इन पुराने ढांचों की क्षमता सीमित है और वे भारी वाहनों का दबाव झेलने में सक्षम नहीं हैं। वर्ष 2014 में अश्वनी खड्ड का पुल भारी वाहन के गुजरने से क्षतिग्रस्त हो गया था, हालांकि बड़ा हादसा टल गया। इसके बावजूद उसी दौर की कई अन्य पुलियां आज भी जोखिम के बीच यातायात का भार उठा रही हैं।

### पर्यटकों की पसंदीदा जगह चायल घाटी

**चायल** घाटी देश-विदेश के पर्यटकों की पसंदीदा जगह है, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण बड़ी बसों और भारी वाहनों की आवाजाही सीमित है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह सड़क केवल 42 सीट वाली बसों के लिए उपयुक्त है। विभाग ने पुरानी पुलियों के स्थान पर नए निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजे हैं, लेकिन क्षेत्र के लोग जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

## सफलता : कीप्स की बालिका वॉलीबॉल टीम ने जीती ट्रॉफी



अनंत ज्ञान

**सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की ओर से एक बार फिर खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की गई, जब विद्यालय की बालिका वॉलीबॉल टीम ने नालागढ़ के एंडरोला स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 24 अप्रैल को आयोजित प्रतियोगिता में विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में टीम ने बद्दी यूनिवर्सिटी की बालिका वॉलीबॉल टीम को पराजित कर यह गौरवपूर्ण सफलता हासिल की। इस जीत के साथ टीम को 4100 की नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर तथा प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के सीईओ डॉ. संजीव मैनरा ने टीम, कोचों एवं समस्त किप्स परिवार को इस शानदार सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।

### दभोटा-माजरा रोड पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# खैर की लकड़ी के 11 लॉग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**बीबीएन।** वन विभाग ने अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी रोहित ठाकुर द्वारा गठित पेट्रोलिंग टीम जिसकी अगुआई वन खंड अधिकारी सैनी माजरा तरसेम लाल के द्वारा की जा रही थी व टीम में वन रक्षक विकास कटोच, विवेक कुमार, अंशुल और संजीव कुमार शामिल थे, ने बीती रात नाका के दौरान एक संदिग्ध वाहन को शनिवार की सुबह लगभग 5:15 बजे दभोटा से माजरा रोड पर जांच के लिए रोका गया।

जांच के दौरान टीम ने पाया कि सफेद रंग की स्विफ्ट कार में खैर की लकड़ी के 11 लॉग्स अवैध रूप से ले जाए जा रहे थे। मौके पर पकड़े गए आरोपियों की पहचान बॉबी (पुत्र रामानंद उर्फ नंद डॉक्टर, निवासी गांव माजरा, डाक घर दभोटा) और सोनू (पुत्र कश्मीरी, निवासी गांव भांगला) के रूप में हुई। वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी दभोटा में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है और आगे की कार्रवाई के लिए आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों को बक्शा नहीं जाएगा।

### एनएच-5 के चंबाघाट फ्लाईओवर पर स्कॉर्पियो पलटी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के चंबाघाट फ्लाईओवर पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बारात लेकर जा रही एक स्कॉर्पियो अचानक पलट गई। जानकारी के अनुसार बारात परवाणु से सलोगड़ा की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन फ्लाईओवर पर पहुंचा यह हादसा पेश आया। हादसे के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि वाहन का संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई। गनीमत यह रही कि स्कॉर्पियो में सवार सभी बाराती पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और हालात को संभाला। क्रेन की मदद से वाहन को सीधा कर सड़क से हटाया गया, जिसके बाद यातायात को सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया।

# विकास का विजन डॉक्यूमेंट तक नहीं बना पाया सोलन नगर निगम

### पेयजल, पार्किंग, सीवरेज और ट्रैफिक समस्या से निजात नहीं

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** मशरूम सिटी ऑफ इंडिया में शुमार सोलन शहरीकरण से कंक्रीट के शहर में तबदील हो गया पर आने वाले दशक में शहर की पेयजल, पार्किंग, सीवरेज और ट्रैफिक समस्या से निजात के लिए नगर निगम पिछले पांच वर्ष में मास्टर प्लान तो दूर विजन डॉक्यूमेंट तक बना पाया। सोलन को सरकार से नगर निगम का दर्जा मिले पांच से अधिक का समय बीत चुका है पर नगर निगम की कार्यप्रणाली से शहर के विकास का मास्टर प्लान अभी तक नहीं बन पाया। कारण है राजनितिक इच्छा शक्ति और तकनीकी कर्मचारियों व अधिकारियों की कमी।

नगर निगम बनने के बावजूद शहर के विकास का विज़न किसी भी राजनीतिक पार्टी के पास नहीं हैं। ऐसे में शहर के विकास मास्टर प्लान बने भी तो कैसे। निगम में तकनीकी कर्मचारियों व अधिकारियों की खासी कमी है। जिसके बगैर शहर के विकास का मास्टर प्लान तैयार किया जाना नामुमकिन है। हालांकि यह कार्य आउट सोर्स एजेंसी से भी हो सकता है।

निगम में नए ग्रामीण क्षेत्र शामिल किए गए हैं जहां पर अभी शहरी नियमों के मुताबिक विकास किया जाना है। यह तभी होगा जब यहां पर योजनाबद्ध तरीके से विकास होगा। इसी तरह शहर में कई में कई ज्वलंत समस्याएं है जिसका निदान होना बहुत जरूरी है। इसमें मुख्यता पुरानी हो चुकी पेयजल पाइप लाइनों को बदलना, वाहनों के पार्क की नई पार्किंग विकसित करना, सीवर लाइनों की कनेक्टीविटी, सड़कों को चौड़ा करना, फुटपाथ का निर्माण, वार्डों में पार्क, वाटर टैंक और नालों की निकासी जैसी लंबित समस्याओं के हल के लिए मास्टर प्लान बनना बेहद जरूरी है। शहर के विस्तारीकरण के बाद मास्टर प्लान तैयार करने में कनिष्ठ अभियंताओं से लेकर, अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित योजना अधिकारी, पटवारी और आईटी जैसे महत्वपूर्ण पद भरे जाने की जरूरत है। जो विकास कार्यों का मूल्यांकन, निरीक्षण, पेयजल व्यवस्था, भवन निर्माण, नक्शे इत्यादि जिम्मा संभाल सके। शहर के कुल 17 वार्डों में अलग अलग समस्याएं है। कहीं पार्किंग की समस्या विकराल है, तो कहीं नालों को ढकने की चुनौती। इसी तरह कुछ वार्डों में पानी के टैंकों को निर्माण होना है, तो कहीं स्पोर्ट्स कंप्लेक्स की मांग है। शहर की भीड़ वाली जगहों में ओवर ब्रिज पाथ, हैंगिंग पाथ बनाना समय की मांग बन चुका है। इसी तरह शहर में आने वाले पांच दशकों में पानी की मांग को देखते हुए नए पेयजल योजना को सिरे चढ़ाने की जरूरत है।

## लक्ष्य पब्लिक स्कूल में वैदिक मंत्रोच्चारण से यज्ञ का आयोजन



अनंत ज्ञान

**अर्की।** उपमंडल अर्की के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार हेतु विधिवत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण, यज्ञ तथा भक्तिमय वातावरण से सुगंधित हो उठा।

कार्यक्रम में विद्वान आचार्य द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन संपन्न करवाया गया। उन्होंने मां सरस्वती एवं गायत्री माता की आराधना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य तथा सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। साथ ही उपस्थित सभी जनों को सत्य, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।हवन यज्ञ में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त अध्यापक वर्ग, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा नर्सरी से वरिष्ठ कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने पूर्ण आस्था के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित की और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, संस्कार एवं भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

### नगर निगम बद्दी पर लापरवाही के आरोप, आंदोलन की चेतावनी

# ओमैक्स पार्कवुड रेजिडेंट सोसायटी के बाहर खुली छोड़ी नाली बनी खतरा

अनंत ज्ञान

**ओम शर्मा, बीबीएन।** ओमैक्स पार्कवुड रेजिडेंट सोसायटी के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर पिछले करीब एक महीने से खुली पड़ी नाली सबसे पॉश रेजिडेंशियल सोसायटी के लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। नगर निगम बद्दी द्वारा इस नाली को खुला छोड़ रखा है, जिसके चलते नगर निगम की इस लापरवाही का खामियाजा सोसायटी के लोगों व खासकर स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। नाली खुली होने के चलते ओमैक्स सोसायटी को अपना एक आउट गेट बंद रखना पड़ रहा है, जिससे वाहनों की आवाजाही केवल एक ही रास्ते से हो रही है। ओमैक्स के लोगों का कहना है कि इस खुली नाली के कारण स्कूल बसें भी सोसायटी के सामने रुकने से कतराने लगी हैं और सड़क के बीचों-बीच ही खड़ी हो रही हैं। इससे बच्चों और उनके अभिभावकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और हर समय किसी हादसे का डर बना रहता है।

- **सोसायटी के आउट गेट बंद, स्कूल बसों की आवाजाही प्रभावित**


नगर निगम द्वारा खुली रखी गई नाली, जो बनी परेशानी का सबब। अनंत ज्ञान

सोसायटी के प्रधान लक्की सिंह धुन्ना और महासचिव देवेंद्र चौधरी समेत अन्य निवासियों ने बताया कि यह समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन नगर निगम बद्दी की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## डॉ. आशा शर्मा को पीएचडी सुपरवाइजर की मान्यता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिंदी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. आशा शर्मा को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा पीएचडी सुपरवाइजर के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। वर्तमान में डॉ. आशा शर्मा तारिणी राजकीय स्नातकोत्तर संस्कृत महाविद्यालय सोलन में कार्यरत हैं।



संस्कृत महाविद्यालय सोलन के साहित्य विभाग के सहायक प्रोफेसर आचार्य सुरेश शर्मा भारद्वाज ने बताया कि डॉ. आशा शर्मा का शोध के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है। पिछले वर्ष इन्हें साहित्य कला संगम सोलन संस्था द्वारा साहित्यश्री सम्मान से सम्मानित भी किया जा चुका है। डॉ. आशा शर्मा पिछले 20 वर्षों से आकाशवाणी शिमला व दूरदर्शन के विभिन्न कार्यक्रमों से जुड़ी हुई हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 'विष' से राहत दिलाने का अनोखा प्रयास

# 17 वर्षों से विष उतारने की नि:शुल्क सेवा कर रहे शाया सनौरा गांव के शमशेर राणा

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** राजगढ़ क्षेत्र के शाया सनौरा गांव निवासी शमशेर राणा पिछले 17 वर्षों से 'विष उतारने' से लोगों की नि:शुल्क सेवा करते हैं। पझौता घाटी सहित सिरमौर और शिमला जिलों के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग उनके पास पहुंचते हैं। विशेषकर मंगलवार, शनिवार और रविवार को यहां अधिक भीड़ देखी जाती है।

- **विष उतारने में महारत हासिल है शमशेर राणा को**



### कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं : चिकित्सा विशेषज्ञ

**चिकित्सा** विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की मान्यताओं का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। किसी भी शारीरिक या मानसिक समस्या के लिए प्रमाणित चिकित्सा पद्धति और योग्य चिकित्सक की सलाह लेना आवश्यक है, ताकि सही और सुरक्षित उपचार मिल सके।

स्थानीय मान्यताओं में 'विष' को काला जादू का रूप माना जाता है, जिसके प्रति कई लोग आज भी प्रभावित और चिंतित रहते हैं। शमशेर राणा के अनुसार यह प्रथा उत्तराखंड के जोनसार-बाबर क्षेत्र से जुड़ी है, जहां से उन्होंने यह विद्या सीखी। उनका कहना है कि 'विष' से प्रभावित व्यक्ति में घबराहट, भूख न लगना, अत्यधिक नींद आना और बुरे सपने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। उपचार के तौर पर वे जौ के दानों का उपयोग करने और विशेष विधि अपनाने की सलाह देते हैं। शमशेर राणा कहते हैं कि कई ऐसे लोग उनके पास ठीक हुए हैं, जिन्हें अस्पतालों में राहत नहीं मिली थी। इसके अलावा वास्तु दोष, पितृ दोष और अन्य पारंपरिक समस्याओं के समाधान भी करते हैं।

## कर्मियों के लंबित वित्तीय मामलों पर एकजुटता की अपील : सुरेंद्र पुंडीर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ के राज्य चेयरमैन एवं नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ के जिला सिरमौर अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने प्रदेश के सभी कर्मचारी संगठनों से वर्षों से लंबित वित्तीय मामलों पर एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के बाद कर्मचारियों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। अब बढ़ती महंगाई और वेतन विसंगतियों ने कर्मचारियों को चिंतित कर दिया है। पुंडीर के अनुसार एनपीएस और ओपीएस कर्मचारियों के बीच लगभग 27 से 29 प्रतिशत तक वेतन अंतर पैदा हो गया है। जहां एनपीएस कर्मचारियों को 14% योगदान व केंद्र के समान महंगाई भत्ता मिल रहा है, वहीं ओपीएस कर्मचारियों को कम भत्तों के कारण प्रतिमाह 5000 से 20000 रुपए तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में सभी कर्मचारी संगठनों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर संयुक्त रणनीति बनानी चाहिए।

### डिप्टी डायरेक्टर उच्च शिक्षा से मिला हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल

# विंटर क्लोजिंग स्कूलों के समय परिवर्तन पर विरोध

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला सोलन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान जय लाल जलपाइक की अध्यक्षता में शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा गोपाल सिंह चौहान से उनके कार्यालय में मिला और उन्हें विभिन्न मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रवक्ताओं को आ रही व्यावहारिक समस्याओं को गंभीरता से उठाया। शिक्षा उपनिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा, जिससे प्रवक्ताओं के हित प्रभावित हों।

साथ ही उन्होंने आगामी समय में प्रधानाचार्यों के साथ होने वाली वर्चुअल बैठकों में प्रवक्ताओं के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाकर समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सलाहकार चंद्रदेव ठाकुर सहित


डिप्टी डायरेक्टर उच्च शिक्षा से ज्ञापन सौंपते संघ के सदस्य। अनंत ज्ञान

सुशील कुमार, हेमंत शर्मा, विजय कुमार, राकेश जिन्टा, संदीप चंदेल, संदीप ठाकुर, सोहन लाल वर्मा, ज्ञान ठाकुर, कमलकांत शर्मा एवं दिनेश चौहान सहित अन्य प्रवक्ता उपस्थित रहे। संघ ने शीतकालीन समय सारिणी में प्रस्तावित बदलाव का विरोध करते हुए इसे अव्यावहारिक और तर्कहीन बताया। उनका कहना है कि सरकारी विद्यालयों के छात्रों के लिए परिवहन सुविधाएं, विशेषकर एचआरटीसी बसें, पर्याप्त नहीं हैं। इसलिए किसी भी निर्णय से पहले दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों की स्थिति का सर्वेक्षण और सभी हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श आवश्यक है।

संघ ने गैर-शैक्षणिक कार्यों में कमी, वेतन वृद्धि प्रक्रिया में सुधार, स्थानांतरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने, उपस्थिति प्रणाली को सरल करने और विद्यालयों में कार्य वातावरण सुधारने की भी मांग की।

# रूस ने यूक्रेन पर दागे 619 ड्रोन और 47 मिसाइलें, भारी तबाही

## हमलों में तीन लोग मारे गए, 20 से अधिक घायल, अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया

**एजेंसी, कीव**

**रूसी** सेना ने यूक्रेन के अहम इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाते हुए अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। इस भीषण हमले से यूक्रेन के कई शहरों में भारी तबाही और दहशत का खौफनाक माहौल पूरी तरह से बन गया है। यूक्रेन वायुसेना के मुताबिक, रूस ने 24 और 25 अप्रैल की रात को यह बहुत ही बड़ा हमला किया है। हमले में रूस ने 47 मिसाइलों और 619 ड्रोन का खतरनाक तरीके से एक साथ इस्तेमाल किया है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। निप्रॉपेत्रोव्स्क के क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्जेंडर गैंजा ने कहा कि रात भर हुए हमलों में नष्ट हुए एक घर के मलबे में तीन शव मिले। उन्होंने कहा कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूसी हमले के बाद निप्रो के अस्पतालों में 11 लोग भर्ती हैं। वहीं, रूस के बेलगोरोद सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। रात 6 बजे से शुरू हुए इस भयंकर हमले में कुल 666 हवाई हमले पूरी तरह से दर्ज किए गए हैं। जमीन समुद्र और हवा तीनों तरफ से किए गए इस मल्टी डायमेंशनल हमले ने सभी को चौंका दिया है। इस बड़े हमले में भारी संख्या में ईरान के शाहेद जैसे कामिकाजे ड्रोन का मुख्य रूप से इस्तेमाल किया गया है। ये खास तरह के ड्रोन अपने सीधे टारगेट पर जाकर बहुत ही जोरदार तरीके से टकराकर भयानक विस्फोट करते हैं। रूसी सेना की इस नई रणनीति से यूक्रेन के रक्षा तंत्र के सामने एक बहुत बड़ी और नई चुनौती खड़ी हो गई है। (अनंत ज्ञान)



# भागवत बोले- भारत विश्वगुरु जरूर बनेगा, कोई संदेह नहीं

**एजेंसी, नागपुर**

**राष्ट्रीय** स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे, लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। भागवत ने यह बात नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बनने वाले भारत दुर्गा शक्ति स्थल मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी मित्रानंदजी महाराज, साध्वी ऋतंभरा और धीरेंद्र शास्त्री सहित कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह न रखें और साहस व आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जीएं। उनके मुताबिक, अगर लोग अपने संकल्प के अनुसार कदम-दर-कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने का सपना निरंतर प्रयासों और सामूहिक अनुशासन के माध्यम से साकार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह का परिवर्तन वर्तमान पीढ़ी में देखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

◆ राम मंदिर बनने को लेकर भी लोग शक करते थे, वैसे ही यह लक्ष्य भी अब तय है

# यूपी के मऊ में सड़क हादसा पति-पत्नी समेत पांच की मौत



**एजेंसी, मऊ**

**यूपी** के मऊ में शनिवार तड़के भीषण सड़क हादसे में मां-बाप-भाई समेत 5 लोगों की मौत हो गई। परिवार रांची में बेटी की शादी कराके स्कॉर्पियो से गोरखपुर लौट रहा था। तड़के 3 बजे हाईवे पर अचानक स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई। डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई। सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे के बाद बुरी तरह पिचकी स्कॉर्पियो में परिवार फंस गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने जैसे-तैसे सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक सभी की मौत हो चुकी थी। हादसा दोहरीघाट थाने में हुआ। शुरुआती वजह ड्राइवर को झपकी मानी जा रही है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में विनय श्रीवास्तव (53), उनकी पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (48) और बेटे कृतार्थ (27) की मौत हो गई। परिवार गोरखपुर के रानीडीहा थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। वहीं, दोनों ड्राइवर नीतीश कुमार (20) और पुरुषोत्तम कुमार (28) बिहार के गया के रहने वाले थे। विनय श्रीवास्तव के परिवार में अब सिर्फ बेटी मिमांसा है, जिसकी 20 अप्रैल को शादी हुई थी। बाकी, पूरा परिवार हादसे में खत्म हो गया। (अनंत ज्ञान)

# यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बहुचर्चित 'गोल्ड कार्ड' वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डॉलर (9 करोड़ रुपए से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है। वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लांच होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रुपए के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं। ट्रंप ने फरवरी, 2025 में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि, उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डॉलर रखी थी। सितंबर में इसे घटाकर 1 मिलियन डॉलर कर दिया गया था। ट्रंप का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। गोल्ड कार्ड से अनलिमिटेड रेसिडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डॉलर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रंप ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लांच किए थे। इनमें 'ट्रंप गोल्ड कार्ड', 'ट्रंप प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा एफबी-1 और एफबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

# आरएसएस है 'राष्ट्रीय सरेंडर संघ' खुद राम माधव ने बेनकाब किया: राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता राम माधव के अमेरिका में दिए एक बयान को लेकर शनिवार को दावा किया कि यह संगठन असल में 'राष्ट्रीय सरेंडर संघ' है और उसके नेता ने ही उसे बेनकाब कर दिया है। अमेरिका के 'हडसन इंस्टिट्यूट' में एक कार्यक्रम में माधव ने पिछले दिनों कहा था कि भारत ईरान से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया, अपने विपक्ष की आलोचना के बावजूद हम रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गए, भारत ने बिना अधिक कुछ कहे 50 फीसद टैरिफ पर भी सहमति दे दी, तो फिर भारत अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए क्या पर्याप्त कोशिश नहीं कर रहा है। बाद में, माधव ने माफी मांग ली और कहा कि उनकी तरफ से गलत तथ्य रखा गया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राष्ट्रीय सरेंडर संघ। नागपुर में फर्जी राष्ट्रवाद, अमेरिका में शुद्ध गुलामी। उन्होंने कहा कि राम माधव ने ही संघ का असली चेहरा बेनकाब कर दिया है। (अनंत ज्ञान)



# पुंछ में नियंत्रण रेखा के निकट बारूदी सुरंग में विस्फोट, एक बच्चा घायल

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित एक अग्रिम क्षेत्र में बारूदी सुरंग के विस्फोट में एक छह वर्षीय बच्चा घायल हो गया। यह घटना नूरकोट-डेगवार इलाके में हुई, जो सीमा पर लगे बाड़ के आगे का हिस्सा है। अधिकारियों के अनुसार, घायल बच्चे की पहचान मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। विस्फोट के बाद, उसे पहले पुंछ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच शुरू कर दी है। यह घटना क्षेत्र में बारूदी सुरंगों के खतरे को फिर से उजागर करती है, जिनसे नागरिकों को हमेशा जोखिम बना रहता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां संघर्ष और सीमा तनाव का इतिहास रहा है। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर : हथियारों का जखीरा बरामद, 5.43 किलोग्राम हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में सुरक्षाबलों ने उग्रवाद-रोधी और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियानों को तेज कर दिया है, जिसके चलते चंदेल जिले में हथियारों और विस्फोटकों का एक बड़ी जखीरा बरामद हुआ है। चुराचांदपुर जिले में हेरोइन की बड़ी मात्रा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



मणिपुर पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने चंदेल जिले के मोलचाम पुलिस स्टेशन के अंतर्गत खुमकोट गांव के सामान्य इलाके में एक अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, सुरक्षाबलों ने चार सिंगल बोर राइफलें, चार देसी 'पोम्पी' हथियार, सात पोम्पी शेल, एक डेटोनेटर के साथ तीन ग्रेनेड और संबंधित चार्जर के साथ पांच बाओफेंग रेडियो सेट बरामद किए। बरामद की गई चीजों के बारे में आगे की जांच चल रही है। वहीं, बीते 23 अप्रैल को एक अलग अभियान में सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के सिंगंगाट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत बोलकोट से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान नेंगमुआनलाल और गिनलामथांग गुइटे के रूप में हुई है, जो दोनों सिंगंगाट के एम बुआंगमुन गांव के निवासी हैं और हांगखानलियान के रूप में हुई है, जो हरियाणा के गुड़गांव में चकरपुर का निवासी है। अभियान के दौरान, कर्मियों ने 474 साबुनदानी जब्त कीं जिनमें संदिग्ध हेरोइन भरी थी, जिसका वजन लगभग 5.43 किलोग्राम था; इसके साथ ही एक चार-पहिया वाहन भी जब्त किया गया, जिसके बारे में माना जाता है कि इसका उपयोग मादक पदार्थों के परिवहन के लिए किया गया था। जब्त किए गए नशीले पदार्थों की कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। (अनंत ज्ञान)

# कबड्डी स्टार पाला जलालपुरिया 'आप' में शामिल, सीएम मान ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** कबड्डी खिलाड़ी और मशहूर स्टॉपर पाला जलालपुरिया शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। खेल जगत की इस मशहूर हस्ती के आने से पार्टी को और मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पाला जलालपुरिया को औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल किया और उनका स्वागत किया। पाला जलालपुरिया कबड्डी की दुनिया में अपनी बेहतरीन तकनीक और 'ब्लोज फाइटर' के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजाब का नाम रोशन किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि जलालपुरिया जैसा अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ है। पाला ने हमेशा स्पोर्ट्स के फील्ड में पंजाब का नाम रोशन किया है और अब वह जन सेवा के क्षेत्र में हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। हमारी सरकार लगातार प्लेयर्स को सम्मान देने व युवाओं को स्पोर्ट्स से जोड़ने के लिए वचनबद्ध है। पाला के पार्टी में आने से राज्य के युवाओं और खिलाड़ियों में नया उत्साह पैदा होगा।

# भगवंत मान ने मांगा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के सात में से छह राज्यसभा सदस्यों के आम आदमी पार्टी (आआपा) छोड़ने के बाद प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान जहां पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सांसदों के विरुद्ध आक्रामक हो गए हैं वहीं इस पूरे मामले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय मांगा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में शनिवार को बताया कि वह राष्ट्रपति से पार्टी छोड़ने वाले सांसदों के 'वापस बुलाने' के मुद्दे पर अपना पक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह राज्यसभा सभापति से मिलेंगे, जहां वे पार्टी छोड़ने वाले सांसदों की सदस्यता रद्द करने की मांग करेंगे। संजय सिंह ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि मैं राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को सभी प्रासंगिक नियमों का हवाला देते हुए पत्र दूंगा, जिसमें इन सातों राज्यसभा सांसदों की सदस्यता समाप्त करने की मांग की जाएगी। वहीं, मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया एक्स पर पार्टी छोड़ने वाले सांसदों पर तंज कसा। मान ने लिखा कि अदरक, लहसुन, जीरा, मेथी पाउडर, लाल मिर्च, काली मिर्च और धनिया, ये सात चीजें मिलकर सब्जियां स्वादिष्ट बनाती हैं, लेकिन इनकी सब्जी नहीं बन सकती।

# चंडीगढ़ में कम्युनिटी सेंटर बन सकते हैं 'कम्युनिटी लिविंग रूम'

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** आर्किटेक्ट सृष्टि रायजादा एक ऐसे हेल्थी कार्यक्रम- SUR (टिकाऊ शहरी-ग्रामीण) का नेतृत्व कर रही हैं, जिसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मान्यता मिली है, और NITI आयोग, अटल इनोवेशन मिशन (भारत सरकार) के तहत सम्मानित किया गया है। सृष्टि रायजादा के अनुसार यह कार्यक्रम सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सामुदायिक जीवन को एक साथ मजबूत करने का एक व्यावहारिक, लागू करने योग्य मॉडल है। जो पोषण, निवारक स्वास्थ्य और सहभागी सामुदायिक प्रणालियों के माध्यम से शहरी आबादी को उनके क्षेत्रीय ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र से फिर से जोड़ता है। सृष्टि रायजादा ने बताया कि एक कम्युनिटी स्पेस को 'लिविंग रूम' में बदलकर एक ऐसा माहौल तैयार किया जा सकता है। यहाँ लोग आपसी संवाद, जुड़ाव और समझ को मजबूत कर सकें। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत शुरुआती तौर पर चंडीगढ़ के दो सामुदायिक केंद्रों में एक सरल 'चंडीगढ़ लिविंग रूम' मॉडल का पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया। एक सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 19 और हाल ही में ससामुदायिक केंद्र, सेक्टर 42 में आयोजित किया गया। जिनमें यह दिखाया गया कि मौजूदा जगहों को स्वस्थ और अधिक जुड़े हुए सामुदायिक जीवन के लिए सक्रिय केंद्रों में कैसे बदला जा सकता है। सृष्टि रायजादा ने कहा कि मौजूदा समय में भाग दौड़ भरी जिंदगी में जरूरत इस बात की है कि चंडीगढ़ के किसी सामुदायिक केंद्र में एक पायलट 'टिकाऊ सामुदायिक केंद्र' (Sustainable Community Hub) शुरू किया जाए, जो शहर और उसके बाहर के लिए एक बड़े पैमाने पर लागू होने वाले मॉडल के रूप में विकसित हो सके। सृष्टि रायजादा ने पारंपरिक, केमिकल-फ्री खानपान अपनाने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर भी जोर दिया।

# जेसीबी इंडिया ने पीएमजीएसवाई-III के विस्तार का किया स्वागत, गांवों की सड़कें होंगी और बेहतर

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** जेसीबी इंडिया ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-III) को मार्च 2028 तक बढ़ाने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। कंपनी ने कहा कि यह कदम देश में ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है। कंपनी के अनुसार, गांवों को सेवाओं और विकास केंद्रों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़कों को बेहतर बनाने से लोगों की रोजमर्रा की पहुंच आसान होगी, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और समुदायों को प्रगति व बेहतर जीवन जीने के अवसरों के करीब लाने में मदद मिलेगी।



इस पहल का मूल उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। बेहतर सड़कों का मतलब है अस्पतालों और विशेषज्ञ इलाज तक तेज पहुंच, कृषि उत्पादों का सुगम परिवहन और शिक्षा व रोजगार केंद्रों तक आसान पहुंच। इससे किसानों के लिए देरी और नुकसान कम होता है, जबकि परिवारों को समय पर इलाज और बिना रुकावट शिक्षा जैसी सुविधाएं मिलती हैं। जेसीबी का मानना है कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे में इस तरह का केंद्रित निवेश लंबे समय तक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव डालेगा। इससे गांव सशक्त होंगे, सप्लाई चेन मजबूत होगी और देश में संतुलित व समावेशी विकास की मजबूत नींव तैयार होगी। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जेसीबी इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक शेट्टी ने कहा, 'ग्रामीण सड़कें लोगों के रोजमर्रा के जीवन को सीधे प्रभावित करती हैं। ये तय करती हैं कि आपात स्थिति में मदद कितनी जल्दी पहुंचेगी और आजीविका के अवसर कैसे विकसित होंगे। पीएमजीएसवाय जैसे कार्यक्रम ग्रामीण भारत में वास्तविक बदलाव लाते हैं। बेहतर सड़क ढांचा ग्रामीण क्षेत्रों को शहरी सुविधाओं, सेवाओं और अवसरों से बेहतर तरीके से जोड़ने में मदद करता है। इससे जमीनी स्तर पर होने वाली समस्याएं, जैसे खराब होने वाले उत्पादों का नुकसान, कम होता है और वंचित क्षेत्रों में स्थिर आर्थिक अवसर बनते हैं। 'विकसित भारत' के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, जेसीबी पीएमजीएसवाई-III के विस्तार का स्वागत करता है और सरकार के साथ मिलकर गांवों तक बेहतर कनेक्टिविटी मजबूत करने का समर्थन करता है, ताकि सभी को साथ लेकर टिकाऊ और समावेशी विकास हो सके।

# एमएसएमई एवं औद्योगिक क्षेत्र विषयों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लघु उद्योग भारती की अखिल भारतीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक जयपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन दादू जी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने एमएसएमई एवं औद्योगिक क्षेत्र विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के दौरान विशेष रूप से स्वक्ष पोर्टल पर फोकस किया गया, जिसे व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया। लघु उद्योग भारती ने इस पोर्टल को व्यवसायियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया, क्योंकि यह उनके दैनिक व्यापारिक कार्यों को सरल बनाने के साथ-साथ विभिन्न सेवाओं और सुविधाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है। चंडीगढ़ से लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अवी भसीन एवं महासचिव मनीष निगम ने बैठक में सक्रिय सहभागिता की और अपने विचार रखे।

शुभारंभ मोहाली के लोगों को राहत, अब नजदीक मिलेंगी विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं

# पारस हेल्थ ने मोहाली में खोला मेडसेंटर

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, मोहाली।** पारस हेल्थ ने आउटपेशेंट केयर को और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मोहाली में अपना पहला पारस मेडसेंटर शुरू किया है। इस सेंटर का उद्घाटन पारस हेल्थ के ग्रुप सीओओ विनीत अग्रवाल, पारस हेल्थ पंचकूला के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल और अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में किया गया। मेडसेंटर में डॉक्टर परामर्श, जांच सुविधाएं और फॉलो-अप इलाज की सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही, पारस हेल्थ पंचकूला के विशेषज्ञ डॉक्टर भी यहां समय-समय पर सेवाएं देंगे। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधिकारी, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स, कॉर्पोरेट और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिनिधि, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य और स्थानीय मेडिकल समुदाय के लोग शामिल हुए। पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यह सेंटर अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श उपलब्ध कराएगा, जिससे स्थानीय लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं अपने नजदीक मिल सकेंगी। मोहाली और पंचकूला के आसपास रहने वाले लोगों के लिए यह सेंटर खास राहत लेकर आएगा, क्योंकि अब उन्हें सामान्य जांच और परामर्श के लिए दूर अस्पताल जाने की जरूरत कम होगी। इससे समय पर और किफायती इलाज मिलना आसान होगा, खासकर उन मरीजों के लिए, जिन्हें नियमित चेक-अप या लगातार इलाज की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर विनीत अग्रवाल ने कहा कि मोहाली में पहला पारस मेडसेंटर शुरू करना पारस हेल्थ की मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनका कहना था कि कंपनी का लक्ष्य विशेषज्ञ सेवाओं को लोगों के घर के करीब पहुंचाना है, ताकि इलाज अधिक आसान और सुविधाजनक हो सके। डॉ. पंकज मित्तल ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे शहरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों तक समय पर पहुंच एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में यह मेडसेंटर लोगों को अपने नजदीक ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा, जिससे मरीज समय पर इलाज ले सकेंगे और अपनी सेहत का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, कई स्वास्थ्य समस्याएं जैसे शुरुआती जांच, नियमित निगरानी और डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर व हृदय रोग जैसी बीमारियों का प्रबंधन आउटपेशेंट स्तर पर ही प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। बदलती जीवनशैली के कारण ऐसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, इसलिए समय पर जांच और इलाज बेहद जरूरी हो गया है। मोहाली में शुरू हुआ यह पारस मेडसेंटर आने वाले समय में ऐसे और केंद्र खोलने की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है। पारस हेल्थ का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को लोगों के घर के पास उपलब्ध कराना और इलाज को आसान बनाना है।

# आम आदमी पार्टी अपने ही नेताओं को कर रही नजरअंदाज: बलबीर सिंह सिद्धू

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** सीनियर कांग्रेस नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने फेज-10 स्थित अपने नए कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी अंदरूनी तौर पर पूरी तरह बिखर चुकी है और अपने ही नेताओं व कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर रही है। सिद्धू ने कहा कि जो पार्टी कभी ईमानदारी के नारे लगाती थी, आज वही अपने मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि नेता लगातार पार्टी छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं, जो अंदरूनी संकट की गंभीरता को दर्शाता है। सिद्धू ने आरोप लगाया कि 'झाड़ू पार्टी' ने टिकट बेचकर पंजाब की राजनीति को दूषित किया है। उन्होंने कहा कि



फैसले पैसे के आधार पर लिए गए और जिन्होंने वर्षों तक पार्टी के लिए काम किया, उन्हें किनारे कर दिया गया। यही कारण है कि आज पार्टी के भीतर असंतोष चरम पर है। बिजली के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए सिद्धू ने कहा कि सत्ता में आने से पहले 'मुफ्त बिजली' के बड़े-बड़े वादे करने वाली यह पार्टी आज लोगों को वास्तविक राहत देने में पूरी तरह नाकाम रही है। इसके उलट, जनता को बार-बार बिजली कटौती और महंगे बिलों का सामना करना पड़ रहा है, जो वादाखिलाफी का साफ संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि बिजली क्षेत्र में भी सरकार पूरी तरह विफल रही है। बड़े-बड़े दावों के बावजूद लगातार कटौती और भारी बिलों ने आम लोगों पर बोझ बढ़ा दिया है, जो जनविरोधी नीतियों का स्पष्ट प्रमाण है। सिद्धू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी है। उनके मुताबिक, यह सरकार सिर्फ प्रचार और झूठे वादों पर आधारित है और जमीनी स्तर पर पूरी तरह फेल साबित हुई है। अंत में उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता अब जागरूक हो चुकी है और आने वाले समय में इस नाकाम सरकार को करारा जवाब देगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एमसीए ने सूर्यकुमार और अय्यर समेत पांच स्टार खिलाड़ियों को किया रिटेन

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टी-20 मुंबई लीग 2026 से पहले रिटेन खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है, जिसमें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और शिवम दुबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। लीग के चौथे सीजन से पहले सभी आठ टीमों ने तीन-तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इस बार आइकन खिलाड़ियों की सूची में सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे के अलावा यशस्वी जायसवाल, तुषार देशपांडे, अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान और शार्दुल ठाकुर को शामिल किया गया है। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान आयुष म्हात्रे को भी रिटेन किया गया है। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'यह सभी फ्रेंचाइजियों की मजबूत मंशा को दर्शाता है। भारतीय क्रिकेट के बड़े नामों का रिटेन होना इस लीग की विश्वसनीयता और स्तर को दिखाता है। साथ ही युवा खिलाड़ियों को इन अनुभवी सितारों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा, जो उनके विकास के लिए बेहद अहम है। (अनंत ज्ञान)

### राइडर कप 2027: जिम फ्यूरिक बने अमेरिका टीम के कप्तान

**एजेंसी, न्यूयॉर्क/लिमरिक।** अमेरिका के अनुभवी गोल्फर जिम फ्यूरिक को 2027 राइडर कप के लिए यूएस टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह टूर्नामेंट आयरलैंड के लिमरिक स्थित अडारे मैनर में खेला जाएगा।



यह फैसला उस समय आया जब दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने इस भूमिका को स्वीकार करने से इंकार कर दिया। 55 वर्षीय फ्यूरिक, जो पीजीए टूर पर 17 खिताब जीत चुके हैं, इससे पहले 2018 में पेरिस में भी राइडर कप में अमेरिका के कप्तान रह चुके हैं, जहां टीम को हार का सामना करना पड़ा था। वह कीगन ब्रैडली की जगह इस पद पर आए हैं। फ्यूरिक अब जैक निकलॉस, टॉम वॉटसन और डेविस लव तृतीय के बाद ऐसे चौथे अमेरिकी कप्तान बन गए हैं जिन्हें दूसरी बार यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। फ्यूरिक ने पीजीए ऑफ अमेरिका की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'दूसरी बार यूएस राइडर कप टीम का कप्तान बनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मैं पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं कि खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सही माहौल और रणनीति प्रदान करूं, ताकि हम यूरोपीय जमीन पर कप वापस जीत सकें। (अनंत ज्ञान)

### सिंगापुर ओपन गोल्फ: तीसरे दौर के बाद भुल्लर शीर्ष पांच में बरकरार

**एजेंसी, सिंगापुर।** भारत के गगनजीत भुल्लर ने तीसरे दौर में मुश्किल परिस्थितियों में एक ओवर 72 का स्कोर बनाया, लेकिन इसके बावजूद वह शनिवार को यहां सिंगापुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में बने रहे। इस 20 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी प्रतियोगिता में दक्षिण कोरिया के जियोंगवू हाम शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने तीसरे दिन 68 का स्कोर बनाने के बाद तीनों दिन बढ़त बनाए रखी है। भुल्लर का कुल स्कोर अब छह अंडर 207 है और वह थाईलैंड के जैज़ जनेवट्टानानोंड (68-66-73) और पाकिस्तान के अहमद बेग (69-71-67) के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ी पुखराज सिंह गिल (71-70-72) के स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। कट में जगह बनाने वाले भारत के तीसरे खिलाड़ी करनदीप कोचर ने तीसरे दौर में छह ओवर 77 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 67वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### डोरिन रोमेल शामो 'वॉलीबॉल क्वीन'

**इन** दिनों इराक की एक 19 साल की लड़की के वॉलीबॉल वीडियो हर प्लेटफॉर्म पर छाए हुए हैं। लोग उन्हें इराक की 'पावर क्वीन' कह रहे हैं। डोरिन रोमेल शामो एक डेंटिस्ट्री स्टूडेंट भी हैं और अपनी कठिन पढ़ाई के साथ-साथ प्रोफेशनल वॉलीबॉल को भी पूरा समय देती हैं।




# आईपीएल में विराट कोहली के सिर फिर सजी ऑरेंज कैप



**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की गुजरात टाइटंस पर पांच विकेट की जीत के बाद ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के दम पर विराट कोहली एक बार फिर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने ओपनिंग करते हुए 44 गेंदों में 81 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 14वें ओवर तक बल्लेबाजी करते हुए टीम की जीत की मजबूत नींव रखी और 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी बने।

इस पारी के साथ कोहली अब 7 पारियों में 328 रन बनाकर ऑरेंज कैप की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा (323 रन) को पीछे छोड़ा। तीसरे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन (320 रन) हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल 297 रन के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। गिल ने इस मैच में 24 गेंदों पर 32 रन बनाए, जिससे वह चेन्नई सुपर किंग्स के संजू सैमसन को पीछे छोड़ते हुए ऊपर आ गए। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी इस मुकाबले के बाद सूची में आगे बढ़े हैं। हालांकि उन्होंने इस मैच में सिर्फ 8 रन बनाए, लेकिन कुल 238 रन के साथ वह ईशान किशन के बराबर पहुंच गए हैं। स्ट्राइक रेट के आधार पर पाटीदार आठवें और किशन नौवें स्थान पर हैं। वहीं गुजरात के बी साई सुदर्शन ने 58 गेंदों में शतक जड़कर सीजन का पांचवां शतक बनाया और शीर्ष-10 में जगह बना ली। (अनंत ज्ञान)

# आईपीएल में पंजाब किंग्स ने सबसे बड़े टारगेट को किया चेज

## 265 रन बनाकर दिल्ली को 5 विकेट से हराया, कप्तान ने बनाए 71 रन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पंजाब किंग्स ने आईपीएल-2026 में लगातार सातवीं जीत दर्ज की। टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। दिल्ली ने अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 2 विकेट पर 264 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने 265 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यह आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पंजाब 7 मैचों में 7 जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है।

वहीं, दिल्ली की 7 मैचों में यह चौथी हार थी। पंजाब के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर और ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए। प्रभसिमरन सिंह ने 26 बॉल पर 76 रन। जबकि श्रेयस ने 36 बॉल पर नाबाद 71 रन बनाए। इन दोनों के अलावा प्रियांश आर्या ने 43 रन की पारी खेली। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी हुई। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल और विप्रज निगम को 1-1 विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

### राहुल आईपीएल में 150+ रन बनाने वाले पहले भारतीय

**दिल्ली** के केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाया। उन्होंने 152 रन बनाए। यह आईपीएल में किसी भारतीय का सबसे बड़ा स्कोर है। पिछला रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा के नाम था। उन्होंने पिछले सीजन पंजाब के खिलाफ 141 रन की पारी खेली थी। दिल्ली की ओर से नीतीश राणा ने 91 रन बनाए। राहुल और राणा के बीच दूसरे विकेट के लिए 220 रन की साझेदारी हुई।

### साउथ अफ्रीकी बॉलर एनगिडी को सिर पर लगी गंभीर चोट

**मुकाबले** के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कैच लेने की कोशिश में पीछे की ओर गिर पड़े और उनका सिर जोर से जमीन से टकराया। चोट इतनी गंभीर थी कि खेल करीब 15 मिनट तक रुका रहा। चोट के बाद मैदान पर एंबुलेंस बुलाई गई। इसके बाद एनगिडी को स्ट्रेचर पर ले जाकर एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया और तुरंत अस्पताल रवाना किया गया। आईपीएल मैनेजमेंट ने ट्वीट कर जानकारी दी कि एनगिडी की हालत खतरे से बाहर है और उन्हें जल्द डिस्चार्ज किया जाएगा। यह घटना पंजाब की पारी के तीसरे ओवर में हुई। अक्षर पटेल की फुल लेंथ गेंद पर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने हवा में शॉट खेला। गेंद मिड-ऑफ के ऊपर गई, जहां से एनगिडी तेजी से पीछे भागे।

# ला लीगा : बेटिस ने रियल मैड्रिड को ड्रॉ पर रोका, बार्सिलोना खिताब के करीब

**एजेंसी, सेविल**



ला लीगा 2025-26 में रियल मैड्रिड को रियल बेटिस के खिलाफ शुक्रवार रात 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा, जिससे उसकी खिताबी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। मुकाबले के अंतिम क्षणों में हेक्टर बेल्लेरिन के गोल ने रियल मैड्रिड से जीत छीन ली।

मैच के 17वें मिनट में रियल मैड्रिड ने बढ़त बनाई। फेडेरिको वाल्वरडे के दूर से लगाए गए शॉट को बेटिस के गोलकीपर अल्वारो वायेस ठीक से नहीं रोक पाए और गेंद विनीसियस जूनियर के पास पहुंची, जिन्होंने शानदार फिनिश करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद जूड बेलिंगहैम के पास बढ़त दोगुनी करने का मौका था, लेकिन वह चूक गए। पहले हाफ के अंत तक बेटिस ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रियल के गोलकीपर आंद्रे लुनिन ने कई बेहतरीन बचाव कर टीम को बढ़त दिलाए रखी। दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन कई मौके गंवा दिए। लुनिन ने 65वें मिनट में कुचो हर्नांडेज के खिलाफ शानदार एक हाथ से बचाव किया और फिर नातान के शॉट को भी रोका। विनीसियस जूनियर भी एक आसान मौका गंवा बैठे, जिससे रियल बढ़त को सुरक्षित नहीं कर सका। इसका खामियाजा टीम को 93वें मिनट में भुगतना पड़ा। फेरलैंड मेंडी से गेंद छिनने के बाद एंटनी ने हमला बनाया और गेंद बेल्लेरिन के पास पहुंची, जिन्होंने भीड़ के बीच से लो शॉट लगाकर गोल कर दिया। इस ड्रॉ के बाद बार्सिलोना 82 अंकों के साथ शीर्ष पर है और रियल मैड्रिड से आठ अंक आगे है। बार्सिलोना के पास एक मैच अतिरिक्त है और वह गेटाफे के खिलाफ जीत दर्ज कर अपनी बढ़त को 11 अंक तक बढ़ा सकता है। (अनंत ज्ञान)


### दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े मिचेल स्टार्क

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को बड़ी राहत मिली है। ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क चोट से उबरकर टीम कैंप से जुड़ गए हैं। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया के जरिए इस खबर की पुष्टि की, जिससे टीम और फैंस दोनों में उत्साह देखने को मिला।

मिचेल स्टार्क कंधे और कोहनी की चोट के चलते काफी समय से क्रिकेट से दूर थे। दरअसल, एशेज सीरीज में भारी वर्कलोड के बाद उन्हें यह समस्या हुई। उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में 150 से ज्यादा ओवर फेंके और 31 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी बने। इसके बाद बिग बैश लीग में खेलते हुए उन्हें चोट और गंभीर हो गई, जब कैच पकड़ने के दौरान वे गिर पड़े। उम्मीद जताई जा रही है कि स्टार्क एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो यह दिल्ली कैपिटल्स के लिए बड़ा प्लस साबित होगा, क्योंकि उनकी गेंदबाजी अब तक उतनी प्रभावी नहीं रही है। (अनंत ज्ञान)

### ग्रासहॉपर कप : रोमांचक मुकाबले में करीम गवाद से हारे अभय सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के अभय सिंह ज्यूरिख में चल रही पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता ग्रासहॉपर कप स्क्वाश के पुरुष क्वार्टर फाइनल में मिस्र के पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी करीम गवाद से हार गए। विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले गेम में 0-6 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए उसे टाई-ब्रेक तक पहुंचाया। उन्होंने दूसरे गेम में भी विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी को कड़ी चुनौती दी, लेकिन मिस्र के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने आखिर में 12-10, 11-9 से मुकाबला जीत लिया। अभय ने

**◆पहली बार पहुंचे थे क्वार्टर फाइनल में**

इससे पहले टूर्नामेंट में मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबू एलेनेन पर जीत दर्ज कर पहली बार किसी पीएसए गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। (अनंत ज्ञान)

### ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्स का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी के दिग्गज और 1968 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता गुरबख्स सिंह ग्रेवाल का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने जिरकपुर में अंतिम सांस ली। हॉकी इंडिया ने उनके निधन की पुष्टि की। हॉकी इंडिया के मुताबिक गुरबख्स सिंह ग्रेवाल 1968 मेक्सिको सिटी ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा थे, जिसने देश के लिए कांस्य पदक जीता था। वह भारतीय हॉकी इतिहास के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल रहे, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।



उनकी एक खास उपलब्धि यह भी रही कि उन्होंने उसी ओलंपिक में अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया। खेल जीवन के बाद भी गुरबख्स सिंह ग्रेवाल ने हॉकी से अपना जुड़ाव बनाए रखा। उन्होंने वेस्टर्न रेलवे में वरिष्ठ खेल अधिकारी के रूप में कार्य किया और इस दौरान कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान कर रेलवे हॉकी टीम में शामिल कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेवानिवृत्त होने के बाद मुंबई में रहते हुए उन्होंने खेल प्रशासन में भी सक्रिय योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

# चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे अल्काराज

## वर्ल्ड के नंबर-2 खिलाड़ी रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी नहीं लेंगे भाग

**एजेंसी, मैड्रिड**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी।

स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था। उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब सोमवार को मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। अल्काराज ने कहा कि चिकित्सा परीक्षणों के बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया।

उन्होंने कहा, 'आज किए गए परीक्षणों के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम सतर्क रहना तथा रोम (इटालियन ओपन) और रोलां गैरां (फ्रेंच ओपन) में भाग नहीं लेना है। यह मेरे लिए मुश्किल समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगा।' अल्काराज ने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी। इसके साथ ही वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए थे। उसके बाद से उन्होंने केवल एक ही खिताब जीता है। उन्होंने फरवरी में दोहा में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में उन्हें मोंटे कार्लो के फाइनल में यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से सिनर फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन गए थे। सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज़ जल्द ही वापसी करेंगे। उन्होंने मैड्रिड ओपन में पहले दौर की जीत के बाद कहा, ''टेनिस को कार्लोस की जरूरत है। उनके होने से टेनिस का खेल और भी बेहतर हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगे। मुझे लगता है कि उनका अगला लक्ष्य विंबलडन (जून में) है, और मैं यही उम्मीद करता हूं। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि वह विंबलडन में वापसी करेंगे।' इटालियन ओपन पांच मई से और फ्रेंच ओपन 18 मई से शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

### श्रीसंत ने हरभजन सिंह को इंस्टाग्राम पर किया ब्लॉक



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के दो पूर्व खिलाड़ियों, एस श्रीसंत और हरभजन सिंह के बीच 2008 का 'थप्पड़ कांड' फिर चर्चा में है। 16 साल पुराने इस विवाद ने दोनों के रिश्ते खत्म कर दिए हैं। श्रीसंत ने खुलासा किया कि उन्होंने हरभजन सिंह को सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया है और अब कोई संबंध नहीं रखना चाहते। केरल के मीडिया हाउस 'मातृभूमि' को दिए इंटरव्यू में श्रीसंत ने कहा, 'मैंने आज तक किसी इंटरव्यू में भज्जी (हरभजन) के बारे में बात नहीं की, यह पहली बार है। कुछ समय पहले तक सब ठीक था, लेकिन उन्होंने उस विवाद पर फिर से एक विज्ञापन बनाया। उन्होंने इसके लिए करीब 80 लाख से 1 करोड़ रुपए लिए। इसके बाद उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि मैं अपने सोशल मीडिया पर इस विज्ञापन को लेकर स्टोरी पोस्ट करूं।' (अनंत ज्ञान)

# आज रहाणे और पंत की कप्तानी की परीक्षा

## लखनऊ में केकेआर और एलएसजी के बीच होगी कड़ी टक्कर

**एजेंसी, लखनऊ**

कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होंगी।

आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली। रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है। रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), एडेन मार्करम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, सार्थक रंजन, सौरभ दुबे।

**आईपीएल** | चेन्नई में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी ऋतुराज गायकवाड़ की टीम

# सीएसके संग मैच में गुजरात पर होगा वापसी का दबाव

**एजेंसी, चेन्नई**

पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।




दोपहर बाद 3.30 बजे शुरू होगा मुकाबला

सीएसके ने इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं की थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

सीएसके की टीम अभी अच्छी स्थिति में नजर आ रही है। मुंबई के खिलाफ उसे सैमसन की शानदार पारी और अकील हुसैन की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतर प्रदर्शन के कारण बड़ी जीत मिली। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने यह जीत अपने स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी (पिंडली की चोट) और युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (हैमस्ट्रिंग की चोट) के बिना हासिल की।

सीएसके के लिए हालांकि कुछ क्षेत्र चिंता का विषय बने हुए हैं। उसके शीर्ष क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मध्य क्रम आक्रामक बल्लेबाजी करने और साझेदारी निभाने में नाकाम रहा है। गायकवाड़ खुद भी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं जबकि सरफराज खान, शिवम दुबे और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**गुजरात टाइटंस:** साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्केस, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।